बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 29 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-248, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल 13

बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी 14

## एक नजर

### आतंकियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड की मौत

**जम्मू।** उधमपुर जिले के एक दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के एक सदस्य की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ करके यहां आये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के पनारा गांव में पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल की संदिग्ध आतंकवादियों से सुबह करीब पौने आठ बजे मुठभेड़ हुई।

### गंगा में डूबे पर्यटक युवक-युवती लापता

**देहरादून।** नोएडा से ऋषिकेश घूमने पहुंचा आठ दोस्तों का दल गंगा में नहाते समय हादसे का शिकार हो गया। तीन लोग तेज बहाव में फंस गए। एक को तो किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन एक युवक और युवती तेज बहाव में बह गए। घटना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला क्षेत्र की है। एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार दोनों की तलाश करती रहीं, लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला। लक्ष्मण झूला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि नोएडा से आठ लोगों का ग्रुप ऋषिकेश घूमने आया था। ये सभी लोग लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाने गए थे। तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवती नेहा (29 वर्ष) पुत्री शिवदत्त निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश और साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौड़ सिटी नोएडा उत्तर प्रदेश डूब गए।

### कोर्ट परिसर में प्रतिमाएं लगाने का अनुरोध किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत के परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति और प्रथम प्रधान न्यायाधीश की प्रतिमाएं लगाने के संगठन के अनुरोध पर विचार करने का आग्रह किया है। एससीबीए के सचिव रोहित पांडे ने कहा कि 26 अप्रैल को लिखा गया पत्र वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के संज्ञान में प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और प्रथम न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच जे कानिया की प्रतिमाएं स्थापित करने के प्रस्ताव को लाने के लिए है। पत्र में कहा गया ये प्रतिमाएं दोनों प्रतिष्ठित हस्तियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में काम करेंगी और इन्हें गेट सी तथा डी के पास स्थापित करने का प्रस्ताव है।

# जब तक लोगों को जरूरत आरक्षण जारी रहना चाहिए : मोहन भागवत

हैदराबाद, एजेंसी



- विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख ने किया आरक्षण का समर्थन

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।

संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है।

उन्होंने कहा संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से जो नहीं हुआ, उसे भी दिखाया जा सकता है।

आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बीच भागवत ने आरक्षण के समर्थन में टिप्पणी की है। वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी।

**तीरंदाजी विश्व कप में 14 साल बाद ऐतिहासिक जीत की हासिल**

# भारतीय पुरुष टीम ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

शंघाई, एजेंसी

- महिला रिकर्व के फाइनल में दीपिका कुमारी को रजत पदक

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की।

यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया।





तीरंदाजी में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले धीरज, तरुणदीप और प्रवीण।

सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया।

# ट्रक की टक्कर से बस के परखच्चे उड़े आठ यात्रियों की मौत, 22 घायल

## उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हुआ हादसा, सीएम ने हादसे पर जताया दुख

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- उन्नाव से बांगरमऊ जा रही थी बस मृतकों में दो की शिनाख्त नहीं
- 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया

**अमृत विचार :** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रविवार दोपहर बाद तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस में आमने-सामने टक्कर होने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 22 यात्री घायल हो गए।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस के एक हिस्से के परखच्चे उड़ गए। 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल व 13 को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद एसपी, एसडीएम, सीओ व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डीएम गौरांग राठी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। हादसे का सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लेते हुए घायलों के इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को दिए हैं।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्नाव से आ रही निजी बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। राहगीरों और आस-पास के ग्रामीणों ने राहत और बचाव शुरू करके पुलिस को सूचना दी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह, एसडीएम नवीन चंद्र व सीओ भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस व निजी साधनों से सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने आठ यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में दो की शिनाख्त नहीं हो सकी।

घायल मेहताब, हसनैन, तरन्नुम, पुत्तन सहित नौ गंभीर को कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। घायल मोनू, अजय, अन्नू, रामकृष्ण शुक्ला, अनीश, नरेंद्र पाल, गीता, वंदना, सोनू, परवीन, सुकेश, दीपक, अजय गुप्ता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा करने वाले ट्रक और चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। एसपी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।





हादसे में क्षतिग्रस्त बस और मौके पर खड़े लोग। • अमृत विचार

### मृतकों के नाम-पता

आशाराम (57) निवासी गांव सिखरावा थाना टड़ियावां हरदोई, इर्तजा खान (70) निवासी सैय्यदवाड़ा सफीपुर, सुशीला (45) निवासी मंगल बाजार सफीपुर, रुकैया बेगम (30) निवासी मछरिया नौबस्ता कानपुर, हरिनारायण (48) निवासी आदर्श नगर सदर कोतवाली उन्नाव, लालजी (47) निवासी दारापुर फतेहपुर चौरासी समेत

# कल्याण सिंह के निधन पर चुप्पी, माफिया की मौत पर सपा नेता पहुंचे आंसू बहाने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को आंवला में राम मंदिर के मुद्दे पर सपा-बसपा और कांग्रेस को घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए तीनों दल दावा करते थे कि राम हुए ही नहीं। सपा चेतावनी देती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। श्रीराम जन्मभूमि के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सपा नेताओं के मुंह से संवेदना का एक शब्द नहीं निकला लेकिन माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए फातिहा पढ़ने पहुंच गए। ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत यहां के तीर्थ स्थलों और संतो को नमन के साथ की। कहा, सत्ता के लिए विरोधी दल ऐसे तड़प रहे हैं जैसे पानी के बिना मछली तड़पती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती देश में आजादी के फौरन बाद अयोध्या में रामजन्म भूमि की भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता था लेकिन हमारे आराध्य को खुद की भूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े।



- आंवला में जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा- घोषणापत्र से मंशा उजागर, फिर दंगे की आग में झोंकना चाहते हैं देश और प्रदेश को

### व्यापारी-बेटी को तबाह करने वाले मांग रहे जान की भीख

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और दंगाइयों को गले का हार बनाकर ये लोग घूमते थे लेकिन जो माफिया कल तक सत्ता की सरपरस्ती में व्यापारी, बेटी और आम जनता को तबाह करता था वह आज भाजपा की सरकार में गले में तख्ती लटकाकर घूम रहा है। जान की भीख मांगते हुए कह रहा बस एक बार जान बख्श दो।

अंततः अयोध्या में राम मंदिर बना लेकिन क्या सपा, बसपा और कांग्रेस वाले मंदिर बना पाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा वाले जाति का सहारा लेते हैं, मगर टिकट परिवार के लोगों को दिए है।

# बसपा नेता आकाश आनंद पर भड़काऊ भाषण देने पर रिपोर्ट

संवाददाता, सीतापुर



- जनसभा के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का लगा आरोप

**अमृत विचार :** चुनावी जनसभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद समेत 5 नामजद बसपा प्रत्याशियों व 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रविवार की दोपहर सीतापुर के राजा रघुवर दयाल मैदान में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद पहुंचे थे। जनसभा में आकाश आनंद पर सरकार और विपक्षी पार्टियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगा है। पुलिस ने जनसभा के दौरान वीडियो को स्वतः संज्ञान लेते हुए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लोकसभा सीतापुर प्रत्याशी महेंद्र यादव, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी व लखीमपुर प्रत्याशी अनसय कालरा सहित मंच पर मौजूद 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# राम मंदिर के विरोधियों का होगा सफाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा





- अमित शाह ने कहा, ये चुनाव रामभक्तों व रामभक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच
- सपा शासन में गुंडागर्दी को इटावा के लोग आज भी भूले नहीं हैं

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और अखिलेश यादव एंड कंपनी की असलियत जनता जान चुकी है।

अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने वालों और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण मिलने के बाद भी वोट बैंक के डर से बहिष्कार करने वालों का उत्तर प्रदेश से सूपड़ा साफ होगा। भाजपा यहां की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने जा रही है। अमित शाह इटावा के नुमाइश पंडाल में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा कि दो चरण में अभी तक हुए 190 सीटों के चुनाव में भाजपा ने अपना शतक पूरा कर लिया है। ये चुनाव भ्रष्टाचारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई करने वालों के बीच हो रहा है। इंडी गठबंधन के सभी नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं। ये चुनाव राम भक्तों व राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच हो रहा है। लोगों से पूछा कि आप खुद तय करिए कि आप किसके साथ हैं। अखिलेश यादव, डिंपल भाभी, राहुल गांधी और उनकी माताजी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था लेकिन वे वोट बैंक के डर से नहीं गये। सपा शासन में गुंडागर्दी को इटावा के लोग आज भी भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनेगी तो मुफ्त अनाज मिलता रहेगा, लखपति दीदी बनेंगी।

# मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को किया गिरफ्तार

**महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला**

**मुंबई।** मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध में अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायलय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हें शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया। एसआईटी ने हाल में खान से इस मामले में पूछताछ की थी।

# डाक्टर-सहयोगी ने किया रोगी से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दर्द निवारक बता दिया नशा फिर दिया घटना को दिया अंजाम
- बेहोशी की हालत में पीड़िता को बाहर छोड़ा, मामला दर्ज

**अमृत विचार :** क्लीनिक संचालक और उसके साथी ने दवा लेने आयी महिला से नशा देकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में दोनों उसे सड़क पर छोड़ गये। पुलिस ने आरोपी क्लीनिक संचालक डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र के महिला ने बताया कि 25 अप्रैल को उसके पति किसी काम से बाहर गए थे। अचानक उसके पेट में दर्द हुआ तो करुला गली नंबर-आठ में डॉ. अय्यूब अली के क्लीनिक पर दवा लेने गई थी। क्लीनिक पर दो गोलियां और एक गिलास पानी देकर उससे कहा गया कि इसे खा लो तुरंत आराम मिल जाएगा। गोली खाने के बाद वह बेसुध होने लगी थी। इसी दौरान उसने देखा कि डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम क्लीनिक का गेट बंद कर रहे हैं। फिर वह लोग उसे क्लीनिक के पीछे वाले कमरे में ले गए थे। वहां उससे सामूहिक दुष्कर्म हुआ। जब उसे होश आया तो वह पेड़ के नीचे पड़ी थी। वहीं से उसने कॉल करके पति को बुलाया था और उसे आपबीती सुनाई।

# आप गठबंधन से नाराज दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने भी कुछ दिन पहले पार्टी से दे चुके इस्तीफा
- अरविंदर सिंह लवली ने गठबंधन का किया था विरोध



कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और इसकी एक वजह आप से गठबंधन को बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष को शनिवार को भेजे इस्तीफे में कहा कि वह खुद को लाचार महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया रोक लगा देते थे। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

### भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी है आप पार्टी : लवली

लवली ने कहा कि पार्टी के हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए कि अन्य वरिष्ठ नेताओं को टिकट मिल सके, लोकसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम तक वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस इकाई ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी...पार्टी के आधे कैबिनेट मंत्री अभी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं।

**गड़बड़झाला** 364 पंचायत में ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर का नहीं हुआ इस्तेमाल

# 66 जिलों में बाहरी कम्प्यूटर से 5 .64 करोड़ का भुगतान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- 1 से 31 मार्च तक हुए 1135 ट्रांजेक्शन पकड़े, कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों पर हुए कार्य और भुगतान की निदेशालय ने समीक्षा की तो 66 जिलों की 364 ग्राम पंचायत में 1 से 31 मार्च तक नियमविरुद्ध 5.64 करोड़ का भुगतान पकड़ा है। यह धनराशि पंचायतों पर संचालित ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर से भुगतान करने के बजाय बाहर से डोंगल लगाकर की गई। इस तरह से कुल 1135 ट्रांजेक्शन गलत किए गए। जबकि शासन ने पिछले वर्ष सचिवों को ग्राम सचिवालय में बैठकर वहीं के कम्प्यूटर से कार्य और भुगतान करने की अनिवार्यता की थी। इसके उल्लंघन करने पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने संबंधित जिलों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला परियोजना प्रबंधक, प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



### लखीमपुर, बदायूं समेत 10 जिले में ज्यादा भुगतान

लखीमपुर खीरी की 27 ग्राम पंचायत पर 34 .90 लाख, बदायूं की 26 पंचायत पर 47 लाख, आजमगढ़ की 29 पंचायत पर 42 .95 लाख, प्रयागराज की 23 पंचायत पर 38 .59 लाख, सीतापुर की 14 पंचायत पर 33 .66 लाख, अलीगढ़ की 12 पंचायत पर 30 .22 लाख, गोरखपुर की नौ पंचायत पर 17 .74 लाख, बलिया की आठ पंचायत पर 15 .77 लाख, अमेठी की 11 पंचायत पर 13 .72 लाख व मिर्जापुर की नौ ग्राम पंचायत पर 13 .63 लाख रुपये सर्वाधिक भुगतान किया गया। संबंधित पंचायतों में पूर्व में न समीक्षा हुई न भुगतान में पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किया गया।

### गेटवे पोर्टल से पकड़ा फर्जीवाड़ा

पुरानी व्यवस्था बंद कर ग्राम निधि के भुगतान में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पिछले वर्ष गेटवे पोर्टल लागू हुआ था और ग्राम सचिवालयों के कम्प्यूटर पर अपलोड किया गया था। जबकि यह पोर्टल बाहर इस्तेमाल नहीं होता है। इस गेटवे पोर्टल से प्रधान व सचिव समेत अन्य को भुगतान डोंगल लगाकर करना होता है।

### ये जिले शामिल

लखनऊ 9,535, बरेली 87,326, बस्ती 1.11 लाख, बांदा 1.95 लाख, फर्रुखाबाद 2 .42 लाख, औरैया 2.74 लाख, कन्नौज 3 .12 लाख, पीलीभीत 3 .28 लाख, बहराइच 3 .64 लाख, हरदोई 3 .96 लाख, फतेहपुर 4 लाख, शाहजहांपुर 4 .14 लाख, सहारनपुर 5 लाख, मुरादाबाद 5.73 लाख, उन्नाव 6.37 लाख, हाथरस 6 .66 लाख, जालौन 7 लाख, कानपुर नगर 7 .33 लाख, इटावा 7.84 लाख, महाराजगंज 9 .95 लाख, बाराबंकी 9 .99 लाख, भदोही 10 .74 लाख, कुशीनगर 10 .64 लाख, देवरिया 12 .48 लाख रुपये।

**आज का मुकाबला**
दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
दोपहर 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 09 | 385 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

# मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गए ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस 'पावर हिटर' ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है।



केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाए। केकेआर के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

## सैमसन में विश्व कप के लिए मजबूत किया दावा : स्मिथ



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किए हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

स्मिथ ने कहा कि राहुल और सैमसन साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे दीपक हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गए।



## तीरंदाज दीपिका को रिकर्व स्पर्धा में मिला रजत

**शंघाई।** तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारत की दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया। पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक - टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे। ली वू सियोक दक्षिण कोरियाई टीम के तीसरे तीरंदाज थे।

## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में

**चेंगदू।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। चीन के चेंगदू में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

### कर्स्टन और गिलेस्पी बने पाकिस्तानी टीम के कोच

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किए अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में सेवाओं को जारी रखेंगे। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने घोषणा करते हुए कहा हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनके रिकॉर्ड शानदार रहा है।

### बैच ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंचे सेंथिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा। सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था।

### सरकार ने गुकेश को दिया 75 लाख का नकद पुरस्कार



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रूपये दिये थे।

### इस आईपीएल में बल्लेबाजों ने प्रगति की : क्लूसनर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच लांस क्लूसनर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीमों के लगातार बड़े स्कोर बनाने के लिए बल्लेबाजों की तेजी से हुई प्रगति को श्रेय दिया जो मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं। इस आईपीएल में टीमें 200 और 250 रन का स्कोर आसानी से बना ले रही हैं और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर का मानना है कि गेंदबाजों का अंतिम ओवरों में साधारण प्रदर्शन भी बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में मदद कर रहा है। क्लूसनर ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी प्रदर्शन को देखो तो मुझे लगता है कि यह बहुत निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी नहीं हुई। काफी साधारण गेंदबाजी हुई है और इन दिनों बल्लेबाज इतना अच्छा कर रहे हैं, वे मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाइटंस को नौ विकेट से हराया, विल जैक्स ने जड़ा तेज तर्रार नाबाद शतक, कोहली ने खेली 74 रनों की पारी

# जैक्स-विराट की बारिश में धुला गुजरात





**अहमदाबाद, एजेंसी**

विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आए विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद 100 रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।

इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गए। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाए।

- **गुजरात टाइटंस की ओर से साई सुदर्शन ने 49 गेंद में बनाए नाबाद 84 रन**

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

**गुजरात 200/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा का कर्ण बो स्वप्निल | 5 | 4 | 1/0 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल | 16 | 19 | 1/0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 8/4 |
| शाहरुख खान बो सिराज | 58 | 30 | 3/5 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0

**बेंगलुरु 206/1** — 16 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 6/3 |
| डुप्लेसी का स्थानाप्पन (शंकर) बो साई | 24 | 12 | 1/3 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 5/10 |

**गेंदबाजी :** वि उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## भारतीय महिला टीम ने 45 रनों से बंगलादेश को हराया

**सिलहट, एजेंसी**

**पहला टी-20 मुकाबला**



यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी।

इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

## धर्मशाला मैच की टिकट को लेकर अनिश्चितता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल के दो मैचों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ लोग निराश भी हो रहे। गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम मे पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। सस्ते वाले टिकट को 500 रुपये महंगा कर दिया गया है। स्टैंडों के दाम, वेस्ट स्टैंड-3 में 2,000, ईस्ट स्टैंड-1 2,000, वेस्ट स्टैंड-2 2,500, पवेलियन टैरेस 12,500 रुपये तथा क्लब लॉज के टिकट 20,000 रुपये में मिल रहे हैं।

# शतक से चुके कप्तान ऋतुराज सीएसके का आंकड़ा 200 पार



रहाणे का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते भुवनेश्वर कुमार ● एजेंसी





- **चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को दिया 213 रनों का लक्ष्य**

**चेन्नई, एजेंसी**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में अजिंक्य रहाणे (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट लिये 107 रनों की साझेदारी की। 14वें ओवर में जयदेव उनादकट ने डैरिल मिचले को नीतिश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। मिचले ने 32 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 98 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे 20 गेंदों में चार छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 39 रन और एमएस धोनी (5) रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 212 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार और जयदेव उनादकट ने एक-एक विकेट लिया।

**चेन्नई 212/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहाणे कैच शाहबाज बोल्ड भुवनेश्वर | 9 | 12 | 1/0 |
| ऋतुराज कैच नितीश बोल्ड नटराजन | 98 | 54 | 10/3 |
| डेरिल मिचेल कैच नितीश बोल्ड उनादकट | 52 | 32 | 7/1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 39 | 20 | 1/4 |
| एमएस धोनी नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-38-1, नितीश 1-0-8-0, शाहबाज अहमद 3-0-33-0, नटराजन 4-0-43-1, उनादकट 4-0-38-1, कमिंस 4-0-49-0

## मेस्सी के दो गोल से जीता मियामी



**मैसाचुसेट्स (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई। मेस्सी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेस्सी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इंटर मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची और दिग्गज लुईस सुआरेज ने किए।

**4-1** से न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को घरेलू मैदान पर इंटर मियामी सीएफ ने हराया



## कीनिया के मवानिकी और कसाइत टीसीएस विश्व 10के दौड़ में अव्वल

**बेंगलुरु।** कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन कसाइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वोनी (28:33) दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के हागोस आइओब (28:39) ने तीसरा स्थान हासिल कर प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में कसाइत एक समय आइरीन चैप्टाई (30:35) के इस स्पर्धा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रही थी लेकिन वह आखिरी क्षणों में अपनी गति गवां बैठी। उन्होंने 30:56 मिनट के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्युलेट अचोल (31:17) और लेमलेम हैलु (31:23) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मवानिकी और कसाइत दोनों को पुरस्कार के तौर पर 26000 डॉलर (लगभग 21.38 लाख रुपये) की राशि मिली भारतीय एलीट एथलीटों की दौड़ में किरण मात्रे ने पहला स्थान हासिल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# बालकुमार के अरमानों पर फिरा पानी, समर्थकों में मायूसी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● चुनावी समीकरणों में भी हो सकता है उलटफेर

**अमृत विचार।** इसे बदकिस्मती कहा जाए, करम का लेखाजोखा कहा जाए या नियति का कालचक्र पर सपा के कद्दावर नेता बालकुमार पटेल इसी झंझावात से जूझ रहे हैं। ऐन चुनाव के वक्त पूर्व सांसद का जेल में होना उनके समर्थकों को अखर भी रहा है और मायूस भी कर रहा है। फिलहाल पूर्व सांसद को कहीं से उम्मीद की किरण भी नजर नहीं आ रही।


बालकुमार। अमृत विचार

कहावत है कि करमगति टारे नांही टरे, पूर्व सांसद बालकुमार के मामले में फिलहाल तो यह कहावत सटीक उतर रही है। कोर्ट का निर्णय चाहे जो आए पर अभी तो उनके लिए और उनके समर्थकों के लिए समय अच्छा नहीं चल रहा। दरअसल बालू के ठेके के एक मामले में मिर्जापुर के पूर्व सांसद बालकुमार पटेल वर्तमान में जेल में बंद हैं। स्वराज कालोनी बांदा निवासी बालू व्यापारी रमाकांत त्रिपाठी का आरोप है कि पूर्व सांसद ने 2017 में बालू का ठेका दिलाने के नाम पर उनसे 65 लाख रुपये लिए थे और न ठेका मिला और न रुपये वापस हुए। कोर्ट के आदेश के बाद बांदा में पूर्व सांसद और लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। लेखपाल बर्खास्त हो चुका है।

इस संबंध में कोर्ट ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा भी खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने भी उनको राहत नहीं दी। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष संतराम पटेल कहते हैं कि बालकुमार के जेल में रहने से उनके समर्थकों में मायूसी है। बताया कि 24 अप्रैल तक लोगों को उम्मीद थी कि उनको जमानत मिल जाएगी। उन्होंने दावा किया कि बांदा के नरैनी और कर्वी तथा मानिकपुर के कुछ गांवों में अगर वह अपनी जीप से घूम आते तो तस्वीर बदल जाती। बहरहाल, समर्थकों का अपना दर्द पर वह कहते हैं न कि नियति और कर्म व्यक्ति के साथ चलते हैं और शायद इसी कर्म का फल बालकुमार भोग रहे हैं। हकीकत भी यह है कि आज बालकुमार जेल में हैं और उनको कहीं से राहत नजर नहीं आती।

### मायूस करती है जाति आधारित राजनीति

राजनीति में जनप्रतिनिधि चुनने में जाति, धर्म-संप्रदाय को दरकिनार करने की बातें जिले में चुनाव के परिणामों पर नजर डालने पर मायूस करती हैं। राजनीति के जानकार दावा करते हैं कि अठगवां क्षेत्र के तमाम गांवों देवकली, जो बालकुमार का पैतृक गांव है, पैकोरा, अहिरा, मगरहाई, देहरुछ, कंधवनिया, चनहट, गढ़वारा, बगवारा, गौहानी, बसिला, गड्डूपुर, ब्यासबन्ना आदि पटेलबहुल गांवों में आज भी ददुआ के परिवार के सदस्यों का सम्मान-मान है। यहां के गांवों में बालकुमार के चुनाव मैदान में न दिखने को लेकर मायूसी है। यहां यह बता देना भी सामयिक होगा कि बालकुमार के पुत्र रामसिंह प्रतापगढ़ के पट्टी विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान को मिलाकर दो बार विधायक रह चुके हैं।

### पिछले चुनाव में कांग्रेस से लड़े थे बालकुमार


ठगी के मामले में फंसे बालकुमार भी शायद अब पछता रहे होंगे। बालकुमार को जब पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान सपा ने टिकट नहीं दिया और सपा-बसपा गठबंधन से श्यामाचरण गुप्त (अब दिवंगत) को टिकट मिल गया तो राजनीतिक महत्वाकांक्षी बालकुमार ने सपा को ही छोड़ दिया। वह कांग्रेस में शामिल हुए तुरतफुरत कांग्रेस ने उनको टिकट भी दे दिया। हालांकि वह 75438 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। तब कहा यह जा रहा था कि अगर बालकुमार मैदान में न आते तो श्यामाचरण गुप्ता की शायद जीत हो जाती। श्यामाचरण को वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल ने 58,938 वोटों से हराया था।

### अठगवां क्षेत्र में है प्रभाव

बालकुमार दस्यु सरगना रहे ददुआ के छोटे भाई हैं। ददुआ के पुत्र वीर सिंह कर्वी से विधायक रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वीर सिंह मानिकपुर से सपा के टिकट पर मैदान में थे और मात्र 1048 मतों के अंतर से अपना दल के अविनाश चंद्र द्विवेदी से पराजित हुए थे। अपना दल का वोट प्रतिशत जहां 35 .17 प्रतिशत रहा था वहीं समाजवादी पार्टी को 34 .67 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। यह साबित करता है कि जिले में सपा का और ददुआ के परिवार को कितना जनसमर्थन मिलता है। वर्ना मूल रूप से चित्रकूट कर्वी विधानसभा की राजनीति करने वाले वीर सिंह, जो पहली बार मानिकपुर से चुनाव लड़े, इतने वोट न पाते।

# बस अड्डे की कमी के साथ अतिक्रमण भी है समस्या

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)


डॉ. मनीष।


राहुल गुप्ता।

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय में बस स्टैंड के न होने की कमी तो लोगों को अखरती ही है। चौराहे पर अतिक्रमण से भी आवाजाही में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन की तमाम चेतावनियों के बाद भी शहर के अंदर चौराहे सहित हाईवे के अन्य स्थानों पर अन्ना मवेशियों की चहलकदमी भी परेशानी का सबब बनी है।

गौरतलब है कि मऊ में एक अदद नियमित बस अड्डे के न होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही अतिक्रमण की समस्या है। कई बार नगर पंचायत प्रशासन ने अभियान चलाया पर इसका असर नहीं हुआ। नेत्र चिकित्सक मनीष तिवारी बताते हैं कि बस अड्डे पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सरकारी एवं प्राइवेट बसें खड़ी होती हैं। इसके अलावा गलत तरीके से ईरिक्शा व जीप आदि भी खड़े होते हैं। इससे आवागमन बाधित होता है। मनीष ने बताया कि हाइवे में बसों, जीप व रिक्शा वगैरह खड़े होने के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। चौराहे पर दिन रात टहलते अन्ना मवेशी दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते रहते हैं।कहा कि मऊ बस अड्डे के लिए अलग जगह चिह्नित की जानी चाहिए। व्यापारी नेता राहुल गुप्ता ने भी मुख्य मार्गों पर अन्ना मवेशियों की समस्या पर रोष जताया।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, दूसरा झुलसा

## राजापुर थाना क्षेत्र का मामला, गृहप्रवेश के बाद ट्रैक्टर में सामान लादते समय हुआ हादसा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न होने के बाद टेंट का सामान लादते समय गृहस्वामी के साले की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत हो गई। दूसरा रिश्तेदार गंभीर रूप से झुलस गया। उसका प्रयागराज में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, राजापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआगांव में सर्वजीत सिंह ने नए घर बनवाने के बाद गृह प्रवेश कार्यक्रम व अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ कराया था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रविवार की सुबह लगभग दस बजे टेंट का सामान ट्रैक्टर में लादा जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान लोहे का पोल ऊपर से निकले हाईटेंशन तार से टकरा गया और सर्वजीत सिंह का साला चंदन सिंह (40) पुत्र सुखपाल सिंह निवासी बघला थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) की मौके पर मौत हो गई। बगल में खड़ा लव सिंह भी करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्रयागराज ले जाया गया। युवक की मौत से उसकी बहन सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया और खुशी वाले घर में मातम पसर गया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक सिद्धांत राय ने मौके पर पहुंचकर चंदन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


अस्पताल में शोकाकुल खड़े परिजन।


घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

## बेटा-बहू पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**रामनगर (चित्रकूट)।** रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक वृद्ध ने अपने बड़े बेटे और पुत्रवधू पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के साथ मानवाधिकार आयोग को रजिस्टर्ड पत्र लिखकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वृद्ध ने पुलिस पर भी उसे परेशान करने की बात कही है।

वृद्ध का कहना है कि उसका बड़ा बेटा व बहू चाहते हैं कि पैतृक जमीन उनके नाम पर रजिस्ट्री कर दी जाए। ऐसा संभव नहीं है क्योंकि उसका एक और पुत्र व उसका परिवार भी है। आरोप है कि उसके बेटा-बहू बाहर रहते हैं और वहीं से थाना प्रभारी रैपुरा को पत्र लिखकर उसके और छोटे बेटे-बहू पर फर्जी आरोप लगा रहे हैं। वृद्ध का आरोप है कि बड़ी बहू दहेज उत्पीड़न तक का झूठा आरोप पहले भी लगा चुकी है। हाल ही में उसकी पत्नी का देहांत भी इन लोगों के उत्पीड़न की वजह से हार्टअटैक से हो गया। तनाव की वजह से वह भी बीमार चल रहा है। वृद्ध ने पीएम, सीएम, गृहमंत्री और मानवाधिकार आयोग आदि को डाक से पत्र भेजकर मामले का निपटारा कराने की गुहार की है।


बोलेरो में लगी आग। अमृत विचार

# आग का गोला बनी बोलेरो चालक किसी तरह कूदा

कार्यालय,चित्रकूट

● फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, कोई हताहत नहीं

**अमृत विचार।** चलती बोलेरो में अचानक आग लग गई। चालक ने किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। आग से लगभग सात महीने ली गई गाड़ी पूरी तरह से जल गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है।

घटना रविवार अपराह्न लगभग डेढ़ बजे की है। कर्वी कोतवाली अंतर्गत देवांगना घाटी में हनुमान धारा से पोखरवार होते हुए सोनेपुर लौटते समय बोलेरो में अचानक आग लग गई। इससे कुछ देर के लिए आसपास धुएं के गुबार से अंधेरा सा छा गया और कुछ देर के लिए आवागमन रुक गया। लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। जब तक आग पर काबू पाया जाता, वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वाहन पर सिर्फ चालक उमाशंकर निषाद सवार था, जिसने हल्की आग देखते ही वाहन खड़ा कर कूदकर खुद को बचाया। इससे कोई हताहत नहीं हुआ।

## नंद के आनंद भयो...पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**चित्रकूट।** ईश्वर केवल भाव के वश में हैं। वह भक्तों का भाव प्रेम ही देखकर द्रवित हो जाते हैं। परमात्मा निराकार होकर भी अनेकों स्वरूप धारण कर धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं। खोही स्थित भागवत पीठ में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने श्रद्धालुओं को ये बातें बताईं।

उन्होंने बताया कि भक्त अगर दो हाथों से बुलाता है तो प्रभु चतुर्भुज रूप में आते हैं। कहते हैं कि हे जीव चिंता न करो मैं तुम्हारी चारो हाथों से रक्षा करूंगा। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक ने कहा कि हम सभी को धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर भक्त नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...गाकर लोग देर तक झूमे। आरती पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सूरी माता, साधु-संत सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अधिवक्ता ने आईजी से लगाई सुरक्षा की गुहार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक अधिवक्ता ने आईजी जोन प्रयागराज सहित पुलिस के अन्य उच्चाधिकारियों को ऑनलाइन पत्र भेजकर कुछ लोगों पर मुकदमे की पैरवी करने पर धमकाने की शिकायत की है। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही और हल्का दरोगा और विपक्षियों द्वारा समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि वह 11 अप्रैल की सुबह नवीन सब्जी मंडी गए थे। इसी दौरान आरोपियों ने बदसलूकी करते हुए संबंधित मामले के आरोपियों के मामले में पैरवी नहीं करने की बात कही। आरोप लगाया कि इन लोगों ने चाकू लहराकर हत्या की धमकी दी। घटना से वह और परिवार बुरी तरह भयभीत हैं। बताया कि आरोपी के प्रभाव के चलते पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। हल्का दरोगा और अन्य अधिकारी फर्जी हस्ताक्षर बने फॉर्मेट की फोटो कॉपी तैयार करके चालान करने का कुप्रयास कर रहे हैं। बताया कि घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी दो बार मिलकर कर चुके हैं पर कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ता ने उच्चाधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई करने, पुलिस प्रताड़ना रोकने व दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## इंस्पेक्टर बनकर मांगे 30 हजार रुपये

**चित्रकूट।** मुख्यालय अंतर्गत एक मुहल्ला निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर किसी ने व्हाट्सएप कालिंग करके रुपये मांगे। जानकारी के मुताबिक फोन करने वाले ने कहा कि वह पुलिस इंस्पेक्टर बोल रहा है। तुम्हारा लड़का रेप केस में फंस गया है और वह उसे बचाना चाहता है। तुम्हारा लड़का सीधा दिखाई दे रहा है इसलिए तुरंत 30 हजार रुपये फोन पे कर दो, नहीं तो जेल में सड़ जायेगा और लड़की वाले तुम्हारे बच्चे को जान से मार देंगे। इस पर जब उसने बेटे के मोबाइल में फोन लगाया तो लड़के ने बताया कि वह कॉलेज में है ऐसी कोई बात नहीं है। बताया जाता है कि इसके पांच मिनट बाद फिर ऐसी काल आई। हालांकि पुलिस की जानकारी में फिलहाल यह मामला नहीं है।

# 4180 संदिग्धों पर की गई निरोधात्मक कार्रवाई

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी कालपी सत्य देव पीचौरी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांति एवं कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस महकमें तथा स्थानीय प्रशासन के द्वारा संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों को चिन्हित करके निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। कालपी तहसील के 5 थाना क्षेत्रों में 4180 व्यक्तियों को 107/116 सीआरपीसी के तहत नोटिस दिए गए हैं, जिनमें 596 व्यक्तियों के द्वारा उपजिला मजिस्ट्रेट कालपी के समक्ष पाबंद होने की कार्रवाई पूरी कर ली है।

जानकारी के अनुसार कालपी थाना क्षेत्र के 1575 व्यक्तियों, कदौरा थाना क्षेत्र के 1061 व्यक्तियों, आटा थाना क्षेत्र के 497 व्यक्तियों, चुर्खी थाना क्षेत्र के 489 व्यक्तियों तथा सिरसाकलार थाना क्षेत्र की न्यामतपुर चौकी क्षेत्र के रहने वाले 558 संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों के खिलाफ 26 अप्रैल तक नोटिस जारी कर दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रत्येक दिन थाना क्षेत्र से 107/116 की चालानी रिपोर्ट की सूची उपजिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच रही है। क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति या क्रियाशील अपराधियों पर पुलिस प्रशासन पैनी नजर बनाए रखे हुए हैं।

## पशुओं के बाड़े में लगी आग से हुआ नुकसान

**रामनगर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत घुरेहटा अमरपुर के मजरा शिरोमन का डेरा में किसान रामनरेश यादव के पशु बाड़े में बीते दिन अज्ञात कारणों से आग लग गई। लपटें उठती देख पड़ोसियों ने किसान को खबर की और आग बुझाने में जुट गए।

किसी तरह मवेशियों को बाहर निकाला गया। आग से रामनरेश के सिंचाई वाले पाइप और अवधकिशोर यादव के पांच बीघे खेत का गेहूं का भूसा राख हो गया। रामनरेश ने बताया कि जगह नहीं होने से जानवर व खेती किसानी की सामग्री दोनों लोगों की संयुक्त रूप से इसी बाड़े में रहती है। सूचना लेखपाल अरबाज खान को दे दी है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार की है।

## सार-संक्षेप

### अलग-अलग मामलों के चार वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** रैपुरा एसओ शैलेंद्र चंद्र ने वारंटी कल्लू व रामप्यारे पुत्रगण सीता निवासी अगरहुंड़ा को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने वारंटी श्रीराम पुत्र निरपत निवासी शिवरामपुरख् चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने वारंटी अमृतलाल पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी विकासनगर कपसेठी को गिरफ्तार किया।

### नियमित अभियान के तहत की सफाई

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने नियमित अभियान के तहत रविवार को कामतानाथ परिक्रमा पथ स्थित लक्ष्मण पहाड़ी में सफाई की। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी,सभासद शुभम केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, रसूल बख्श, जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, विनोद सिंह ने सहयोग किया।

### दो आरोपी गिरफ्तार, शराब बरामद

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई राहुल सिंह ने भइयालाल यादव पुत्र चुनकाई यादव निवासी गढ़ीवा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के एसआई सुरेंद्र कुमार सिंह ने मुन्ना सिंह निवासी बरुआ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा। दोनों आरोपियों पर संबंधित थानों में अभियोग पंजीकृत किए गए।

### एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ किया श्रमदान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में अधिकारियों और कर्मचारियों ने रविवार को पुलिस कार्यालय में श्रमदान किया। एसपी ने खुद कार्यालय परिसर की सफाई की। कार्यालय परिसर में लगे पौधों की निराई-गुडाई की। एसपी ने सभी को अपने आसपास साफ-सफाई रखने को प्रेरित किया। इसी क्रम में प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण के नेतृत्व में पुलिस लाइंस परिसर में सफाई की गई।

**चुनावी चखचख** | जमीनी मुद्दों पर मतदान के समर्थक हैं नौजवान, जनप्रतिनिधियों के प्रति जताई नाराजगी

# मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर उत्साहित हैं युवा

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में वोट डालने को लेकर युवा मतदाता उत्साहित तो हैं पर वे जनप्रतिनिधियों के खोखले वादों और भावनाओं को भड़काकर वोट लेने की प्रवृत्ति से खासे खफा भी हैं। इनका कहना है कि इस बार वे जमीनी मुद्दों और रोजगार, महंगाई आदि बिंदुओं पर मतदान करेंगे। किसी के बहकावे में वो नहीं आने वाले।

युवा मतदाताओं और खासकर उन युवाओं में जो पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं, खासा उत्साह है। ये वोट को अपनी ताकत मानते हैं और लोकतंत्र की शक्ति भी। मगर इनमें अपने जनप्रतिनिधियों को लेकर निराशा का भाव भी है। ये कहते हैं कि कोई भी पार्टी हो, किसी ने भी युवाओं की नौकरी उनकी भलाई की बातें नहीं की। जाति, धर्म आदि के मुद्दों पर बांटकर अपना उल्लू सीधा कर लिया। पर इस बार वे ऐसा नहीं करने देंगे। अपना हित, रोजगार, महंगाई आदि मुद्दों को ध्यान देते हुए ही वोट करेंगे।

युवाओं का कहना है कि लंबे समय से बुंदेलखंड में सभी सुविधाओं से लैस एम्स जैसे अस्पताल, तकनीकी शिक्षा का केंद्र, उद्योग आदि की कमी महसूस की जा रही है पर जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बरगढ़ जैसी महत्वपूर्ण फैक्ट्री भी बड़ी बड़ी बातें करने वाले नेता चालू नहीं करा सके। विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत छीबों व पियरियामाफी में भी युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह है। पर ये भी जनप्रतिनिधियों पर वादे पूरे न करने से नाराज हैं। ये कहते हैं कि मतदान तो अवश्य ही करेंगे और लोगों को प्रेरित भी करेंगे पर अब हम मुद्दों पर वोट देंगे।

### परिवहन की व्यवस्था तक नहीं: अजय शंकर



पियरियामाफी के अजय शंकर गांव में आवागमन के साधन न होने पर रोष में हैं। वह कहते हैं कि चित्रकूट तीर्थस्थल होने के बाद भी जिले के विभिन्न मार्गों में परिवहन की व्यवस्था नहीं है। डग्गामार वाहनों के सहारे आवागमन होता है और जनप्रतिनिधियों को इसकी चिंता नहीं है।

### रोजगार के अवसर न होने से छाई निराशा : सोनू



सोनू ओझा कहते हैं कि रोजगार के अवसर नहीं होना जनप्रतिनिधियों की मानसिकता दर्शाता है। समझ नहीं आता कि कोई भी राजनीतिक दल उन लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं करता, जो जनता की भलाई, सुविधाओं के लिए काम नहीं करते। अगर ऐसा हो जाए तो काफी कुछ सुधर जाए।

### ज्यादा सांसद देने के बाद भी जिले को कुछ नहीं:आशुतोष



अधिवक्ता आशुतोष शुक्ला जनप्रतिनिधियों की उदासीनता की आलोचना करते हैं। वह कहते हैं कि चित्रकूट ने सबसे ज्यादा सांसद दिए हैं लेकिन बदले में जिले को कुछ भी नहीं मिला। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सड़क, परिवहन सभी सुविधाओं से जिले में ज्यादातर इलाके के लोग वंचित हैं।

### महज वोटर बनकर न रह जाएं युवा:रणविजय



रणविजय युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझने की सलाह देते हैं। वह कहते हैं कि यह ध्यान रखना होगा कि युवा महज वोटर बनकर न रह जाए। फिलहाल तो यही लगता है कि वह मरे या जिए, जनप्रतिनिधियों से कोई मतलब ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

### मुद्दों पर वोट करेंगे: अभिषेक



युवा अभिषेक शुक्ला भी वोट की अहमियत समझते हैं। वह कहते हैं कि अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान जरूरी है। सभी लोगों को मुद्दों पर वोट करना होगा, तभी विकास वास्तव में दिखाई देगा। पहली बार वोट डालना है तो सोच समझकर मतदान करेंगे।

# एकजुट हो अस्तित्व पहचानने की जरूरत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

● कायस्थ महासभा की बैठक में पदाधिकारियों ने कहा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मंडल इकाई की रविवार को बैठक हुई। इसमें समाज के उत्थान और एकता पर चर्चा हुई। वक्ताओं का कहना था कि अगर प्रगति चाहिए तो एकजुट होना होगा और अपना अस्तित्व पहचानना होगा।

चौगलिया में हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री श्याम नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ सभी को ज्ञान बांटते बांटते अज्ञानी हो गया है। वह अपने वैभव को भूल चुका है। सभी को एकजुट होना होगा। लखनऊ निवासी अध्यक्ष मोहित प्रकाश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की संख्या कम होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ यह है कि परिवार की भागीदारी नहीं है। हम अपने बच्चों को भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा करना और सादगी से रहना सिखाएं। प्रदेश अध्यक्ष इंद्रदेव श्रीवास्तव ने बताया कि वह गाजीपुर से गाजियाबाद तक कायस्थों को एकजुट कर रहे हैं। बरेली में शास्त्रीनगर चौराहे में भगवान चित्रगुप्त की चार फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि कायस्थों को राजनीति में भागीदारी नहीं मिल रही, इस पर हमें मनन करना होगा। इस मौके पर रमाशंकर श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश खरे, विवेक श्रीवास्तव, सीमा निगम आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


डिप्टी सीएम को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित करते सदर विधायक। अमृत विचार


बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल भाजपाई। अमृत विचार

# मोदी ने लाभार्थियों तक पहुंचाया 34 हजार करोड़

## सरकार की उपलब्धियां गिनाकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षियों पर साधा निशाना, बिसंडा में हुआ बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा की अधिसूचना जारी होते ही जहां जिले की सियासत का पारा चढ़ने लगा है। वहीं राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं की आमदरफ्त भी शुरू हो गई है। रविवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। डिप्टी सीएम ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार की कड़ी को तोड़कर 34 हजार करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाने का काम किया है। डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास करें और भाजपा उम्मीदवार को जिताकर तीसरी बार देश में पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा की सरकार बनाने का काम करें।

रविवार को बिसंडा कस्बा स्थित आदर्श इंटर कॉलेज परिसर में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्र की मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल की उपलब्धियों का बखान किया। कहा कि मोदी की अगुवाई में भारत का डंका समूचे विश्व में बज रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराकर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए जुट जाएं। कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समूचे विश्व के सबसे प्रभावशाली नेता हैं। उनकी अगुवाई में घर-घर स्वच्छ जल, आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, गरीब परिवारों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों के खोखले वादों का कोई आधार नहीं है। गुंडाराज, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण जैसी नीतियों का पोषण करने वाले दलों की मंशा को देश की जनता जान चुकी है और हर चुनाव में विरोधियों को पटखनी देकर भाजपा को जीत का आशीर्वाद दे रही है। कहा कि प्रधानमंत्री की अगुवाई में धारा 370 हटाई गई, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही जनता के बीच किए गए सभी वादों को पूरा करके दिखाया गया है। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जिले की जनता को प्रणाम कहने और भाजपा को प्रत्येक बूथ जिताने का संदेश देने के लिए भेजा है। भाजपा के उम्मीदवार सांसद आरके सिंह पटेल ने मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ में कमल खिलाने को जनता का आह्वान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय सिंह और संचालन जिला महामंत्री अखिलेशनाथ दीक्षित ने किया।


डिप्टी सीएम का माल्यार्पण कर स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

### सरकार बनी तो 100 साल आगे जाएगा देश

सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनता जनार्दन का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा समेत सभी पार्टियों को करारी शिकस्त देकर देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा। तभी देश को विकास की राह पर आगे बढ़ाया जा सकेगा। कहा कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनी तो भारत में विकास केवल पांच साल नहीं बल्कि 100 साल आगे जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को समृद्ध व विकसित देश बनाने का खाका तैयार किया है।

### गांवों में बसती है देश की आत्मा : प्रकाश द्विवेदी

बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने किसानों को देश की आत्मा बताया। कहा कि हमारे गांवों में भारत की आत्मा बसती है। मोदी सरकार में गांव से लेकर शहर तक सभी सर्वांगीण विकास की गंगा बही है और विकास गंगा में डुबकी लगाने से कोई भी अछूता नहीं रहा। कहा कि जब से पीएम मोदी और सीएम योगी ने देश और प्रदेश की बागडोर संभाली है, देश विकास की राह पर सरपट दौड़ रहा है। डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था के साथ विकास यात्रा तेजी से चल रही है। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि पूर्व सरकारों में योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने राष्ट्र के विकास व सुरक्षा के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

### कार्यकर्ताओं ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत

बिसंडा कस्बे के आदर्श इंटर कॉलेज में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा की अगुवाई में मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष डा .धर्मेंद्र त्रिपाठी, प्रकाश नारायण तिवारी नीलू आदि कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम को भारी भरकम माला पहना कर स्वागत किया। वहीं सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने डिप्टी सीएम को स्मृति चिह्न के रूप में श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्याक्ष सुनील पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, ब्लाक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, अभिलाषा मिश्रा, बिसंडा ब्लाक प्रमुख शंभू कोटार्य, मनोज शुक्ला, बालमुकुन्द शुक्ला, राजकुमार राज, पूर्व विधायक राजकरण कबीर, चन्द्रपाल कुशवाहा, पुरषोत्तम पाण्डेय, अयोध्या सिंह पटेल, जगराम सिंह, संतोष गुप्ता, आशोक त्रिपाठी जीतू आदि शामिल रहे।

# इच्छा, पुष्पा, नैन्सी और अहमद ने दिखाई प्रतिभा


कार्यालय संवाददाता, बांदा

● राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा की उत्तीर्ण

**अमृत विचार:** छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले से एक छात्र और तीन छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और जनपद का नाम रोशन किया है। उनके परिजनों और रिश्तेदारों ने शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय बगनापुरवा तिंदवारा में कक्षा आठ की छात्रा इच्छा और पुष्पा ने अपनी मेधा का बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेश स्वरूप निगम ने बताया कि सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र के तत्वावधान में आयोजित इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को एक हजार रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को राजकीय इंटर कालेज या राज्य सरकार से सहायता प्राप्त इंटर कालेज में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। कक्षाध्यापिका प्रियंका सिंह राजपूत ने बताया कि विद्यालय की छात्रा इच्छा सिंह पुत्री लक्ष्मन सिंह ने 200 में 115 अंक हासिल कर 24वीं रैंक और पुष्पा देवी पुत्री आत्माराम राजपूत ने 107 अंकों के साथ 32वीं रैंक हासिल की है। छात्राओं की सफलता पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री प्रजीत सिंह और सहायक अध्यापिका अंशिका शिवहरे ने शुभकामनाएं दी हैं।

उधर उच्च प्राथमिक विद्यालय हथौड़ा के छात्र मो.अहमद पुत्र मो.सलेह ने 121 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 18वीं रैंक हासिल की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश शुक्ला ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय कनवारा के प्रधानाध्यापक आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि उनके विद्यालय से कुमारी नैन्सी यादव को भी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद की लड़कियां भी किसी से कम नहीं हैं और वह हर क्षेत्र में अपनी प्रतीभा का लोहा मनवा रहीं हैं।


छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक। अमृत विचार


मतदाता जागरुकता रैली निकालती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

# महिलाओं ने निकाली जागरुकता रैली

संवाददाता, कमासिन

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एडीओ की अगुवाई में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कस्बे की गलियां प्रेरक नारों से गूंजती रहीं।

खंड विकास कार्यालय से सहायक विकास अधिकारी शत्रुघ्न पाल सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी संजय द्विवेदी, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय की पूजा पांडेय के नेतृत्व में रविवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ समूह की महिलाओं ने ब्लॉक परिसर से पूरे कस्बे में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर 20 मई को लोकसभा निर्वाचन दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। रैली में सम्मिलित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और समूह की महिलाओं ने पहले मतदान, फिर जलपान, मतदान हमारा पावन अधिकार के नारे लगाते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मालती मिश्रा, अन्नपूर्णा देवी, संतोषी मिश्रा, माधुरी पाल, शांति सिंह, मिथिलेश सोनी, तुलसा देवी, अभिलाष त्रिपाठी सहित सभी केंद्रों की सहायिकाएं अपने ड्रेस के साथ मौजूद रहीं। स्वयं सहायता समूह की श्रीदेवी, पूजा सिंह, रंजना देवी, शोभा देवी, मालती देवी, मंजू देवी, सरला देवी भी सम्मिलित रहीं।

# कार्मिकों ने सीखा ईवीएम से मतदान कराने का तरीका

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों व कर्मचारियों को वीवीपैट, बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट जोड़ने से संबंधित कार्यों व अन्य जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम कमीशनिंग प्रशिक्षण में लगे कर्मचारी व अधिकारी सभी कार्यों को गंभीरता से समझ लें। किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

पंडित जेएन डिग्री कालेज में रविवार को मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने प्रशिक्षण लेने वाले लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार एवं राजस्व से जुड़े अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। वीवीपैट, बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट को जोड़ने से सबंधित कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण बताए गए सभी कार्यों को पूर्ण रूप से समझ लें। उन्होंने कहा कि यह कार्य एआरओ की देखरेख में किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कर्मचारियों से कहा कि प्रशिक्षण कार्य में यदि किसी प्रकार की उन्हें पुनरू जानकारी लेना हो तो वह अपने प्रश्नों को लगातार पूंछकर उन्हें गंभीरता से समझ सकते हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य को कुशलता के साथ संपादित कर ले। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करने के समय अथवा कमीशनिंग कार्य के समय कोई भी कर्मचारी मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएगा।

अपना परिचय पत्र भी साथ रखेंगे। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे की भी व्यवस्था की जाएगी और वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रशिक्षण कार्य में कर्मचारियों को बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट में एड्रेस टैग लगाए जाने, कंडीडेट सेट करने, मशीन को सीलिंग किए जाने, वीवीपैट को ले जाते समय पेपर सेट करने, मशीन को सीलिंग किए जाने, वीवीपैट को ले जाते समय पेपर सेट करने, बैटरी लेवल का स्टेटस ध्यान रखने तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में प्रधानाचार्य आईटीआई ने कर्मचारियों को कमिशनिंग कार्य के संबंध में बिंदुबार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उनसे संबंधित प्रश्नों को पूछ कर उनकी जिज्ञासाओं का निस्तारण भी किया। प्रशिक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वधृउप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर बबेरू सहित उपनिदेशक कृषि विजय कुमार, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


मतदान कार्मिकों को ईवीएम की जानकारी देतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।

## पूर्व सांसद, विधायक बने सपा के स्टार प्रचारक

**बांदा।** समाजवादी पार्टी हाईकमान ने लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों के नामों का ऐलान कर दिया है। स्टार प्रचारकों की सूची में जिले के तीन दिग्गजों का नाम शामिल किया गया है। तीनों नेताओं के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव ने चुनाव के आगामी चरणों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सपा के स्टार प्रचारकों की सूची में राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा के पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव और जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा का नाम शामिल किया गया है। जिले से तीन स्टार प्रचारक बनाने पर सपाइयों ने खुशी जताई।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अवंती नगर निवासी बिहारी (40) पुत्र हरिशंकर राजपूत शनिवार की दोपहर दुकान से लौट रहा था। तभी पीछे से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। वह घायल हो गया। हादसे में बाइक चालक विकास भी घायल हो गया। जिला अस्पताल से बिहारी को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# सास की पिटाई से क्षुब्ध दामाद ट्रेन से कटा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● पति ने पत्नी को मायके भेजने से किया था मना

**अमृत विचार।** पत्नी को मायके भेजने से मना करने पर सास ने दामाद की पिटाई कर दी। इससे नाराज दामाद ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। बदौसा थाना क्षेत्र के तुर्रा गांव निवासी ओमकार (40) पुत्र भीष्म सिंह ने शनिवार की शाम घर के नजदीक ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने उसे पहचान लिया। मृतक के बड़े भाई देव कुमार ने बताया कि ओमकार किसानी करता था। दो दिन पहले सास संतोषी (जबलपुर) से अपनी पुत्री सपना को लिवाने आई थी। पति ओमकार ने उसे भेजने से इनकार कर दिया। इस पर सास और दामाद में विवाद हो गया। सास ने दामाद की पिटाई कर दी। इसी से क्षुब्ध होकर उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

दिए निर्देश

नैफेड के तीन केंद्रों में गेहूं खरीद शुरू न होने पर नोडल अधिकारी खफा, जिले में अब तक 5480 .49 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

# 48 घंटे में करें किसानों को गेहूं खरीद का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** नोडल अधिकारी ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए गेहूं खरीद की समीक्षा की। नैफेड के तीन केंद्रों में अब तक गेहूं की खरीद शुरू न होने पर नाराजगी जताई। खरीद केंद्रों में गेहूं बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के अंदर ही भुगतान कराने के निर्देश दिए।

रेशम एवं मत्स्य विभाग विशेष सचिव और नोडल अधिकारी सुनील कुमार वर्मा (आईएएस) ने रविवार को बैठक करते हुए चित्रकूटधाम मंडल और जिले में गेहूं खरीद की समीक्षा की। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मंडल में शासन ने 2.72 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया है। जिले में खाद्य विभाग ने 1275 मीट्रिक टन, पीसीएफ ने 3219, भारतीय खाद्य निगम ने 375, यूपीएसएस ने 507 और नैफेड ने 102 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। अब तक पूरे जिले में 5480.49 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। नैफेड के तीन केंद्रों में अब तक गेहूं खरीद शुरू न होने पर नोडल अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल खरीद शुरू कराने को कहा। उन्होंने खरीद एजेंसियों से शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करते हुए गेहूं बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के अंदर भुगतान कराने के निर्देश दिए। गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए किसानों से संपर्क कर मोबाइल खरीद केंद्रों के माध्यम से खरीद में तेजी लाने को कहा। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि गेहूं के अवैध संरक्षण पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी की जाए। क्रय केंद्र एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लगातार भ्रमण कर गेहूं खरीद में तेजी लाएं। उन्होंने खरीदे गए गेहूं को भारतीय खाद्य निगम के डिपो में रखाने के निर्देश दिए। बैठक में संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, संभागीय लेखा अधिकारी खाद्य चित्रकूट संभाग, जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्री परमानंद जायसवाल सहित खाद्य विपणन अधिकारी चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा आदि उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

## मायके में युवती ने फांसी लगाई, मौत

**बांदा।** संतान न होने से क्षुब्ध युवती ने मायके में साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के हरदोनी गांव निवासी स्मृता (32) पत्नी धीरेंद्र सिंह छह दिन पहले अपने मायके मटौंध आई थी। शनिवार की रात उसने कमरे के अंदर पंखा की हुक पर साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। रविवार को सुबह पिता अमान सिंह ने पुत्री का शव फंदे से लटकता देखा। मृतका के जेठ जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्मृता की शादी 10 वर्ष पहले हुई थी। संतान न होने से वह परेशान रहती थी। इसका इलाज भी कराया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# दुकान से लौटते समय जेवरों से भरा बैग बदमाशों ने लूटा

## सर्राफ को ऑटो से उतारकर सशस्त्र बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**संवाददाता कुलपहाड़, महोबा**

● बैग में ढाई किलो चांदी, 30 ग्राम सोने के जेवर व बीस हजार नकद थे

**अमृत विचार।** अजरन से ज्वैलरी की दुकान बंद कर अपने घर कुलपहाड़ लौट रहे एक सर्राफ को बाइक सवार लुटेरों ने तमंचा लगाकर सोने चादी के आभूषणों से भरा बैग लूट लिय और बाइक से फरार हो गए। घटना से सहमे सर्राफ की हालत बिगड़ गई ऑटो चालक उसे ऑटो में बैठाकर कुलपहाड़ कोतवाली ले गया। सर्राफ की तहरीर पर पुलिस ने क्षेत्र में नाकाबंदी करा दी, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

कुलपहाड़ निवासी राजेंद्र कुमार (46) पुत्र प्रेम नारायण सोनी अजनर में सोने चांदी की दुकान किए है। वह प्रतिदिन कुलपहाड़ से अजनर बस या ऑटो से आते-जाते हैं। सराफा दुकानदार जैतपुर से कुलपहाड़ शनिवार की रात करीब नौ बजे ऑटो से अपनी ज्वैलरी की दुकान बंद करके वापस घर जा रहा था, तभी रेलवे अंडर ब्रिज के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर जबरन ऑटो रोक लिया और दुकानदार का सोने चांदी के गहनों और नकदी से भरा बैग के अलावा एक मोबाइल छीन कर भाग गए। घटना से डरे सहमे दुकानदार को ऑटो चालक ऑटो से ही कुलपहाड़ थाने में ले गया। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली कुलपहाड़ में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना की सूचना पाकर पीड़ित के परिजनों ने भी अपने स्तर पर बदमाशों को ढूंढने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में घटना की तहरीर पीड़ित के भाई मनोज कुमार के द्वारा दी गई पीड़ित राजेंद्र ने बताया की बदमाश बैग न देने पर गोली मार देते उनके हाथ में रिवाल्वर देखकर अन्य लोग भी घबरा गए बैग में ढाई किलो चांदी,30 ग्राम सोने के बने हुए जेवर और नकद बीस हजार रुपये रखे थे और मोबाइल भी बैग में रखा था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुलपहाड़ भास्कर मिश्रा ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अभियान में ओवरलोड 12 ट्रक और डंपर पर कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

● वरिष्ठ खान अधिकारी की अगुवाई में चले अभियान में ओवरलोड वाहनों का हुआ चालान

**अमृत विचार।** जिले में चल रहे ओवरलोड डंपर और ट्रकों पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने सख्त कदम उठाया है, जिसके चलते ओवरलोड वाहन संचालकों में हड़कम्प मच गया है। इतना ही नहीं ओवरलोड बालू का परिवहन करने वाले 12 ट्रक और डंपरों को पकड़ कर उनाका चालान भी किया गया है, जिससे हाईवे पर चल रहे ओवर लोड वाहन चालकों को सूचना मिलते ही जहा के तहां वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया।

सीनियर माइंस आफिसर आरबी सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ओवरलोड वाहन चालाकों पर लगाम लगाने के लिए ट्रक और डंपरों में ओवरलोडिंग न करने के सख्त निर्देश दिए थे, लेकिन वाहन चालकों ने खनिज अधिकारी के आदेश को हल्के से लिया और बराबर ओवरलोडिंग वाहन सड़कों पर दौड़ाते रहे, जिस पर खनिज अधिकारी ने चेकिंग अभियान शुरू कराया। अभियान दौरान बालू के ओवरलोड 12 डंपर व अन्य ओवरलोड गिट्टी व पत्थर के ट्रकों का भी चालान किया गया, जिससे पत्थर मंडी कबरई व पनवाड़ी क्षेत्र में खलबली मची हुई है।

माइंस आफिसर द्वारा एक के बाद एक ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर करीब 84 ट्रक और डंपरों का चालन करके 32.09 करोड़ रुपये का राजस्व की बढोतरी की है, इससे सरकार को राजस्व का भारी फायदा हुआ है। इसी तरह अवैध रूप से खनन परिवहन करने वाले पट्टाधारकों में भी हड़कंप मच गया है। खान अधिकारी की सख्ती के चलते अब ओवरलोड वाहन चालकों में दहशत बढ़ गई है।

# तीन दिन से पानी न आने से मचा हाहाकार

**संवाददाता कुलपहाड़, महोबा**



हैंडपंप से पानी भरने के लिए खड़े लोग। अमृत विचार

● हैंडपंपों से पानी भरने में नगर वासियों के छूट रहे पसीने

**अमृत विचार।** गर्मी के शुरू होने के बाद अब नगर में पानी का संकट भी बढ़ गया है। नलों से पानी आपूर्ति न किए जाने से भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच लोगों को हैंडपंप और कुओं से पानी लाने में पसीना बहाना पड़ रहा है, जिसके चलते कस्बे वासियों ने पानी की समस्या को लेकर खासा आक्रोश पनप रहा है। बावजूद इसके जलनिगम के अधिकारी पेयजल समस्या का निराकरण नहीं कर पा रहे हैं, जिसका खामिया कस्बे वासियों को भुगतना पड़ता है।

बेला सागर से कुलपहाड़ तक बिछाई गई पाइप लाइन के जरिए कस्बे में पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण तेज धूप और गर्मी में लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। हालत यह है कि पानी की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। लोग हैंडपंपों और दूर दराज के कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं। पाइप लाइन द्वारा पानी की सप्लाई बाधित होने पर लोगों के लिए एकमात्र साधन हैंडपंप ही रह जाता है, जिसमें भीषण गर्मी के बाद भी लोगों की भीड़ जुटने लगी है। अधिकतर हैंडपंपों के भारी चलने एवं कम पानी देने के कारण लोगों को पसीना बहाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से नलों में पानी सप्लाई ठप पड़ी है।

कस्बे वासियों को इस भीषण गर्मी के मौसम में पानी को लेकर काफी समस्या हो रही है, लेकिन फिर भी विभागीय अधिकारियों ने टैंकर आदि की व्यवस्था नहीं की है। यही कारण है कि नगर के सतियनपुरा, राजा वार्ड, कटवारिया, पठवापुरा आदि मोहल्ले में लोग पानी की समस्या से जूझने को मजबूर हैं।

जल संस्थान के अवर अभियंता पवन कुमार से बात की गई, तो उनका कहना है कि इस सम्बन्ध में हमें अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है, कर्मचारियों से जानकारी लेकर समस्या का समाधान किया जायेगा।



छाता वितरण के बाद छाता लेकर खड़ी प्रधानाचार्य व अन्य। अमृत विचार

# चुनाव का पर्व देश का गर्व का नारा गूंजा

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

● कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जहां जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, वहीं पीएम श्री बालिका इंटर कालेज महोबा में कालेज की प्रधानाचार्य द्वारा रविवार को चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के तहत मतदाताओं को वोट का महत्व बताते हुए मतदान करने की अपील की गई, साथ ही तेज धूप से बचने के लिए मतदाताओं को छाते भेंट किए। छाता पाकर लोगों के चेहरों में मुस्कान नजर आई।

पीएम श्री बालिका इंटर कालेज महोबा की प्रिंसिपल सरगम खरे द्वारा 20 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग कर शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए चुनाव का पर्व देश का गर्व के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिक के रूप में मतदान हमारे सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है। मत के जरिए यह कहने का अवसर है कि सरकार में हमारा प्रतिनिधित्व कौन करेगा। मतदान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोगों के लिए अपनी सरकार तक अपनी बात कहने और अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले को चुनने का एक तरीका है। मतदान लोगों को उन निर्णयों में अपनी बात रखने का अधिकार देता है जो उनके जीवन को प्रभावित करते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान मौलिक अधिकार होने के साथ-साथ हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यालय में आए सभी नागरिकों से अपना अमूल्य वोट देककर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया साथ ही तमाम लोगों को धूप से बचाव के लिए प्रिंसिपल द्वारा छाते भी भेंट किए गए।

# मतदाता शांत होकर भांप रहा है हवा का रुख

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**




● खेत खलिहानों में काम कर रहे किसान नहीं दिखा रहे रुचि प्रत्याशियों में बढ़ी बेचैनी

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोबा तिंदवारी सीट से अब सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के चुनावी मैदान में आ जाने से क्षेत्र में चुनावी माहौल अब जोड़ पकड़ने लगा है। सभी दलों के प्रत्याशी और समर्थक अपने अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए तो निकल पड़े हैं, लेकिन खेत खलिहानों में काम करा रहा या कर रहा किसान इस समय खामोशी अख्तियार किए हुए शांत बैठा है। वह सभी को हां हां करके टरका रहा है। मतदाताओं की खामोशी से प्रत्याशियों की नींद उड़ गई है। क्षेत्र का मतदाता अभी शांत रहकर हवा का रुख भांप रहा है।

भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सपा कांग्रेस गठबंधन से अजेंद्र सिंह लोधी और बहुजन समाज पार्टी से निर्दोष दीक्षित चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। सुबह से ही विभिन्न दलों के प्रत्याशी और उनके समर्थक अपने अपने प्रत्याशियों के लिए तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच लोगों से संपर्क साध रहे हैं, जिससे गर्मी में चुनावी माहौल खासा गरम हो गया है। स्थिति यह है कि लोकसभा चुनाव में अब सभी दलों ने संपर्क अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। स्थिति यह है कि अब खेत खलिहानों में नेताओं की गाड़ियां धूल उड़ाती पहुंच रही है, जिससे गांव में भी खासी चहल पहल बढ़ गई है, लेकिन किसान इस समय किसी के चुनाव प्रचार में ध्यान न देकर जल्द से जल्द अपनी फसल को घर भेजने में जुटा हुआ है। लोकसभा चुनाव के सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों में खास बात यह है कि चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी अपना-अपना सबसे पहला विधानसभा चुनाव हार गए, जबकि कांग्रेस सपा गठबंधन का प्रत्याशी पहली दफा विधानसभा का टिकट मिलने के बाद भी टिकट कट जाने पर लोकसभा चुनाव में अब अपनी किस्मत आजमा रहा है। भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में पहली दफा टिकट मिलने पर चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसी तरह बसपा से अपनी किस्मत आजमा रहे निर्दोष दीक्षित भी वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट मिलने पर पहला चुनाव लड़े और हार गए। इसी प्रकार सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी 2022 में विधानसभा चरखारी से सपा से टिकट पाने के बाद पहला चुनाव में खड़े हुए, एक माह तक प्रचार भी किया, लेकिन बाद में टिकट कट गया। अब वह पहली बार सपा कांग्रेस गठबंधन से चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि पुष्पेंद्र सिंह चदेल भले ही पहला विधानसभा चुनाव हार गए हो, लेकिन पहली दफा लोकसभा का टिकट 2014 में मिलने पर जीत गए थे।



पुलिस हिरासत मे बैठे अभियुक्त। अमृत विचार

# पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह व स्वॉट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक रवि सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा चेकिंग की गई। इस दौरान लवकुशनगर जनपद छतरपुर मप्र. निवासी पांच अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

पुलिस टीम ने अभियुक्त बादशाह खान (25) पुत्र भूरे, तालिम (21) पुत्र शवदर, जाहिद अली (35) पुत्र कल्लू उर्फ जाकिर, साबिर (31) पुत्र निहाल अहमद, वसीम (21) पुत्र नन्हे को किडारी फाटक के पास बने मन्दिर के पास तालाब के किनारे से गिरफ्तार कर लिया तथा अभियुक्त बादशाह खान के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी चौकी भटीपुरा, एसआई सत्यपाल सिंह थाना कोतवाली नगर जिला महोबा, कांस्टेबल मुकेश व प्रवीण शामिल रहे, जबकि सर्विलांस व स्वाट टीम में उपनिरीक्षक रवि सिह, हेडकांस्टेबिल भूपेन्द्र, कांस्टेबल निर्भय, कांस्टेबल आशीष बघेल, कांस्टेबल रंजीत शामिल रहे।

### पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को दबोचा

**महोबा।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर जिले में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को अपराध निरीक्षक निर्मल कुमार बाजपेयी और कांस्टेबल उपेंद्र कुमार द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त अमन चौरसिया (22) पुत्र रमेशचंद्र चौरसिया निवासी मोहल्ला इमरीबरा महोबा को मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

# सर्वर न आने से कार्डधारक परेशान

**संवाददाता जैतपुर, महोबा**



सर्वर न आने से राशन की दुकान में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

● तीन दिन से सर्वर फेल होने से अप्रैल माह का खाद्यान्न अधर में लटका

**अमृत विचार।** तीन दिन से सर्वर फेल होने के कारण राशन कार्ड धारकों को खाद्य सामग्री नहीं मिल पा रही है, जिससे राशनकार्ड धारक खाद्यान्न पाने के लिए राशन की दुकानों पर चक्कर काट रहे हैं। इधर अब राशन वितरण का समय मात्र एक दिन रह जाने से और सर्वर न आने से राशन कार्डधारकों की धड़कने बढ़ती जा रही है।

कस्बा जैतपुर के अलावा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की सरकारी राशन की दुकानों में 26 अप्रैल से नेटवर्क नहीं आ रहा है, जिससे राशनकार्ड धारकों के लिए समस्या पैदा हो गई है। 29 अप्रैल को राशन वितरण की अंतिम तिथि है, यदि उस दिन भी नेट नहीं आया तो ग्रामीणों का अप्रैल माह का कोटेदारों के यहां से मिलने वाला खाद्यान्न नहीं मिल सकेगा। तीन दिन तक लगातार सर्वर डाउन रहने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है। जैतपुर, खिरियाकला, हसला, थुरट, पचारा सहित तमाम जैतपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की राशन दुकानों में नेट न आने से खाद्यान्न वितरण कार्य ठप हो गया है।

### कार्डधारकों ने बताईं अपनी-अपनी समस्याएं

राशनकार्ड धारक मोहम्मद यूसुफ और दिलजीत का कहना है कि 29 अप्रैल को राशन वितरण की अंतिम तिथि है। जबकि तीन दिन से नेटवर्क पूरी तरह से फेल है। वह लोग खेती और मजदूरी का काम छोड़कर राशन लेने के लिए तीन दिन से राशन की दुकानों में दौड़ धूप कर रहे हैं, लेकिन नेट की समस्या के चलते खाद्यान्न नहीं मिल सका, जिससे अप्रैल माह का राशन पाने से वंचित होने के आसार दिख रहे हैं। कार्डधारक सुमन देवी और लाड़कुंवर कहती हैं कि वह राशन पाने के लिए कई दिनों से चक्कर लगा रही है। पहले अधिक भीड़ होने के कारण वह लौट गई। अब तीन दिनों से इंटरनेट की समस्या बढ गई है, जिससे उनका खाद्यान्न अधर पर लटक गया है।

**लोधी समाज का विवाह समारोह**

**सुबह से समाज के लोगों की जुटी भारी भीड़, कहा– ऐसे आयोजनों से दहेज मुक्त होंगे विवाह, संभ्रांत लोग रहे मौजूद**

# अग्नि के फेरे लेकर 26 जोड़ों ने एक दूसरे को पहनाई वरमाला





विवाह की रस्में करता जोड़ा, वर-वधु को आशीर्वाद देते समाज के लोग व वैवाहिक गीत गाते लोकगायक। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, महोबा**

**अमृत विचार।** लोधी समाज जनकल्याण समिति के तत्वावधान में 15वां लोधी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन राठ रोड पर शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कालेज मैदान में आयोजित किया गया, जहां पर हमीरपुर, महोबा व अन्य जिलों से 52 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन होने के बाद रविवार को 26 जोड़ों ने एक दूजे को वरमाला पहनाकर और अग्नि को साक्षी मानकर वैवाहिक बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के मौके पर राठ, पनवाड़ी, मुस्करा, महोबा, चरखारी, श्रीनगर, बेलाताल क्षेत्र से सुबह से ही लोधी समाज के वर वधु अपने माता पिता और रिश्तेदारों के साथ विवाह स्थल पर पहुंच गए, जहां पर हिन्दू रीति रिवाज के साथ वर वधु एक दूसरे के जीवन साथी बने।

हर साल की तरह इस साल भी शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कालेज मैदान में रविवार को लोधी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जहां पर विवाह संपन्न होने के बाद समिति के पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने दुल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया। इसके बाद विदाई कार्यक्रम शुरू हुआ जो रुक रुककर शाम तक चलता रहा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए वर वधु पक्ष के लोग अपने अपने वाहनों से सम्मेलन पर पहुंच गए। सम्मेलन के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भारी भीड़ जुटी रही। विद्यालय परिसर में बड़े भूभाग पर टेंट लगाया गया, जहां पर विवाह सम्मेलन में आने वाले लोगों को बैठने की व्यवस्था की गई। परिसर में ही कई हवन कुंड बनाए गए, जहां पर एक साथ कई-कई वर वधु का विवाह वैदिक मंत्रों के बीच संपन्न कराया गया।

लोधी समाज जनकल्याण समिति के अध्यक्ष महेश राजपूत ने बताया कि खर्चीली शादियों को रोकने और बिना दहेज के विवाह करने के लिए समाज को प्रेरित करने का काम लोधी समाज जनकल्याण समिति द्वारा किया जा रहा है। विवाह सम्मेलन के मौके पर समिति द्वारा वर वधु को उपहार भी भेंट किए गए, इससे समाज के साथ साथ सभी वर्ग को जागरूक करने की जरुरत है, जिससे दहेज रहित शादियां हो सकें। विवाह सम्मेलन में 52 पंजीयन के सापेक्ष 26 विवाह संपन्न हुए। सामुहिक सम्मेलन में समाज के लोगों द्वारा अच्छा खासा पैसा भी खर्च किया गया है।

विवाह सम्मेलन के मौके पर हमीरपुर महोबा संसदीय सीट के सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी, भाजपा के पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा पटनाहा, बेलाताल ब्लाक अध्यक्ष सुभाषचंद्र राजपूत, चरखारी ब्लाक अध्यक्ष देवसिंह राजपूत, पनवाड़ी ब्लाक अध्यक्ष कुंवरलाल, चांदो चंद्रपुरा के पूर्व प्रधान बालकिशन राजपूत सहित समाज के तमाम सभ्रांत लोगों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

### इन जोड़ों का हुआ विवाह

शिशु शिक्षा निकेतन परिसर में लोधी समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन में उपासना बघवाहा का भपेंद्र भरवारा, सविता पृथ्वीपुरा मध्यप्रदेश, लक्ष्मण सिंह भरवारा, पुष्पा राजपूत कर्रा सलैया, योगेंद्र पृथ्वीपुर, नीलम पहाड़ी घटारी, अमित कुमार सिजवाहा, रेखा मसूदपुरा, अनंत कुमार महुआ, कस्तूरी खिरियाकला, अश्वेंद्र भदेसर, खुशबू बघरौन, करन सिंह बिलगांव हमीरपुर, शिवानी रजपुरवा, सचिव राजपूत बिलबई, काजल बिलखी, आकाश राजपूत पचपहरा, बबली सिजवाहा, अखिलेश बिच्छूपहाडिया सहित 26 दुल्हा दुल्हन का विवाह संपन्न कराया गया।

### तेज धूप के बाद भी सम्मेलन में रही चौकस व्यवस्थाएं

41 डिग्री तापमान के बीच तेज धूप और गर्म हवाओं को दरकिनार कर विवाह सम्मेलन में लोधी समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इतना ही नहीं सम्मेलन स्थल पर गर्मी को देखते हुए बड़े पैमाने पर मिनरल वाटर के डिब्बों का इंतजाम किया गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े। इतना ही नहीं विवाह सम्मेलन में आने वाले वर वधु पक्ष के लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

### विवाह कार्यक्रम में बजते रहे शादी के गीत

विवाह सम्मेलन के मौके पर निकेतन परिसर में कहीं शादी के गीत कलाकारों द्वारा गाए जा रहे थे, तो कहीं पर सामुहिक विवाह सम्मेलन विवाह कराने के फायदे भी मंच से बताए जा रहे थे। इतना ही नहीं जिस स्थल से विदाई कार्यक्रम किया जा रहा था, वहां पर विदाई गीत गाकर माता पिता और वधु पक्ष के लोगों की आंखें भी नम देखी गईं। नई नवेली दुल्हन विदाई के समय खुद रोते हुए परिवार के लोगों को भी रुलाकर अपने माता पिता का आंगन सूना करके चली गई।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत और तीन लोग घायल

**महोबा।** जिले में अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक अज्ञात की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

महोबा बांदा रोड पर बांदा तिराहे के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रख दिया है। पुलिस का कहना है कि उसकी शिनाख्त कराई जा रही है।

रायबरेली निवासी सरताज 22 पुत्र अल्ताफ ट्रक लेकर पत्थर मंडी कबरई में गिट्टी लेने आया था। रविवार को वह गिट्टी लेकर वापस रायबरेली जा रहा था। तभी किराड़ी गांव के पास अचानक ट्रक चालक संतुलन को बैठा और ट्रक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली चरखारी के ग्राम सूपा निवासी रुस्तम 45 बाइक से जनपद छतरपुर के कस्बा चंदला से वापस अपने गांव आ रहा था। तभी बाइक गिर गई, जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह ग्राम रिवई के पास कोतवाली चरखारी के ग्राम रिवई निवासी सुशील बाइक से गिरकर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# प्रेमिका का बुलावा स्वीकार करना प्रेमी को महंगा पड़ा

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- घर में घुसे प्रेमी को परिजनों ने मारपीट कर मरणासन्न किया

**अमृत विचार।** शनिवार रात प्रेमिका के बुलाने पर घर मिलने पहुंचे प्रेमी को परिजनों ने पकड़कर जमकर मारापीटा और मरणासन्न कर पुलिस के हवाले कर दिया।


घायल महेश।

कस्बे में एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने शनिवार रात यूपी 112 पुलिस को सूचना दी कि उनके घर में मोहल्ले का ही युवक महेश (24) पुत्र सतीशचंद्र अहिरवार घुसा है जिसे उन लोगों ने पकड़ लिया है। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने मौके पर जाकर देखा कि महेश मरणासन्न स्थिति में घायल सूचनाकर्ता के घर में पड़ा है। जिसे पुलिस ने अपनी गाड़ी से सीएचसी पहुंचाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ.हेमंत दसारिया ने उपचार कर उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। उधर महेश के पिता और परिवार के ही गंगाराम, हरीमन ने थाना में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र का पड़ोसी युवती से पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है जिसके चलते रात में प्रेमिका ने उसे मिलने के लिए घर बुलाया था। जैसे ही वह पहुंचा तभी प्रेमिका के परिजन जाग गए और महेश को घर के अंदर ही पकड़ लिया। उसे इस कदर मारा पीटा कि वह मरणासन्न हो गया। बताया कि लड़के व उस युवती के मोबाइल से सैकड़ों बातचीत और काल पड़ी हैं। महेश की स्थिति गंभीर है, जिसे अभी उरई मेडिकल कॉलेज ले जा रहे हैं। वहीं थाना उप निरीक्षक शिवम पांडेय ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है। विवेचना कर कार्रवाई की जा रही है।

# आग लगने से करीब 100 बीघे की पराली जलकर खाक


पिपरौंदा गांव के पास खेतों में पराली में लगी आग बुझाते फायर कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अप्रैल माह के अंतिम समय में लगातार आग की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। जिससे किसानों के चेहरे में मायूसी छाई है। खेतों में गेहूं की पराली में आग लगने से पशुओं के लिए भोजन के लाले भी पड़ सकते हैं।

विकासखंड के अछरेला और पिपरौंदा के बीच खेतों में फसल काटने के बाद बची पराली जिसमें भूसा बनाया जाना था, अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग धीरे-धीरे अपना विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया। जिससे आसपास के गांव में भय का माहौल व्याप्त हो गया। किसान पिंटू यादव ने फायर सर्विस से बात न हो पाने की वजह से कोतवाल मौदहा को इस संबंध में अवगत कराया। जिससे कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए फायर सर्विस को सूचना देकर आनन-फानन में आग बुझाने जाने के लिए अवगत कराया। पर जब तक अग्निशमन की गाड़ी वहां पहुंची तब तक लगभग 100 बीघा से अधिक की पराली जलकर खाक हो चुकी थी। आग बुझाने के लिए कई टैंकर पानी भी खत्म हो गया और आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी। इस आग से किसान संतराम पिपरौदा, बउवा महाराज तथा अन्य किसानों के लिए पालतू पशुओं को भोजन भूसा खिलाने में भारी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

- ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिवनी गांव में अज्ञात कारणों के चलते शनिवार की रात्रि करीब 1 बजे रिहायशी मकान में आग लग जाने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी नारायण तिवारी के रिहायशी मकान में शनिवार की रात करीब एक बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की लपटों को देखकर गांव के लोग इकट्ठा होकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। साथ ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर


सिवनी में आग से जलता मकान।

ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व डायल 112 की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में काबू पा सकी। मोहल्ले के संजय सैनी ने बताया कि रात को करीब एक बजे शोर सुनकर उसकी आंख खुल गई। तो देखा कि पड़ोसी नारायण के घर से आग की लपटे उठ रही थी।

पड़ोसियों व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक घर गृहस्थी का सामान सहित अनाज, आदि जलकर राख हो गया। बताया कि गृहस्वामी परिवार सहित दिल्ली में मेहनत मजदूरी करते हैं। बताया कि उनका मामा घर के बाहर सो रहा था। आग को देखकर शोर मचाने पर लोगों को जानकारी हो सकी। आग की घटना में गृहस्वामी का लाखों रुपये की क्षति हुई है।

### अज्ञात कारणों से पराली में लगी आग

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के रघवा गांव में गांव के बाहर खेतों में गेहूं की पराली में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया वहीं तेज हवाओं के चलते आग गांव के नजदीक पहुंचने लगी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व थाना पुलिस की टीम ने आनन फानन कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नेतराम ने बताया कि गेहूं की पराली में आग लग गई थी। तेज हवाओं के चलते आग गांव की तरफ बढ़ रही थी। लेकिन सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# गांधी विद्यालय में मॉडल, जीजीआईसी में बनेंगे पिंक बूथ

## एसडीएम ने बैठक कर संबंधित अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर में पिंक बूथ व मॉडल बूथ बनाए जाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई।


ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कस्बे के ब्लॉक सभागार में सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए ब्लॉक सभागार में उप जिलाधिकारी रमेश चंद्र की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 20 मई को होने वाले मतदान को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका, खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग सहित राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर में नगर के गांधी विद्यालय को मॉडल बूथ बनाने के लिए खंड विकास अधिकारी दुर्योधन को जिम्मेदारी दी गई तथा नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को पिंक बूथ बनाए जाने के लिए नगर पालिका को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस संबंध में एसडीएम ने कहा कि आगामी 18 मई को संबंधित अधिकारी इन स्थानों पर यह कार्य पूर्ण करा लकें। बताया गया कि समय समय पर निरीक्षण किया जाए और चुनाव में किसी तरह की कोई लापरवाही न बरती जाए। जिससे आम चुनाव में आम जनमानस को मतदान करने में किसी प्रकार की कमी महसूस न हो। इस मौके पर तहसीलदार बलराम गुप्ता ने बताया कि आगामी 7 से 10 मई तक सभी कर्मचारी मत का प्रयोग करने वाली पर्चियों का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से घर-घर जाकर कर दे और 20 तारीख को मतदान करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। बैठक में एबीएसए राम गोपाल वर्मा, अवर अभियंता तोताराम, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, अमर सिंह यादव एवं भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम का लिया जायजा

**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम एमसीएमसी मीडिया सेंटर का निर्वाचन आयोग से आए व्यय प्रेक्षक पुरुषोत्तम के द्वारा निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक पुरुषोत्तम के।

- सी विजिल पोर्टल में प्राप्त हुईं 30 शिकायतों का किया निस्तारण

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम के माध्यम से उड़नदस्ता टीम / स्थैतिक निगरानी टीम, सी विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं निस्तारण संबंधी आवश्यक जानकारी लेते हुए सी विजिल पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। समीक्षा दौरान सी विजिल पोर्टल पर प्राप्त 30 शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर उड़न दस्ता टीम के द्वारा किया गया। जिस पर प्राप्त 14 शिकायतें सत्य पाई गई जिनका समयावधि 100 मिनट में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया गया। शेष 16 शिकायतों पर मौके पर जाने पर उड़नदस्ता टीम द्वारा असत्य पाई गई। उक्त के साथ-साथ आम जनमानस को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भी शिकायतें पंजीकृत कराये जाने के लिए निर्देश दिए गए कि डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल सेंटर पर आने वाले फोन पर वार्ता कर सी विजिल भी डाउनलोड करा दिया जाए। अब तक डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल सेंटर पर 88 शिकायतें आईं। जिनके निस्तारण पर व्यय प्रेक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त की। व्यय प्रेक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर प्रभावी नजर रखी जाए, उम्मीदवार के साथ-साथ उनके फॉलोवर्स के भी सोशल मीडिया एकाउंट पर भी नजर रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ.नागेन्द्र नाथ यादव व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार व डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला, ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला ने पति व देवर के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** देवर भाभी के बीच उपजे विवाद उत्पन्न होने पर इस विवाद पर बीच बचाव करने पहुंची साली के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने देवर व पति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव निवासी फारुख ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन का विवाह हसन के साथ संपन्न हुआ था। जिसमें कुछ दिन के बाद से ही ससुरालीजनों में आपसी सहमति न बनने पर विवाद उत्पन्न होता रहा। इसी क्रम में उसके देवर मुबारक ने 25 अप्रैल को अकारण ही गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। तभी उसकी साली घटना स्थल पर आ गई और पति व देवर दोनों ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसमें पति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्जकर पति के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### ससुरालियों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा ( हमीरपुर)।** ससुरालीजनों की प्रताड़ना की शिकार महिला ने कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच करने में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र की परछा डेरा निवासी अनीता पत्नी संजय ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके ससुर शिवपरसन, जेठानी सुनीता घर में नहाते समय मारपीट करना शुरू कर दिया। यह क्रम कई वर्षों से लगातार चल रहा है। जिससे आए दिन ससुरालीजन पीड़िता के साथ मारपीट करते हैं। रविवार को भी लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया की आरोपियों के विरुद्ध 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# दबंगों ने ग्राम प्रधान का रास्ता रोककर मारापीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए

**अमृत विचार।** चिकासी थाने के जिगनी गांव के पास तीन लोगों ने नदी की तरफ जा रहे ग्राम प्रधान को रोक कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारापीटा। आरोप है कि आरोपियों ने ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ग्राम प्रधान ने चिकासी थाने में घटना की लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चिकाफी थाने क्षेत्र के गढ़हर गांव निवासी शिवनारायण पुत्र धनसिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह चकअमरपुरा गांव का ग्रामप्रधान है। बताया कि रविवार की सुबह वह नदी की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में उसे टोला खंगारन गांव निवासी बल्लू पुत्र महेंद्र पाल, संजू खंगार निवासी ग्राम चुरारी तथा संदीप निवासी झांसी मिले। बताया कि तीनों लोग नाजायज असलहा लिए हुए थे। पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। थानाध्यक्ष चिकासी ने बातया कि रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

# बाल संतों ने प्रस्तुत कीं भक्ति रचनाएं, मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यालय के रमेड़ी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी मंडल शाखा द्वारा आयोजित जिलास्तरीय विशाल निरंकारी बाल समागम का आयोजन हुआ। जिसमें नगर सहित अन्य कस्बों के बाल संतो ने अपनी भक्ति रचनाएं प्रस्तुत की। बाल समागम में आने वाले सभी बच्चों को आकर्षक गिफ्ट भेंट किए गए। निरंकारी बाल समागम की अध्यक्षता झांसी से आए महात्मा तरसेम कुमार निरंकारी जी ने की।


बाल समागम कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

इस मौके पर महात्मा तरसेम कुमार निरंकारी जी ने कहा समाज का भविष्य आने वाली पीढ़ी पर निर्भर करता है अच्छे संस्कार, संगति व अनुशासन ही बच्चों का भविष्य तय करते है। जिस प्रकार मजबूत नींव के बिना मकान को खड़ा नहीं किया जा सकता है, उसी प्रकार अच्छे संस्कारों के बिना उत्तम व्यक्तित्व का निर्माण संभव नहीं है। संस्कारयुक्त शिक्षा ही बच्चों को उन्नति के पथ पर ले जाती है। अच्छी संगत से ही नकारात्मक सोच को सकारात्मक सोच में बदला जा सकता है। बच्चे ही संसार का भविष्य है। संत निरंकारी सत्संग प्रत्येक शाखा में नियमित बाल सत्संग, युवा सत्संग, महिला सत्संग, सपरिवार सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य के सुंदर मानव समाज से सुसज्जित संसार का निर्माण कर रहा है। अंत में जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी जी ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद दिया। संचालन बहन ऋचा ने किया। इस मौके पर बहन सुनीता निषाद, संगीता सोनकर, रामप्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। समागम के बाद लंगर की व्यवस्था की गई।

- संत निरंकारी सत्संग भवन में जिला स्तरीय बाल समागम का हुआ आयोजन

## सार-संक्षेप

### स्वच्छता अभियान में जुटे सुभाषचंद्र सिंह हुए बीमार

**हमीरपुर।** शहर की गंदगी हटाने का संकल्प लेकर जुटे स्वच्छता अभियान में सुभाषचंद्र सिंह स्वयं संक्रमित हो गए। शनिवार को उनके किसी वाद की तारीख चकबंदी न्यायालय में थी। जिसमें वह गए हुए थे। जहां अचानक उन्हें चक्कर आया और वह अचेत होकर वहीं गिर पड़े। आनन फानन चकबंदी अधिकारी ने मानवता का परिचय देते हुए उन्हें जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया। जहां तैनात डा. आरएस प्रजापति ने उनका इलाज किया। उन्हें भर्ती वार्ड में भर्ती कर इलाज जारी है।

### पांच ससुरालियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** जनपद कानपुर देहात के थाना सिकंदरा के ग्राम दुर्राजपुर निवासी सत्येंद्र कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 15 अक्टूबर 2018 को बहन की शादी कुरारा थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी कुलदीप सचान पुत्र प्रमोद सचान के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। शादी में अपने हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद बहन का पति, ससुर, सास, देवर, ननद अतिरिक्त दहेज में मारुति कार के साथ 5 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे और आए दिन गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाते हुए कहां की बहन को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर जहरीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति कुलदीप सचान, ससुर प्रमोद सचान, सास उर्मिला सचान, देवर दिलीप, नंद नीतू सचान के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में घर में लटका मिला अधेड़ का शव

**राठ।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी पन्नालाल (55) पुत्र लल्लू ने रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने घर के आंगन में लगे लोहे के जाल पर रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि पन्नालाल कस्बे के अंबेडकर चौराहा में बाल कटिंग की दुकान किए हुए था। इसके अलावा वह दो बीघा जमीन पर खेती कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था। बताया कि पन्नालाल के ऊपर लगभग डेढ़ लाख रुपये का साहूकारों का कर्ज भी था। पन्नालाल शराब पीने का भी लती था। मृतक अपने पीछे इकलौते पुत्र राजू के अलावा पत्नी पुष्पा, मां तिजिया के अलावा दो विवाहित पुत्रियों सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।


पन्ना लाल।

### हज यात्रियों का टीकाकरण एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम कल

**मौदहा।** हज को जाने वाले यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित होगा। कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में हज 2024 को जाने वाले 46 हज यात्रियों का टीकाकरण एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी प्रांगण में आयोजित होगा। जिसमें ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी से पत्र के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में चिकित्सक टीम को टीकाकरण करने के लिए भेजने की अपील की। वहीं जिला हज ट्रेनर हाजी जहांगीर ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज को जाने वाले 46 हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम कल आयोजित किया जाना है। जिसमें बतौर मुख्य हाजी हाफिज मोहम्मद जावेद (सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति लखनऊ) उपस्थित होंगे।

### पालिका ने पांच स्थानों पर खुलवाए निःशुल्क प्याऊ

**मौदहा।** शासन के निर्देशानुसार हीटवेव व अधिक तापमान को देखते हुए नगर के पांच स्थानों पर नगर पालिका के द्वारा निशुल्क प्याऊ खोले गए हैं। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए किसान, व्यापारी, मजदूर, युवा छात्र-छात्राओं को घड़े का शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित स्थान बड़ा चौराहा, रेलवे स्टेशन, देवी चौराहा, चारा मंडी, कपसा रोड व सहकारी समिति के सामने प्याऊ खोले गए है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि अभी पांच स्थानों पर इसकी व्यवस्था कराई गई है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य स्थानों पर भी प्याऊ खोले जाएंगे।

**हाल-बेहाल** ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी नहीं ले रहे कोई सुध

# हाईटेंशन लाइन के ढीले व जर्जर तार दे रहे हैं हादसों को दावत

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में हाईटेंशन लाइन के ढीले और जर्जर तार हादसों को न्यौता दे रहे हैं। तार बार-बार टूटने से कई बार हादसे हो चुके हैं। जर्जर लाइनों व तारों को बदलवाने के लिए ग्रामीणों की लिखित व ऑनलाइन शिकायतों के बाद भी अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।


सिकरी गांव में घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन। अमृत विचार

ललपुरा और शिकरी गांव में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना से करीब 18 वर्ष पूर्व हाईटेंशन लाइन बिछाई गई थी। शिकरी गांव में रामकिशोर के मकान से परशुराम के घर तक मुख्य रास्ते में बिजली के तारों का जाल बिछा हुआ है। शिकरी गांव में दस केबी के तीन ट्रांसफार्मर रखे हैं। लोड ज्यादा होने के कारण आए दिन केबिल खराब होती है। संतोष दीक्षित ने बताया एक ट्रांसफार्मर से करीब तीस घरों में कनेक्शन दिए हैं। पूरे गांव में करीब 135 कनेक्शन है। केबिल डोरी जर्जर तार व जाल लटक रहें हैं। यह जाल लोगों के घर के खपरैल में भी रखे हैं। कई बार बड़े हादसे टल चुके हैं। गांव के जयसिंह ने बताया झूलते तारों के वजह से ट्रैक्टर से भूसा घरों तक ले जाने में असुविधा होती है। वहीं शादी आदि अवसरों में डीजे घरों तक नहीं पहुंच पाते हैं। चार वर्ष पूर्व हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार टूट कर गिर गया था, जिससे घर के बाहर सो रहा किसान बाल बाल बच गया था। वहीं ललपुरा में पूरे गांव में हाईटेंशन जर्जर तारों का मकड़ जाल फैला हुआ है। गांव निवासी अंकित वर्मा, श्याम बाबू, दीपू आदि ने बताया गांव में जर्जर तारों से अक्सर खतरा बना रहता है। पोल से लगी केबिल अक्सर ख़राब हो जाती है। थोड़ी सी हवा चलने पर घरों तक जाने वाली डोरी फाल्ट हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कई बार ऑनलाइन व लिखित शिकायत हाईटेंशन जर्जर तारों को बदलने की कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। शिकरी गांव के प्रधान प्रतिनिधि संजय पाल ने बताया कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक रूप व लिखित शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अभी तक हाईटेंशन लाइन नहीं बदली है। उधर जेई आशुतोष सिंह ने बताया लोकसभा चुनाव बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

### पौथिया के एसवी इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ की विद्युत आपूर्ति ठप

**पौथिया (हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान से पहले पोलिंग बूथों में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दे चुके हैं। बड़ी आबादी वाला पौथिया गांव संवेदनशील है। पिछले फरवरी माह में तेज आंधी तूफान से बिजली के हजारों पोल टूट गये थे। साथ ही पौथिया पोलिंग बूथ एसवी इंटर कॉलेज का एक बिजली का पोल टूट गया था। वहीं दूसरा पोल चटक गया था जिससे बिजली आपूर्ति ठप है। विभाग की उदासीनता के चलते अभी तक पोल केबिल टूटी पड़ी है। इधर लोकसभा चुनाव नजदीक है और पोल टूटा पड़ा है। कॉलेज में चार बूथ बने है। बिजली न होने से पोलिंग पार्टियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उधर एसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बीरेंद्र सिंह ने बताया पिछले माह फरवरी में आई तेज आंधी तूफान से बिजली का पोल टूट गया था जिससे बिजली आपूर्ति ठप है। वैकल्पिक व्यवस्था से काम चल रहा है बिजली पोल टूटने की जानकारी विभाग को दे चुके हैं। उधर जेई आशुतोष सिंह से संपर्क किया तो उनका फोन नहीं लगा।


पौथिया गांव के एसवी इंटर कॉलेज में टूटा पोल।

# ब्लैकमेलिंग से तंग व्यापारी ने जहर खाकर दे दी जान

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये ऐंठते थे दंपति

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार।** दंपति की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर किराना व्यापारी ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र व पत्नी के मुताबिक कस्बे निवासी दंपति अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उनसे लगातार रुपये ऐंठ रहे थे। इसी से परेशान होकर व्यापारी ने आत्महत्या कर ली।

कोतवाली क्षेत्र के कृष्ण नगर निवासी नरेश गुप्ता उर्फ अज्जू (45) की कस्बा स्थित अतर्रा मार्ग पर किराना की दुकान है। शनिवार की रात परिजनों के सोने के बाद उन्होंने घर पर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल से उसे कानपुर रेफर कर दिया।

परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर लौट आए। मौके पर पहुंचे कोतवाली के उपनिरीक्षक अनिल सिंह ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेजा दिया।

मृतक के पुत्र सागर गुप्ता और पत्नी निधि के मुताबिक कस्बा निवासी दंपति अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसा ऐंठते थे। उनके साथ चार अन्य लोग भी ब्लैकमेलिंग में शामिल हैं।

### पुत्र ने दंपति समेत चार अज्ञात के विरुद्ध दी तहरीर

- अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिग कर रुपये ऐंठ रहे दंपति समेत चार लोगों से परेशान होकर जहर खाकर आत्महत्या करने वाले किराना व्यापारी के पुत्र सागर ने बताया कि उसके पिता को कस्बा निवासी एक दंपति ने ईद पर अपने घर बुलाया। नशे की हालत में दंपति ने नरेश का अश्लील वीडियो बना लिया। दंपति अक्सर उसके पिता को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आर्थिक शोषण करते थे। इसी से परेशान होकर उसके पिता ने जहर खा कर खुदकुशी कर ली। कोतवाली प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल, हालत गंभीर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

रविवार को सुबह 10 बजे कस्बे के देवगांव मार्ग में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ई रिक्शा सवार चंद्रपाल प्रजापति निवासी बांकी रोड गंभीर रूप से घायल हो गया और ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना में नेशनल हाईवे में चंद्रपुरवा गेट के समीप करीब ढाई बजे बाइक लेकर कस्बे की तरफ आ रहे सिलौली मौदहा निवासी नितेंद्र तिवारी को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार को सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगी है। हालत नाजुक होने पर उसका प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### हाईवे पर बाइक फिसलने से महिला घायल

**कालपी।** रविवार को जोल्हूपुर-कालपी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसमें सवार महिला घायल हो गई। इलाज के लिए घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया। कदौरा थाना क्षेत्र की ग्राम भेड़ी निवासी 42 वर्षीय महिला रामदेवी अपने पति रामलखन के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर शादी में शामिल होने के लिए जा रही थी। तभी कालपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौरासी गुंबद के समीप हाईवे रोड में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल फिसल गई, जिससे रामदेवी घायल हो गई। आनन फानन में घायलावस्था में रामदेवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रिफर कर दिया।



चण्डौत गांव में श्रीमद्भागवत कथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार

# सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रोता

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** चंडौत गांव में चल रही श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा पर रविवार को कथावाचक प्रेरणा बृजवासी ने कृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि सुदामा ने जहां दोस्ती की मिसाल पेश की, वहीं कृष्ण ने समाज में समानता का संदेश दिया। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान हमेशा सच्चे भक्तों में ही वास करते हैं। सुदामा चरित का बखान करते हुए कहा कि संसार में मित्रता श्री कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर लोग भूल जाते हैं।



प्रेरणा बृजवासी।

जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता ज़रूर बनाना चाहिए। कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। गंगा प्रसाद शास्त्री परासन, यज्ञ संचालक शीलू महाराज के साथ महिला पुरुष पहुंचे और भक्ति गीतों में झूमते हुए आनंद लिया।

# पशु बाजार संचालन पर रोक लगाने से विधवा आहत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में लंबे समय से संचालित पशु बाजार के संचालन पर शनिवार को रोक लगाने से आहत विधवा महिला ने रविवार को आलाधिकारियों को ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होंने नगर पालिका परिषद द्वारा जारी पशु बाजार के लाइसेंस की प्रतियां देकर अपने कारोबार को वैध ठहराया है।

कस्बे के मोहल्ला उपरौस निवासी सलीमन बानो पत्नी सलीम हामिद नगर पालिका परिक्षेत्र के अंतर्गत लगभग 30 साल से साप्ताहिक पशु बाजार का संचालन कर रही हैं, लेकिन बीते कुछ समय से मौदहा ग्रामीण क्षेत्र में एक पशु बाजार का लाइसेंस और निर्गत किया गया है। इसको लेकर विवाद की स्थिति बढ़ती ही जा रही है। कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने शनिवार को अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के आदेश का हवाला देते हुए नगर पालिका क्षेत्र में संचालित सलीमन बानो के बाजार संचालन पर रोक लगा दी। हालांकि सलीमन बानो ने दस्तावेज आलाधिकारियों सहित पत्रकारों को दिए हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि पशु बाजार नगर पालिका क्षेत्र में संचालित हो रही है। जबकि सिजनौड़ा गांव के निकट संचालित पशु बाजार ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण जिला पंचायत द्वारा संचालित की जा रही है।

- अधिकारियों को बाजार संबंधी कागजात पेश किए

# सविता समाज के मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** सविता सेन समाज का सम्मान समारोह व परिचय सम्मेलन एक मैरिज हाल में आयोजित किया गया। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को जल शक्ति राज्यमंत्री, सांसद सनेत अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद उन्नाव-लखनऊ के एमएलसी रामचंद्र प्रधान, सांसद आरके सिंह पटेल द्वारा प्रदेश में बोर्ड की परीक्षा में मैरिट सूची में आठवां स्थान अर्जित करने वाली समाज की मेधावी छात्रा सुरभि सविता के साथ-साथ अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी व मैडल देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान अतर्रा नगर पालिका अध्यक्ष संगीता निराला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान समाज के अन्य लोग भी मौजूद रहे। जिनमें संयोजक राजेश सेन, संचालन मनोज के साथ संतोष कुमार, राममोहन सविता, विनय यज्ञिक, कौशल, उमेश कुमार सविता, राहुल सेन, महेंद्र, मनोज सविता, रमेश सविता, अश्वनी, गंगा प्रसाद, शिवचरन सविता, अनिल सेन, छत्रपाल, हरि सविता, बबलू, पीडी यज्ञिक, डॉ. घनश्याम, रामबाबू सेन, संजीव, रामलखन, ओमप्रकाश, दिलीप, रामप्रताप समेत बड़ी संख्या में समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।



मेधावियों को सम्मानित करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

# दो शातिर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने जरिया गांव के पास से दो शातिर अपराधियों को चोरी की बाइक और तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने बताया कि क्षेत्र के अलकछवा गांव निवासी मनीराम व विकास शातिर अपराधी है। दोनों के विरुद्ध थाने में दो-दो मामले दर्ज हैं। रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान जरिया गांव के पास से इन्हें गिरफ्तार किया गया है। इनके पास एक मोटरसाइकिल एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपियों के विरोध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बताया कि अंशुल दुबे निवासी बैरई थाना कालपी जनपद जालौन के विरुद्ध पास्को एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## सार-संक्षेप

### घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर- ट्रॉली को ले गए चोर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** शनिवार की रात क्षेत्र के ग्राम कुंडौरा से चोर घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गए। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर सौंपकर ट्रैक्टर ट्राली बरामद करने की गुहार लगाई है। कुण्डौरा गांव निवासी दिव्यांग रामभरोसे ने पुलिस को दी गई। तहरीर में अवगत कराया है कि वह हाईवे किनारे बने मकान के बाहर ट्रैक्टर ट्राली को रात में खड़ा करके दूसरे मकान में सोने चला गया था। सुबह दरवाजे से ट्रैक्टर ट्राली गायब थी। पीड़ित किसान ने पुलिस से ट्रैक्टर ट्राली बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### कैंसर पीड़ित विधवा ने लगाया पड़ोसी पर कब्जे का आरोप

**सुमेरपुर।** कस्बे की एक कैंसर पीड़ित विधवा ने नाबालिग बच्चों को साथ लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर पड़ोसी पर जमीन में कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने जांच के बाद कार्यवाही के आदेश दिए हैं। कस्बे की गुरुगुज थोक निवासी कैंसर पीड़ित विधवा साधना मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके स्व .पति श्रीकांत मिश्रा ने गुरुगुज थोक में सागर मार्ग किनारे एक मकान खरीदा था। इस मकान के ठीक बगल में रामदेवी मिश्रा का मकान है। रामदेवी अपने पुत्र कुलदीप, बउवा, कन्हैया के साथ मिलकर कब्जा जमाने की नीयत से रात के अंधेरे में गुमटी रख दी है। मना करने पर सभी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि यह पारिवारिक विवाद है। जांच की जा रही है। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।



क्लब के सदस्यों के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष। अमृत विचार

### गिरीश शरण बुधौलिया बने लायंस क्लब के अध्यक्ष

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के एक निजी रिसोर्ट में रविवार को सामाजिक संस्था लाइंस क्लब की वार्षिक बैठक हुई। बैठक में 2024-25 का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से क्लब के सदस्यों ने गिरीश शरण बुधौलिया को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। बैठक में लायन कमलेश सिंह सचिव, लायन तरुण महेश्वरी कोषाध्यक्ष चुने गये। लायंस क्लब के निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि हर साल चुनाव होता है। बैठक की अध्यक्षता लायन विनोद गुप्ता सीए ने की। इस मौके पर लायन राजकुमार चचैंदिया, सुलभ चचैंदियां, कमलेश सिंह, ब्रजेश गुप्ता, राजेंद्र सिंह, मोहित सिंह, सऊद बेग, मुहम्मद उमर, अरविंद गुप्ता, सत्यम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, ब्रजेंद्र गुप्ता, मेवा बुधौलिया, माधवी राजपूत सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### बिरयानी खा रहे युवक को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** बजरिया में बिरयानी खा रहे एक युवक को बाप बेटे ने जमकर पीटा। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार बडी जुलेहटी निवासी इमामी पुत्र सुबराती ने बताया कि वह बजरिया में बिरयानी खा रहा था। उसी दौरान कांशीराम कालोनी निवासी इसराइल और उसका पुत्र कल्लू आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से जमकर पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है।

# प्रतिबंधित रूट पर ऑटो चलते मिला तो परिवहन विभाग करेगा चालान

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** जालौन सड़क सुरक्षा पखबाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर संचालित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्टलेक्टर टेप लगाने की कार्रवाई की। उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया।

राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर संचालित हो रहे ऑटो रिक्शा के वाहन स्वामियों, चालकों को रोककर सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और जो भी ऑटो रिक्शा परमिट पर अंकित निर्धारित केन्द्र (16 किमी) के बाहर संचालित पाए गए उनको सचेत किया गया कि वह वाहन के परमिट पर अंकित केन्द्र की सीमा के अन्दर ही अपने वाहन का संचालन करें। उन्होंने कहा कि जालौन केन्द्र वाले जालौन केन्द्र में वाहन का संचालन करें व उरई केन्द्र वाले उरई केन्द्र में वाहन का संचालन करें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ परमिट शर्तों के उल्लंघन के नियमानुसार प्रवर्तन की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही मार्ग संचालित समस्त ऑटो रिक्शा पर उनके परमिट पर दर्ज केन्द्र को अंकित कराया गया।



ऑटो पर निर्धारित रूट दर्ज करवाते परिवहन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

# जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की परिजनों ने महिला को तड़पता देख आनन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक इलाज के उपरांत तबीयत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कुनेहटा गांव निवासी विवाहिता प्रीति पत्नी शारदा अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया महिला को तड़पता देख पति ने आनन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक इलाज के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# कोयला लदा ट्रक डिवाइडर से टकराया, लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जीटी रोड बाईपास पर जिला अस्पताल के पीछे तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। ट्रक में कोयला लदा था, इससे उसमें आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

रविवार की सुबह कोयला लाद कर एक ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था। जीटी रोड बाईपास पर जिला अस्पताल के पीछे जैसे ही ट्रक पहुंचा, उसी समय चालक को झपकी आ गई। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। खास बात यह रही कि ट्रक नहीं पलटा लेकिन उसमें कोयला लदा होने से किसी तरह आग लग गई। चालक व परिचालक ने किसी तरह ट्रक से कूद कर जान बचाई। ट्रक से धुआं उठता देख आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंच गये।

घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। तो पुलिस ने दमकल टीम को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम के एफएसएसओ संदीप तंवर, एलएफएम सुरेंद्र सिंह, ड्राइवर नरसिंह देव, सिपाही आकाश गौतम, मयंक प्रताप सिंह, जगत सिंह, राहुल कुमार ने पानी की बौछार छोड़ कर आग पर काबू पाया। इससे ट्रक में कोई खास नुकसान नहीं हो सका।

- दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

**हालात** किसान आढ़तियों को अपना गेहूं बेच कर उठा रहे नकद पैसा, केंद्रों के झंझट में नहीं पड़ना चाहते

# खरीद केंद्रों में इक्का-दुक्का किसान ही बेच रहे गेहूं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर में खुले गेहूं खरीद केंद्रों में इक्का-दुक्का किसान आकर अपना गेहूं बेच रहे हैं। जिसके चलते गेहूं की खरीद की गति कछुआ चाल से चल रही है। हालांकि अधिकांश किसान मंडी समिति के आढ़तियों को अपना गेहूं बेच नगद पैसा उठाकर खरीद केन्द्रों में होने वाली झंझटों से बच रहे हैं।

नगर समेत क्षेत्र में गेहूं खरीद केंद्र खुलने के लगभग दो माह पूरे होने को हैं। इन सभी खरीद केंद्रों में किसानों का गेहूं न आने के कारण खरीद केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहता है। इक्का-दुक्का किसान खरीद केंद्रों में पहुंच अपना गेहूं बेच रहे हैं। इस वर्ष किसी भी केंद्र प्रभारी को अपनी खरीद का लक्ष्य पूरा होते नहीं दिख रहा है। विपणन शाखा ने रविवार दो किसानों का 74 क्विंटल गेहूं खरीदा। जबकि अभी तक इस केंद्र में 159 किसानों से 10176 क्विंटल गेहूं ही खरीदा गया है। वहीं क्रय विक्रय समिति ने रविवार को पांच किसानों से 450 क्विंटल गेहूं खरीदा। इस केंद्र में अभी कल 113 किसानों से 7536 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है।

इसके अलावा पीसीएफ गेहूं खरीद केंद्र में रविवार को किसानों के ना आने से खरीद केंद्र में सन्नाटा पसरा रहा। इस केंद्र में अभी तक 29 किसानों से कुल 1647 क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। इसी प्रकार क्षेत्र के सिसोलर, इचौली, बिवांर, रीवन व सायर आदि किसान सहकारी समितियां में भी न के बराबर गेहूं की खरीद हुई है।

नगर वह क्षेत्र के अधिकांश किसान खरीद केन्द्रों में रजिस्ट्रेशन करने से लेकर गेहूं बेचने तक पड़ने वाली समस्याओं से बचने के चलते मंडी समिति के आढ़तियों को अपना गेहूं बेच नगद पैसा उठाने में अपनी भलाई समझ रहे हैं।



मौदहा मंडी में आढ़तियों द्वारा खरीदे गए गेहूं के लगे बोरे। अमृत विचार

# छोटी बाजार में आढ़तियों ने शुरू की खरीद फरोख्त

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी अधिग्रहित होने पर गल्ला मंडी में संचालित एक दर्जन फर्में कस्बे की छोटी बाजार पहुंचकर खरीद फरोख्त शुरू की है। इससे किसानों ने राहत महसूस की है। गल्ला मंडी में कारोबार अचानक ठप होने से कुछ व्यापारी किसानों के साथ मनमानी पर उतर आए थे। किसानों की समस्याओं को देखकर आढ़तियों ने दशकों बाद छोटी बाजार में चुनाव तक व्यापार जारी रखने का निर्णय लिया है।

लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए प्रशासन ने गल्ला मंडी को अधिग्रहित करके आढ़तियों से गोदाम आदि खाली करा लिए है। जिससे गल्ला मंडी का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो गया था। मंडी के जिस हिस्से पर कारोबार चल रहा है। उस हिस्से के कारोबारी किसानों के साथ मनमानी करने लगे थे। इससे किसान परेशान हो रहे थे। कुछ किसान मजबूर होकर फसल बेचने के लिए मौदहा जा रहे थे। किसानों की समस्या को देखकर नवीन गल्ला मंडी की दस फर्मों ने कस्बे की छोटी बाजार में कारोबार शुरू किया है। आढ़ती श्यामबाबू पांडेय, कामता प्रसाद गुप्ता, कुंजबिहारी पांडेय, उदितनारायण तिवारी, श्यामबिहारी पांडेय, महेश गुप्ता, राघवेंद्र पांडेय आदि ने बताया कि किसानों की समस्या को देखते हुए छोटी बाजार में खरीद फरोख्त शुरू की गई है।


- लोकसभा चुनाव के चलते प्रशासन ने खाली कराई है नवीन गल्ला मंडी

# जिलाधिकारी देते रहे आदेश... गुमराह कर रहे एसडीएम तिर्वा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा एसडीएम मनमानी पर उतारू हैं। डीएम का भी आदेश उनको रास नहीं आता है। नियम विरुद्ध काम करना उनकी आदत बन गई है। इस वजह से कन्या सुमंगला योजना का आवेदन गलत तरीके से निरस्त कर दिया। मामले की शिकायत डीएम से हुई फिर भी अपनी 'दुधारू गाय' बने लेखपाल को वह बचाने में जुटे हैं।

दरअसल, तिर्वा कस्बे के मोहल्ला दुर्गानगर निवासी शुभा ने बेटी को कन्या सुमंगला योजना की दूसरी किस्त दिलाने के लिए 12 अगस्त 2023 को ऑनलाइन आवेदन किया था। उस दौरान टीकाकरण कार्ड व शपथ पत्र भी लगाया था। तिर्वा के लेखपाल हृदेश पांडेय ने गलत आख्या लगा दी। उसके बाद एसडीएम तिर्वा अशोक कुमार ने आवेदन को निरस्त कर दिया। प्रोबेशन विभाग से बताया गया कि तहसील स्तर से आवेदन निरस्त कर दिया गया है। शुभा ने गलत तरीके से आवेदन निरस्त किए जाने की शिकायत 28 फरवरी 2024 को की। लेखपाल ने अपनी गलती छिपाने के लिए आईजीआरएस प्रकरण में गलत तरीके से रिपोर्ट लगाकर उसका निस्तारण कर दिया। तहसीलदार व एसडीएम तिर्वा ने रिपोर्ट पर आंख मूंदकर भरोसा कर आगे 24 मार्च को निस्तारण कर दिया। उधर, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मामले की शिकायत 14 मार्च को हुई। डीएम ने एसडीएम तिर्वा से प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही आख्या भी मांगी। लेकिन एसडीएम अपने 'दुधारू' लेखपाल को बचाना चाहते हैं। इस वजह से दूसरी बार भी उसी की गलत आख्या को आगे बढ़ा दिया। 18 मार्च को उन्होंने गलत तरीके से डीएम की चिट्ठी का भी निस्तारण कर अपने आलाधिकारी को गुमराह कर दिया।



आईजीआरएस पोर्टल पर किया गया शिकायत का गलत निस्तारण। अमृत विचार

- दुधारू गाय बने लेखपाल को बचाने में जुटे उपजिलाधिकारी

# मिट्टी के अवैध खनन पर छह चालक गिरफ्तार

## एसडीएम ने रात को मारा छापा, 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक कार, एक मोटर साइकिल जब्त की, खनन माफिया भागे

कार्यालय संवाददाता उरई



कार्रवाई के दौरान जब्त किया गया ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार



जब्त की गई कार। अमृत विचार



बोहदपुरा क्षेत्र में रात को मिट्टी लेकर जाता ट्रैक्टर।

**अमृत विचार।** अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम सदर ने पुलिस बल के साथ अवैध मिट्टी खनन खदान में छापेमारी की। इस दौरान 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक कार, एक मोटर साइकिल कब्जे में लेकर 6 ट्रैक्टर ड्राइवरों को गिरफ्तार किया है। हालांकि रात का फायदा उठाकर खनन करवाने के मुख्य आरोपी भागने में कामयाब रहे।

लम्बे अरसे से रात के अंधेरे में मिट्टी खनन की सूचनाएं जिला प्रशासन को मिल रही थीं, जिस पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने संज्ञान लिया और जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम सदर ने कोतवाली पुलिस के साथ बीती रात छापेमारी की। एसडीएम सदर ने पुलिस बल के साथ जिला मुख्यालय उरई से 8 किलोमीटर दूर रगोली गांव में हो रहे मिट्टी खनन खदान में छापा मारा। पुलिस और अधिकारियों की गाड़ियां आती देख खनन कर रहे लोग रात के अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए।

पुलिस ने मौके से 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक मोटर साइकिल तथा एक कार को कब्जे में लिया है। मालूम रहे कि तीन माह से रगोली गांव में एक नेता की शह पर रात्रि में बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन की जानकारी मिल रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वैध परमिट धारकों पर भी जिलाधिकारी ने रात्रि के अंधेरे में मिट्टी खनन पर पहले से ही रोक लगा रखी है, इसके बावजूद पिछले तीन महीने से रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी का खनन धड़ल्ले से चल रहा था।

मिट्टी खनन माफिया सरकार और जिलाधिकारी के आदेश को दरकिनार कर बेखौफ होकर मिट्टी का खनन कर रहे थे। कब्जे में लिए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटर साइकिल तथा कार के नंबरों के आधार पर गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### बोहदपुरा में भी हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन) अमृत विचार। शहर कोतवाली क्षेत्र का ग्राम बोहदपुरा का जंगल मिट्टी खनन का अड्डा बनता जा रहा है। रात के समय दर्जनों की संख्या में अवैध मिट्टी लदे ट्रैक्टर निकलते हुए देखे जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार अवैध मिट्टी खनन का कार्य ग्राम बोहदपुरा के ही दबंग द्वारा करवाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि हर रात बोहदपुरा के जंगल में मिट्टी खोदने के लिए ठेकेदार की जेसीबी मशीनें गरजती हुई दिखाई देती हैं। अवैध तरीकें से किये जा रहे मिट्टी खनन के चलते जंगल में लगे पेड़ पौधों को मिट्टी ठेकेदार द्वारा ध्वस्त किया जा रहा है। इसके बाद भी प्रशासन के जिम्मेदार खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

# मजदूर दिवस पर निकाली जाएगी रैली


कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)




पल्लेदार मजदूर यूनियन की बैठक में भाग लेते यूनियन के पदाधिकारी व अन्य।

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस संबंद्ध पल्लेदार मजदूर यूनियन की बैठक की अध्यक्षता कामरेड राजीव कुशवाहा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल आफ ट्रेड यूनियंस एक्टू के राष्ट्रीय पार्षद जिलाध्यक्ष कॉमरेड राम सिंह चौधरी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरी दुनिया में 1 मई को मनाया जाता है, जनपद जालौन में भी 1 मई को यह दिवस विभिन्न स्थानों पर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस इस दौर में भारत में सबसे ज्यादा प्रासंगिक है, क्योंकि भारत में मजदूरों के हक और अधिकार को कुचला जा रहा हैं। इसकी नजीर पूरी दुनिया में कम देखने को मिलती हैं, मजदूरों को जो आरक्षण मिला हुआ था उस पर बेतहाशा जुल्म, दलितों पर किए गए। मोदी सरकार कर श्रम कोड 4 मजदूर संहिता लेकर आई और मजदूरों के जो 44 श्रम कानून थे उन पर सीधा हमला किया है। 1 मई को चूंकि मजदूर दिवस है इसलिए अंतर्राष्ट्रीय इस मजदूर के त्यौहार में पूरे देश दुनिया में मजदूरों का अवकाश दिवस रहता है आओ हम सब मजदूरों के हक और अधिकार को पूरा करने के लिए श्रमिकों को सलाम करने के लिए उनके हक अधिकार को लेकर मजदूर दिवस में बड़ी से बड़ी तादाद में सम्मिलित हों। मजदूर दिवस उरई गल्ला राठ रोड पर मनाया जाएगा, जिसमें मजदूर रैली निकाल कर सभा करेंगे। रैली मंडी परिसर में ही की जाएगी। उरई में मजदूर सभा करेंगे। अध्यक्षता करते हुए सीपीआई एमएल के जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा ने जगह-जगह मजदूरों से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में प्रमुख रूप से पल्लेदार मजदूर यूनियन अध्यक्ष राजाराम वर्मा, रामबाबू अहिरवार, अशोक, घनश्याम, ठाकुरदास, रवि खन्ना, शेर रामरतन, भोला सिंह, मंगल सिंह, मानसिंह अहिरवार, अमर सिंह, अंश वर्मा, कौशल, सुलेमान आदि मौजूद रहे।

# गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान



धू-धूकर जलती खेत में रखी फसल। अमृत विचार



शेल्टर होम के सामने लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** तहसील के देवरी गांव के खेत में थ्रेसिंग के लिए रखी आठ बीघा गेहूं की फसल आग से जलकर राख हो गई। शनिवार की शाम खेत मालिक बलवीर सिंह गेहूं भरने के लिए बोरे खरीदने गया था, रात 10 बजे से गेहूं की फसल की थ्रेसिंग होनी थी, इसके पहले ढेर लगी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। परिजनों ने कोतवाली पुलिस और अग्निशमन को सूचना दी, जब तक अग्निशमन पहुंचती उससे फसल जलकर राख हो गई। जवानों ने खेत में जल रही अवशेष आग को बुझाया।

### शेल्टर होम के सामने लगी आग

संवाददाता कालपी (जालौन)। भीषण गर्मी के कारण दिन प्रतिदिन आग की घटनाओं में वृद्धि हो रही हैं। नगर के शेल्टर होम के सामने घूरे के ढ़ेर में आग लग गई। आग की घटना पर अंकुश लगाने के लिए फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। विदित हो कि मां वनखण्डी देवी मंदिर के बगल में स्थित नगर पालिका परिषद के द्वारा संचालित शेल्टर होम के सामने घूरे के ढेर में आग लग गई। रविवार की सुबह अचानक घूरे के ढेर में आग सुलगने लगी। देखते-देखते आग की लपटें उठनी शुरू हो गईं। सूचना पाकर अग्निशमन के केंद्र प्रभारी महेंद्र प्रकाश बाजपेई के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। इससे पहले कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिरही में खेत में आग लगने की सूचना ग्रामवासी माधौराम के द्वारा दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर काबू पाया।

# कालपी में हाप क्लीनिक खुला

**उरई, जालौन।** शहर के कालपी रोड पर डॉक्टर आदिल अंसारी और डॉक्टर फातिमा अंसारी का हाप क्लीनिक खुला है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर हाजी अनीस खान, झांसी से डॉक्टर सतेंद्र कुमार राजपूत, डॉक्टर वर्षा राजपूत भी पहुंची। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिले का एक बढ़िया क्लीनिक है। डॉ सत्येंद्र कुमार राजपूत और वर्षा राजपूत ने कहा कि क्लीनिक तो कई मिलते हैं। लेकिन डॉक्टर सभी में सही नहीं मिलते इसके चलते इलाज भी ठीक नहीं हो पाता है। समाजसेवी अनीश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को समय पर सही सुविधा इस क्लीनिक में मिल पाएगी। डॉक्टर आदिल ने कहा कि क्लीनिक खोलने का उनका मकसद सिर्फ इतना है कि जो मरीज कानपुर और झांसी के लिए रेफर किए जाते थे। इसके लिए उन्होंने 24 घंटे की सेवा रखी है, ताकि रात के समय भी मरीज को कोई परेशानी नहीं आए।



हाप क्लीनिक का फीता काटते अतिथि। अमृत विचार

## सार-संक्षेप




निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक विवेकानंद। अमृत विचार

### विज्ञापन और पेड न्यूज की करें सतत निगरानी

**उरई (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक विवेकानंद ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक द्वारा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए गठित टीम सोशल मीडिया की सतत निगरानी करे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक, भड़काऊ एवं कोई असत्य घटना प्राप्त होती है तो तत्काल उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने सह प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से दूरभाष एवं सी विजिल पर प्राप्त शिकायतों के किए गए निस्तारण की जानकारी ली। विजिल एप की जानकारी ली तो 13 शिकायतें प्राप्त हुईं बताई गईं। उन्होंने ने उनका समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि समिति की ओर से निरंतर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक चैनलों पर पेड न्यूज और विज्ञापनों की सतत निगरानी की जा रही है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद, ई-डिस्टिक मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह, सहित एमसीएमसी, शिकायत प्रकोष्ठ टीम व कंट्रोल रूम पर तैनात प्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### 1290 शस्त्र हुए जमा

**जालौन।** जालौन कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगर तथा क्षेत्र में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो तथा चुनाव शांति ढंग से हों इसके लिए पुलिस द्वारा सभी शस्त्र धारकों को अपने-अपने शस्त्र जमा करने के लिए सूचना दी जा रही है, जिसमें अभी तक 1290 शस्त्र धारकों ने शस्त्र जमा कर दिए हैं और जो भी शस्त्र शेष बचे हैं वह शीघ्र जमा हो जाएंगे।

### चहेतों को टिकट देने का आरोप

**जालौन।** जालौन नगर के बड़े डाकघर में बने रेलवे रिजर्वेशन काउंटर टिकट खिड़की पर सिर्फ अपने चहेतों को सुविधा दिए जाने का आरोप लगा है। आरोप है कि अन्य लोगों को टहला दिया जाता है। समाजसेवी ने रेल मंत्रालय से इसकी शिकायत की है। समाज सेवी अशफाक ने रेल मंत्रालय को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि नगर के डाकघर में बने रेलवे टिकट काउंटर पर सिर्फ अपने खास लोगों को टिकट की सुविधा मिलती है, बांकी लोगों को नेटवर्क या कोई अन्य बहने के नाम से टहला दिया जाता है। इसके कारण आम लोग परेशान रहते हैं। रेलवे टिकट के लिए उरई भागना पड़ता है। समाजसेवी ने इसकी जांच कर व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। जब इस संदर्भ में पोस्ट मास्टर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी ऐसी कोई शिकायत संज्ञान में नहीं आई है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### बाजार गईं दो महिलाएं लापता

**उरई।** गोरा भूपका गांव निवासी कमल किशोर अपनी पत्नी रेखा और छोटे भाई की पत्नी को लेकर जालौन बाजार सामान की खरीददारी करने गए थे। कमल किशोर कुछ सामान लेने के लिए कहकर अपनी पत्नी व छोटे भाई की पत्नी को एक दुकान में बैठाकर चले गए। बाजार में उन्हें कुछ रिश्तेदार मिल गए, जिससे कमल किशोर को लौटाने में देर हो गई और करीब तीन घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो पत्नी व देवरानी वहां नहीं मिलीं। कमल किशोर ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी, पुलिस ने गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर महिलाओं की तलाश शुरू कर दी।




भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाग लेते अतिथि। अमृत विचार

# भाजपा ने सम्मेलन कर बूथ अध्यक्षों को सौंपी जिम्मेदारी

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** कालपी विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन हुआ। इसमें कालपी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया।

भाजपा के सह प्रभारी संजीव चौरसिया के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की अध्यक्षता में कालपी विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पूरी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए सभी बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथों की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा अपने अपने बूथ जीतने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान कराए जाने की अपील की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से रविकांत द्विवेदी, बृजभूषण सिंह, मुन्नू, शंभू दयाल अहिरवार, अग्निवेश चतुर्वेदी, संजीव उपाध्याय, नरेंद्र सिंह जादौन, अरुण मेहरोत्रा, छोटे सिंह चौहान, घनश्याम अनुरागी, लकी त्रिपाठी, मूलचंद निरंजन, संतराम सिंह सेंगर, रामजी राजावत, पुष्पेंद्र सेंगर, भारत सिंह यादव, अमित पांडे, अशोक बाजपेई, सौरभ गुप्ता, सुबोध द्विवेदी, राघवेन्द्र सिंह जादौन, अमरदीप पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 30 अप्रैल तक मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे नाम

**कालपी(जालौन)।** मतदाता सूची से हटे नाम को 30 अप्रैल तक जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मतदाता पंजीकरण केंद्र कालपी तहसील प्रभारी शशांक कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदाताओं के नाम निर्वाचन नामावली में बढ़ाने की ऑनलाइन प्रक्रिया चल रही हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं है। उन लोगों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के उपरांत नए मतदाताओं का नाम निर्वाचन नामावली में शामिल हो जाएगा। यह प्रक्रिया फिलहाल 30 अप्रैल तक चलेगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत से अधिक के विकलांग मतदाताओं को पेपर बैलेट से मतदान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए 30 अप्रैल तक बूथ स्तर के सुपर वाइजरों तथा बीएलओ के द्वारा 12 (घ) प्रपत्र आवेदन भरे जाएंगे।

# योगासन प्रतियोगिता में झलका उत्साह



सम्मान पत्र के साथ प्रतिभागी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन

**अमृत विचार।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने तृतीय जिला योगासन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में किया। इसमें सेमीफाइनल और फाइनल की प्रतियोगिता संपन्न हुई। शुरुआत जिला क्रीडा अधिकारी सिराजुद्दीन और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र राजपूत ने किया। जिलाध्यक्ष अरुणा सक्सेना ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मिथलेश सिंह ने प्रतियोगिता के नियम बताए। इसके बाद सेमी फाइनल की प्रतियोगिता हुई। सचिव शारदा मिश्रा व कोषाध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव ने देखरेख की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने फाइनल की प्रतियोगिता का उद्धघाटन किया। योगासन एथलीट ने मतदाता जागरुकता पर योगासन की प्रस्तुति दी। यूपीएस अटरिया के एथलीट एवं छात्राओं ने मतदान पर सुंदर प्रस्तुति दी। महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष व्यंजना सिंह ने मतदान की शपथ दिलवाई। गौरी नायक, साक्षी नागाइच, शिवांशी ने प्रस्तुतियां दी। इसके बाद फाइनल प्रतियोगिता हुई। फाइनल राउंड विभिन्न वर्गों में 28 प्रतिभागी पहुंचे। ट्रेडिशनल इवेंट में सब जूनियर बालिका वर्ग में श्रेयश प्रथम, श्रेयांश द्वितीय, अर्णव श्रीवास्तव तृतीय पर रहे। बालिका वर्ग में गौरी नायक प्रथम, वैष्णवी पांडेय द्वितीय, कृषिका पाल तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालिका में नित्या मेहरोत्रा प्रथम, मुस्कान द्वितीय, अंजलि तृतीय, सीनियर बालिक वर्ग में विष्णुपाल सिंह प्रथम, सीनियर बलिका शिवांशी प्रथम रहीं। इसके बाद आर्टिस्टिक सिंगल बालिका में गौरी नायक प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, निष्ठा तृतीय, सब जूनियर बालिका में अर्णव श्रीवास्तव प्रथम, जूनियर बालिका में नित्या मेहरोत्रा प्रथम रहीं। विजेता को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आलोक खरे, माधवी राजावत, शारदा मिश्रा, मिथिलेश सिंह, रजनी सिंह, योगेश कुलश्रेष्ठ, हिमांशु, रजत कुलश्रेष्ठ मौजूद रहे।

राजनीति | काफिले के साथ पहुंचे सभा स्थल, समर्थकों के साथ ग्रहण की सदस्यता

# सपा विधायक के पुत्र ने थामा भाजपा का दामन

संवाददाता, कालपी जालौन



भाजपा का पटका डाले आशीष चतुर्वेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के पुत्र आशीष चतुर्वेदी ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर अपने साथियों सहित भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी व विधायक संजीव चौरसिया के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे राजनीति के गलियारे में हलचल तेज हो गई।

कालपी विधानसभा क्षेत्र से 2022 में समाजवादी पार्टी से चुने गए विधायक विनोद चतुर्वेदी के पुत्र आशीष चतुर्वेदी ने भारी लावलश्कर के साथ भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय सह प्रभारी संजीव चौरसिया, भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित तमाम नेताओं की उपस्थिति में जोलहूपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान कालपी विधायक के पुत्र आशीष चतुर्वेदी के द्वारा भारी संख्या में अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से भाजपा प्रत्याशी को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं विपक्षी दलों को काफी तगड़ा झटका माना जा रहा है। आशीष चतुर्वेदी के साथ दर्जनों ग्राम प्रधानों, बीडीसी एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगों के शामिल होने से भाजपा खेमे के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

### पिता ने की थी क्रॉस वोटिंग

पिछले दिनों राज्यसभा के मतदान के दौरान कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर देने के बाद से तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रहीं थीं, उन अटकलों पर विराम लगाते हुए विधायक पुत्र आशीष चतुर्वेदी ने भारी लाव-लश्कर के साथ भाजपा का भगवा हाथ में थाम लिया। चार पहिया वाहनों के साथ आशीष चतुर्वेदी ने यमुना पुल पर क्षेत्रीय सह प्रभारी संजय चौरसिया का गर्म जोशी से स्वागत किया। इसके बाद उनके साथ भारी काफिले के साथ जौलहूपुर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां प्रदेश सह प्रभारी व विधायक संजय चौरसिया केंद्र, भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा, जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित और भाजपा के तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया।



बसपा कार्यालय में बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# बसपा प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**उरई (जालौन)।** जालौन-गरौठा व भोगनीपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम का नामांकन 29 अप्रैल सोमवार को होना है। इसको सफल बनाने के लिए कोंच रोड स्थित बसपा कार्यालय पर बसपा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में बैठक कर रणनीति तैयार की गयी। बैठक में बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम के अलावा भगवती शरण पांचाल, आदित्य भंते, कार्यालय प्रभारी उदयवीर दोहरे नन्ना, मिथलेश बरसार के अलावा दर्जनों बसपा के नेतागण मौजूद रहे। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे बसपा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी ने बताया कि बसपा प्रत्याशी सुरेशचंद्र गौतम का नामांकन जुलूस सोमवार को जीआईसी मैदान से शुरू होगा, जो शहीद भगतसिंह चौराहा से घंटाघर, माहिल तालाब से होते हुए बजरिया, दलगंजन सिंह चौराहा, आम्बेडकर चौराहा पर स्थित डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान करेगा। नामांकन जुलूस में बसपा नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम Anuradha Pandey पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर है। गलती से जन्म प्रमाण पत्र में Anuradha Pande हो गया है। अब मुझे Anuradha Pandey **पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर** के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा डी0 फार्मा का सर्टिफिकेट (डिग्री) अनुक्रमांक संख्या 2127262142047 सन् 2021 भवानी बजार में खो गया है। यदि किसी को मिले तो 9026108949 पर सम्पर्क करे। – **दुर्गेन्द्र साहू 8/316 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो की मेरे पुत्र अंशू सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है मेरे पुत्र अंशू सविता की जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका परिषद फतेहपुर का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है अतः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए। – **अखिलेश कुमार पुत्र राम गोपाल, निवास– मोहल्ला – देवीगंज शहर फतेहपुर, पर0 तह0 वा जिला– फतेहपुर!**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी मां स्व.निर्मला देवी पत्नी हरिराम के एलआईसी शाखा रायबरेली के खाता संख्या 275180194 में मेरा नाम बतौर नामिनी बबलू अग्रहरी दर्ज है। अन्य अभिलेखों में मेरा नाम विनोद कुमार दर्ज है। विनोद कुमार और बबलू अग्रहरी दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है।– **विनोद कुमार उर्फ बबलू अग्रहरी पुत्र हरिराम, निवासी – उमरन, परगना– सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र सकूर, नि0–मालवीय नगर, सिकन्दरपुर, थाना–छिबरामऊ, जि0–कन्नौज,** मेरा पुत्र अकील अहमद व उसकी पत्नी बेहद झगडालू व स्वतंत्र विचारों के व्यक्ति है जो आए दिन मेरे साथ गाली–गलौज व मारपीट करते है तथा मकान का बैनामा कराने की धमकी देते हैं उनके इन व्यवहारों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है अब हमारा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र अभिषेक कुमार मुझसे अलग निवास करता हैं। इसके किसी भी प्रकार के कार्य व्यवहार से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही है और मैंने उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही है। **–मूलचंद्र पुत्र मुंशी लाल, निवासी–ग्राम–छतेनी, पोस्ट– लालपुर शिवराजपुर, थाना– शिवली, तहसील–मैथा,जनपद– कानपुर देहात**

# राम के नाम से ज्यादा स्मृति ईरानी रट रहीं राहुल का नाम

अमेठी लोकसभा सीट से अभी राहुल गांधी की प्रत्याशिता का कांग्रेस हाईकमान की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन स्मृति ईरानी ने पहले उनके लिए रण छोड़ दास का शोर मचाया, अब पिछले कुछ दिनों से राहुल फिर लड़ने आ रहे हैं, का ऐलान करती घूम रही हैं। आखिर ऐसा क्या है कि जिस चुनाव में स्मृति ईरानी को पांच साल में कराए गए विकास कार्यों की रट लगानी चाहिए थी, उस चुनाव में वह राम नाम से ज्यादा राहुल नाम क जप रही हैं। हालांकि वह पांच साल में कराए गए अपने काम भी गिनाती हैं, लेकिन उतनी दमदारी से नहीं, जितनी गंभीरता उनके भाषणों में राहुल के नाम को लेकर नजर आती है। हालांकि सोमवार को नामांकन से पहले रविवार को स्मृति ईरानी अयोध्या पहुंचकर रामलला का आशीर्वाद लिया।

2024 के आम चुनाव में भाजपा की तरफ से हाई प्रोफाइल चुनावी योद्धा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह अमेठी से तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं, और वहां प्रचार में दिन-रात सक्रिय हैं। 2014 में अमेठी से ईरानी हार गई थीं, जबकि 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था। अब अमेठी को उन्होंने घर बनाकर 'अपना' बना लिया है। राहुल गांधी को 2019 के पिछले आम चुनाव में परास्त कर ईरानी ने एक तरह से राजनीतिक रूप से भी 'बेघर' कर दिया था। राहुल गांधी का अमेठी में अपना कोई घर नहीं है। वह राजीव गांधी चाइल्ड टेबल ट्रस्ट या राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा संचालित संजय गांधी अस्पताल के गेस्ट हाउस से ही अपनी चुनावी गतिविधियां चलाते थे।

### अमेठी में आशियाना बनाने के बाद भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री ने खुद को मान लिया 'अजेय'

- पिछले चुनाव में 55,000 वोटों से जीत दर्ज कराने वाली स्मृति ईरानी अब अमेठी की मतदाता बन चुकी हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही वह लगातार अमेठी संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क करने में जुटी हैं। अमेठी में अपना आशियाना बनाने के बाद उन्होंने खुद को 'अजेय' मान लिया है। इसी कारण गृह प्रवेश के मौके पर भी राहुल गांधी पर तंज करने से वह नहीं चूकी थीं।



### राहुल का नाम लिए बिना पूरा नहीं होता भाषण

अब तो जैसे-जैसे चुनावी अभियान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे स्मृति ईरानी राहुल गांधी के नाम की 'रट' भी बढ़ाती चली जा रही हैं। उनका कोई भी भाषण राहुल का नाम लिए बिना पूरा ही नहीं होता जैसे कोई यज्ञ बिना 'स्वाहा' के संपन्न नहीं होता। हालांकि स्मृति ईरानी का दावा है कि अमेठी में 5 साल में उन्होंने इतने काम कर दिए हैं जो प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी भी नहीं करा पाए थे। राहुल गांधी द्वारा कराए गए कामों को वह कोई काम मानती ही नहीं हैं, जबकि कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह ईरानी के कराए तमाम कामों को राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किया हुआ बताते हैं। भाजपा कार्यकर्ता और आम मतदाता भी हैरान है कि आखिर सांसद स्मृति ईरानी राहुल गांधी पर इतना हमलावर क्यों है? जिन्होंने अभी तक अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा तक नहीं की है। हालांकि अब माना जा रहा है कि वायनाड के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे।

## पांच साल का हिसाब न मांगा जाए इसलिए राहुल विरोध की रणनीति

- रायबरेली के राजनीतिक विश्लेषक डॉ राम बहादुर वर्मा मानते हैं कि स्मृति ईरानी इस समय 'राहुल फोबिया' से ग्रसित नजर आ रही हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार रायबरेली और अमेठी के बारे में फैसला करने में देरी लगा रहा है। लेकिन स्मृति ईरानी पहले ही अपनी सभा में इस बात का ऐलान कर चुकी हैं कि 26 के बाद राहुल गांधी अमेठी आ जाएंगे। राहुल नाम रटने के पीछे एक यही कारण माना जा सकता है कि कोई उनसे 5 साल का हिसाब न मांगे और जवाबदेही तय न की जा सके, लेकिन सुल्तानपुर के वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना इसे सुनियोजित रणनीति मानते हैं। वह कहते हैं कि स्मृति ईरानी उस रणनीति पर अमल कर रही हैं जिसमें कहा जाता है कि इतना शोर करो कि दुश्मन आने की हिम्मत ही न जुटा पाए। वह यह भी कहते हैं कि इसकी वजह देने वाले भी खुद राहुल गांधी हैं, हारने के बाद अगर वह पांच साल वह अमेठी से अपना संपर्क न तोड़ते तो आज स्मृति ईरानी के इन हमलों का जवाब जनता खुद दे रही होती। उनका मानना है कि राहुल पर हमले इसलिए ज्यादा प्रसारित हो रहे हैं कि मीडिया भाषण के उन्हीं अंशों को हाईलाइट करता है, जो पढ़ने में चटपटे हों। अब 20 मई को अमेठी के मतदाता तय करेंगे कि राहुल नाम की रट स्मृति ईरानी को चुनावी वैतरणी पार कराएगी या उनका वोट बैंक चट कर जाएगी। अमेठी में पांचवें चरण में मतदान होना है नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन गांधी परिवार अभी उम्मीदवार तय नहीं कर पाया है। – गौरव अवस्थी

---

**मैनपुरी लोकसभा सीट**

मनोज त्रिपाठी

# विरासत की रियासत में बदलाव की चाहत

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बड़ी बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पांचवी बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए परिवार की परंपरागत मैनपुरी सीट के मैदान में दोबारा उतरी हैं । डिंपल यादव ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2009 में फिरोजाबाद लोकसभा सीट से सिने स्टार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर के खिलाफ लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद डिंपल 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट से उपचुनाव में उतरीं, जहां उन्हें सफलता मिली और सांसद बनी। 2014 के आम चुनावों में भी कन्नौज सीट से जीत हासिल की, लेकिन 2019 में कन्नौज की जनता ने उन्हें नकार दिया और भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताकर संसद भेजा। इससे पहले मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल यादव जीत का परचम फहरा चुकी है, यहां से लगातार दूसरी जीत का रिकॉर्ड कायम रखने के लिए सपा ने उन पर दूसरी बार दांव लगाया है। भाजपा ने सपा के इस मजबूत गढ़ को तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तो बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने की रणनीति के तहत शिवप्रसाद यादव को मैदान में उतारकर इस बार मैनपुरी का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

## जयवीर सिंह कद्दावर नेता पूरा परिवार राजनीति में

मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव भाजपा ने वोट प्रतिशत के लिहाज से बड़ी उछाल लगाकर सपा के सामने जोरदार चुनौती पेश की थी। इसके चलते इस बार सपा प्रत्याशी डिपल यादव के सामने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को चुनावी मैदान उतारे जाने से भाजपाई उत्साह में हैं। जयवीर सिंह का मैनपुरी से पुराना नाता रहा है। वह जिले की घिरोर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2002 में बसपा के टिकट पर विधायक बने लेकिन सपा में शामिल होकर मुलायम सरकार में राज्यमंत्री बने। लेकिन वर्ष 2007 में उन्होंने फिर बसपा से ही चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। इस बार भी वह प्रदेश सरकार में मंत्री बने। वर्ष 2022 में उन्होंने मैनपुरी विधानसभा सीट पर सपा के वर्चस्व को तोड़कर जीत हासिल की थी। जयवीर सिंह 2012 और 2018 में विधान परिषद के सदस्य भी चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी राजकुमारी चौहान 2009 में अलीगढ़ से बसपा के टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। पुत्र अरविंद सिंह 2014 में बसपा से अलीगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अरविंद सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर गौतमबुद्ध नगर से चुनाव लड़ा था।

### डिंपल यादव के सामने भाजपा के मैनपुरी से विधायक, मंत्री जयवीर सिंह तथा बसपा के शिव प्रताप यादव की दोहरी चुनौती

#### क्या एमपी के सीएम मोहन यादव साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का

- भाजपा अपने प्रत्याशी जयवीर सिंह को जिताने के लिए हर दांव चल रही है। यादव वोट तोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लगाया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए साफ कहा कि मैनपुरी कभी सपा का गढ़ थी, लेकिन अब सब मोदी मय हैं। उधर, अखिलेश यादव आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने डिवाइड एंड रूल के तहत मोहन यादव को यहां प्रचार का जिम्मा सौंपा है।

#### पिछले चुनाव में जीत का अंतर कम होना सपा के लिए चिंता का कारण

- मैनपुरी लोकसभा सीट जिसे 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी भाजपा जीत नहीं पाई। सपा यहां लाखों वोटों से चुनाव जीतती रही। लेकिन 2019 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने यहां से जीत तो दर्ज की पर पहली बार ऐसा हुआ कि उनकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे सरक गया। सपा-बसपा गठबंधन के बाद भी मुलायम सिंह भाजपा के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य को 94 हजार वोटों से ही हरा सके। कांग्रेस ने भी इस चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा था। हालांकि 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए पूरे सैफई कुनबे ने ताकत लगाई और पार्टी ने जीत का अंतर 2.88 लाख पहुंचा दिया। लेकिन 2019 की स्थितियां सपा के लिए चिंता का सबब मानी जा रही हैं।

#### सपा भी कर रही क्षत्रिय मतदाताओं को साधने का प्रयास

- मैनपुरी सीट पर लगभग दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, इन्हें साधने के लिए सपा भी पत्ते चल रही है। भाजपा से नाराजगी की बात उठाई जा रही है। डिंपल यादव खुद इस काम में जुटी हैं। दरअसल, डिंपल का मायका पक्ष ठाकुर है तो ससुराल यादव परिवार में है। इस बात से यादव-ठाकुर के बीच संबंध जोड़ा जा रहा है। डिंपल यादव के पिता सेना में कर्नल थे। उनकी बहन उनके प्रचार में साथ निभा रही हैं, तो इस बार बेटी अदिति भी सक्रिय है।



### 2022 उपचुनाव मुकाबला

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | डिंपल यादव | 6,18,120 | 64.08 |
| भाजपा | रघुराज सिंह शाक्य | 3,29,659 | 34.18 |

### 2019 लोकसभा चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | मुलायम सिंह यादव | 5,24,926 | 53.75 |
| भाजपा | प्रेम सिंह शाक्य | 4,30,537 | 44.09 |

### उपचुनाव 2014 उप चुनाव का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | तेज प्रताप सिंह यादव | 6,53,786 | 64.46 |
| भाजपा | प्रेम सिंह शाक्य | 3,32,537 | 32.79 |

### 2014 लोकसभा चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| सपा | मुलायम सिंह यादव | 595,918 | 59.63 |
| भाजपा | शत्रुघ्न सिंह चौहान | 2,31,252 | 23.14 |
| बसपा | डॉ. संघमित्रा मौर्य | 1,42,833 | 14.29 |

### मतदाताओं का अनुमानित जातीय गणित

- यादव 4.20 लाख
- शाक्य 3.25 लाख
- क्षत्रिय 1.90 लाख
- जाटव 1.20 लाख
- अन्य दलित 90 हजार
- ब्राह्मण 1.10 लाख
- लोधी 1.05 लाख
- वैश्य 70 हजार
- मुस्लिम 85 हजार

**1996** से अजेय सपा का किला फतह करने के लिए भाजपा इस बार कर रही धुंधाधार प्रचार, झोंकी जोरदार ताकत

**2002** में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे जयवीर सिंह, बाद में सपा में शामिल हो गए थे और मंत्री बने थे

## कमजोर नहीं बसपा की चुनौती, घोसी यादव वोटों में सेंधमारी

बसपा ने मैनपुरी में नामांकन से पहले अपना प्रत्याशी बदल दिया था। अब पार्टी की ओर से भरथना के पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी सीट पर जातीय समीकरण देखते हुए पहले डा. गुलशन शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन नामांकन से पहले उनकी टिकट काट दी। इस पर डा. गुलशन शाक्य अब सपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव मूल रूप से औरेया के बिधूना क्षेत्र के गांव हरदू के रहने वाले हैं। उनकी पहचान शिक्षाविद् के रूप में है। उन्होंने वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर भरथना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सपा के प्रदीप यादव को हराकर विधायक बने थे। वह घोसी यादव समाज से आते हैं। शिव प्रसाद यादव भाजपा में भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सर्वजन सुखाय पार्टी भी बनाई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले दोबारा बसपा में शामिल हो गए थे। जानकारों का मानना है कि उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा ने यादव मतदाताओं में सेंधमारी की तैयारी कर रही है। सपा प्रत्याशी डिपंल यादव कमरिया यादव समाज से आती हैं, जबकि मैनपुरी में करीब 33 प्रतिशत यादव मतदाता घोसी बिरादरी के हैं।



### 28 साल पहले मुलायम ने फहराया परचम, फिर मैनपुरी बन गई पारिवारिक सीट

- 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना करने वाले मुलायम सिंह यादव 1996 का लोकसभा चुनाव मैनपुरी से जीते थे। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में सपा के टिकट से बलराम सिंह यादव यहां से चुनाव जीतकर सांसद बने। 2004 में फिर से मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से सांसद चुने गए। लेकिन उन्होने प्रदेश की सियासत में रहने का फैसला लेते हुए इस सीट से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद साल 2004 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव मैनपुरी से चुनाव जीते। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद बने। साल 2014 में मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों लोकसभा सीटों पर चुनाव जीते। इसके बाद उन्होने मैनपुरी सीट छोड़ दी। एक बार फिर सीट रिक्त हुई और उपचुनाव हुए तो परिवार के तेजप्रताप सिंह यादव सांसद बने। वह मुलायम सिंह के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पौत्र हैं।

### नेताजी के कारण हुए तीन बार उपचुनाव

- 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर का असर मैनपुरी सीट पर देखने के नहीं मिला था। नेताजी मुलायम सिंह जीते और उनके सीट छोड़ने के बाद हुए उपचुनाव में उनके पौत्र तेजप्रताप को 65 प्रतिशत वोट मिले। मुलायम सिंह यादव ने 2004 में भी मैनपुरी से जीतने के बाद सीट छोड़ी थी। इसके बाद धर्मेंद्र यादव यहां से उपचुनाव जीते थे। मैनपुरी सीट पर तीसरी बार उपचुनाव मुलायम सिंह के निधन के कारण 2022 में हुए।

---

# सपा से सीधे मुकाबले में फंसे नजर आ रहे केंद्रीय मंत्री डॉ.महेंद्र नाथ

**चंदौली संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क।



### सिर्फ 13,959 वोट से जीते थे महेंद्रनाथ पांडेय

- 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को सपा उम्मीदवार संजय सिंह चौहान से कड़ी टक्कर मिली थी। बसपा से गठबंधन कर चुनावी समर में उतरी सपा से डॉ. पांडेय मात्र 13,959 वोटों के अंतर से ही जीत पाए थे। जबकि 2014 के चुनाव में जब सपा और बसपा अकेले मैदान में उतरीं थीं तो उन्होंने बसपा के अनिल कुमार मौर्य को 1,56,756 मतों के अंतर से हराया था

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि वाराणसी से सटी चंदौली संसदीय सीट भी प्रदेश की हॉट सीट की श्रेणी में गिनी जाती है। इस सीट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय जहां हैट्रिक लगाने को आतुर हैं तो उनकी राह में रोकने को सपा उम्मीदवार पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। वैसे तो इस सीट पर मुख्य मुकाबले में सपा ही नजर आ रही है लेकिन बसपा के सत्येंद्र कुमार भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए जीजान से जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार जहां खुद के द्वारा कराए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो सपा और बसपा मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी।

चंदौली के मतदाताओं ने हर दल को जीत का मौका दिया। किसी को भी निराश नहीं किया। बसपा, सपा, कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल सभी के उम्मीदवार यहां से जीत चुके हैं। 1991 की राम लहर में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को पहली बार अपनाया था। इसके बाद 1996 और 1998 में भी भाजपा के उम्मीदवार यहां से जीते।

तीनों ही चुनावों में भाजपा ने आनंद रत्न मौर्य पर ही दांव लगाया और वे हर बार नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे। जब 1999 का चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से से जवाहर जयसवाल को मैदान में उतार दिया। जवाहर जयसवाल ने इस सीट को सपा की झोली में डाल दिया था पर जब 2004 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने सपा के बजाय बसपा को तरजीह दी। पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कैलाश नाथ यादव पुनः सांसद बनने में कामयाब हो गए थे। पहली बार वे जनता दल के टिकट पर 1989 में चुने गए थे।

2009 के चुनाव में सपा के रामकिशुन यादव यहां से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भगवा यहां से लहराया और फिर दोबारा वे 2019 में भी जीते। इस बार वे हैट्रिक लगाकर अपनी ही पार्टी के सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य के रिकार्ड की बराबरी कराना चाहते हैं। वे इसमें कितना सफल होते हैं ये तो वक्त ही बताएगा।

### चार विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार मुगलसराय, सैयदराजा, अजगरा और शिवपुर सीट पर भाजपा के विधायक हैं जबकि सकलडीहा सीट पर सपा काबिज है। विधानसभा चुनावों और दो बार के लोकसभा चुनाव परिणाम को देखते हुए तो भाजपा का पलड़ा भारी लगता है लेकिन सपा और उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस की कोशिश है कि इस बार हर हाल में भाजपा से आगे निकला जाए। बसपा को लगता है कि सपा- भाजपा की लड़ाई में जीत उसकी होगी।

### दो बार विधायक रहे हैं वीरेंद्र सिंह

- सपा उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। इसके बाद उन्होंने 2003 में इसी सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। बसपा छोड़ने के बाद वे कांग्रेस में गए। कांग्रेस से पुन: बसपा में गए और वहां से सपा में आ गए। इस पर पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया।



**जीत की हुंकार** एटा में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पदाधिकारियों ने घंटा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला।

## यादव कुनबे की तीन सीटों पर परीक्षा, दो हारी थीं पिछली बार

**तीसरे चरण का मतदान**

**चुनाव डेस्क।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इस चरण में यूपी की दस सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में वोट पड़ेंगे। इनमें से समाजवादी पार्टी के लिए तीन लोकसभा सीटें मैनपुरी, बदायूं और फिरोजाबाद बेहद खास हैं। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव के परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले दो चुनावों से हार का सामना करना पड़ रहा है। इस बार यहां से पार्टी ने शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। वह पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरे हैं।

बदायूं लोकसभा, फिरोजाबाद लोकसभा और मैनपुरी लोकसभा सीट की। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार यहां से सपा ने शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। यह आदित्य यादव का पहला लोकसभा चुनाव है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भी सपा को पिछली बार हार का सामना करना पड़ा था।

## बसपा के बाहरी मुद्दे से जौनपुर में रोचक लड़ाई

**चुनाव डेस्क।** जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। पिछले चुनाव में बसपा ने सपा से गठजोड़ के बाद इस सीट को जीता था। इस बार पार्टी ने अपने सांसद का टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। पहले धनंजय को ही टिकट मिलना था लेकिन अदालत से सजा मिलने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर रोक लग गई। धनंजय जेल में थे तो श्रीकला को चुनाव प्रबंधन में दिक्कत आ रही थी लेकिन जमानत पर उनकी रिहाई के बाद अब यहां के समीकरण बदले हैं। माना जा रहा है कि अब बसपा मुकाबले को आसानी से त्रिकोणीय बना ले जाएगी। पार्टी यहां स्थानीय बनाम बाहरी पर आकर टिकट गई है। भाजपा ने जौनपुर निवासी कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वर्षों से वे मुंबई में ही राजनीति कर रहे थे। इसी तरह सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। वे भी जौनपुर के निवासी नहीं हैं। ऐसे में बसपा इसे भुनाने में लगी हुई है। धनंजय के आने से बसपा का प्रचार भी तेज हो गया है।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# युवा बेरोजगारी अधिक

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (अईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसद युवा हैं। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद, युवाओं के लिए रोजगार सृजन अपर्याप्त है जो कि आईएलओ की रिपोर्ट से पता चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी स्नातक डिग्री धारकों में पाई गई। इनमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित समूह था जबकि भारत उन देशों में से एक है जहां महिला श्रम बल भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम, करीब 25 फीसदी है। ऐसे में गैर-कृषि रोजगार बढ़ाने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत भी जोर है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

# कैसे बहने लगी पूर्वोत्तर में बदलाव की बयार


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है।

बीती 26 अप्रैल को लोकसभा की देशभर के अलग-अलग राज्यों में फैली 88 सीटों के लिए मतदान हुआ, पर एक खास बात की कमोबेश अनदेखी ही हुई। दूसरे चरण की पोलिंग में मणिपुर में 77.18 फीसद और त्रिपुरा में 78.53 फीसद तक मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों जितना अधिक मतदान देश में कहीं नहीं हुआ। इससे पहले, पहले दौर के मतदान में मेघालय में 70.26 फीसद, मिजोरम में 54.18 फीसद, नगालैंड में 56.77 फीसद, त्रिपुरा और मणिपुर में क्रमश : 89 फीसद से कुछ कम और लगभग 70 फीसद मतदान हुआ। यही नहीं, कहीं कोई हिंसा भी नहीं हुई।

मतदान के ये आंकड़े बहुत कुछ साफ-साफ कहते हैं। ये उन तमाम लोगों को शांत करवाने के लिए काफी हैं, जो दावा करते थे कि पूर्वोत्तर राज्यों में शांति अभी दूर की संभावना है। सच तो यह है कि पूर्वोत्तर भारत की सफलता की कहानी बनकर उभरा है। पूर्वोत्तर से देश भर संदेश गया है कि कोशिश हो तो जटिल विवाद हल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई खूंखार उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूर्वोत्तर के 80 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है।

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बेशक, यह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की सुधरती स्थिति की ओर इशारा करता है। देश के लिए सिरदर्द बनने वाले उल्फा, यूएनएलएफ, डीएनएलएफ, एनएलटीएफ जैसे संगठन शांति स्थापित करने के लिए तैयार हुए और उनके कैडर देश- प्रदेश की मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन उग्रवादी संगठनों के हजारों कैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें पुनर्वासित किया जा रहा है।



दरअसल पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति का लंबा इतिहास रहा है। यहां उग्रवाद, अवैध घुसपैठ और अन्य समस्याओं के कारण पूरा क्षेत्र पक्षाघात की स्थिति मे ला कर खड़ा कर दिया गया था। कहना पड़ेगा कि पिछली सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। यही नहीं, पूर्वोत्तर राज्य की पुरानी समस्याओं को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ की यह सारा क्षेत्र जलने लगा। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वहां की जनता को मूर्ख बना कर उनका ध्यान भटकाया जाता रहा।

नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो विकास के लिए केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर है। यह सब होने के बावजूद इसकी घोर उपेक्षा की गई। अगर पूर्वोत्तर राज्य अब अमन की तरफ पूरी तरह से बढ़ रहे है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके तेज तर्रार गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। अमित शाह के पास एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जो उनके सभी पूर्ववर्तियों को भी मात देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र को अमित शाह ने पूर्वोत्तर में मन से लागू किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सक्षम मध्यस्थता के कारण अग्रवादी संगठनों को शांति का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह साबित होता है कि, अगर इरादे हों तो जटिल मुद्दों को भी हल किया जा सकता हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद और विद्रोह के बढ़ते मामलों के कई कारण रहे हैं। लेकिन सबसे मुख्य कारण क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाही बरतने का है। जिसके लिए लगातार कांग्रेस की सरकारें ही जिम्मेदार रही हैं। एक बात जान लेना होगा कि अगर किसी मसले का ईमानदारी से हल खोजा जाए तो फिर हल निकलता ही है। पिछले दसेक सालों के दौरान

पूर्वोत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्यु में 86 प्रतिशत की कमी आई है।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है।

> शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है। शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है।

शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है, चाहे वह सड़क कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, दूरसंचार,आदिवासी कल्याण आदि हो।

2014 के बाद से उत्तर-पूर्व भारत की कहानी एक नीति के तौर पर एक महत्वपूर्ण केस-स्टडी होगी जिसमे गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका को उचित महत्व दिया जाएगा । उन्होंने वास्तव में दुनिया को दिखाया है कि रणनीति और नीति के माध्यम से किसी क्षेत्र पर कैसे काबू पाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की सरपरस्ती में गृह मंत्री के ठोस प्रयासों ने पूर्वोत्तर भारत का चेहरा-मोहरा बदल दिया है। बदले हुए पूर्वोत्तर की नामवर हस्तियों को सारा देश पहचानने लगा है। मुक्केबाज मैरी कॉम को कश्मीर से लेकर गोवा तक का बच्चा-बच्चा अपना मानता है। मैरी कॉम को दादा ध्यानचंद या सचिन तेंदुलकर के कद का खिलाड़ी ही मान सकते हैं। वह छह बार विश्व चैंपियन रहीं और एक बार भारत को ओलंपिक पदक भी जितवा चुकी हैं। इन उपलब्धियों पर मैरी कॉम जितना चाहे फख्र कर सकती हैं। पर पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान देते रहना होगा। उसकी अब अनदेखी नहीं की जा सकती।

## प्रसंगवश

# बिखराव व अलगाव के जिम्मेदार

> हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा ।


संजय वर्मा
इंदौर

हम सात दोस्तों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है। पहले कभी इसमें हम सुख-दुख बांटा करते थे । फिर इसे जमाने की हवा लग गई। अब इस पर जहर बोया और काटा जाता है। दो मोदी जी के भक्त हैं, दो विरोधी । बाकी के तीन डर और लिहाज की मिली जुली प्रेरणा से चुप रहते हैं।यह चारों सुबह-शाम हम बचे तीन लोगों को संदेश, वीडियो, अखबारी कतरनों से अपनी ओर मिलाने का प्रयास करते हैं। मेरा व्यापारी मन हैरान होता है। इतनी मेहनत सिर्फ तीन वोटो के लिए? रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के लिहाज से यह सौदा घाटे का है । पर उनका समर्पण देख मैं नतमस्तक हो जाता हूं।

यह अकेले मेरे दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप की समस्या नहीं है। परिवार, व्यापार, कॉलोनी तमाम व्हाट्सएप ग्रुप पर यही जहर सुबह शाम बंट रहा है। लोग अपने नेता के लिए रिश्ते नाते कुर्बान कर रहे हैं। कभी सोचता हूं क्या मोदी जी या राहुल गांधी को पता है सुदूर इंदौर में कोई उनका पार्टी कार्यालय रोशन करने के लिए अपना घर जला रहा है। मतलब सारे रिश्ते नाते तोड़ के आ गई(गया), ले मैं तेरे वास्ते सब छोड़ के....।

क्यूं कर रहे हैं लोग ऐसा ? यह मुझे सामूहिक हिस्टीरिया जैसा लगता है वरना हमारे ग्रुप का एक वैज्ञानिक दोस्त किसी अतार्किक ऊलजलूल बात के समर्थन में तर्क क्यों ढूंढ कर लाता ?

मनोविज्ञान कहता है इन समर्थकों ने एक काल्पनिक दुनिया बना ली है, जिसमें पार्टी इनका परिवार खानदान और कबीला है जिसकी रक्षा के लिए वे अपना सर्वस्व कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। पार्टी का नेता उनका बड़ा भाई पिता या बाबा है, उसके संरक्षण में वे सुरक्षित महसूस करते हैं, प्रेम देते लेते हैं ।

मेरे एक मामा जी थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। बुढ़ापे तक आते-आते सब बिछड़ गए। उन्होंने देवी मां को अपना सगा मान लिया। दिनभर उनसे बातें करते। चाय पीने की इच्छा होती तो मां की मूर्ति के पास जाकर पूछते- मां चाय पियोगी ? फिर खुद ही जवाब देते- हां हां अभी बना कर लाता हूं ।

अकेला आदमी अपनी एक काल्पनिक दुनिया बसा लेता है।

अपने नेता के लिए जीने मरने वाले ये मित्र भी क्या मेरे मामा की तरह अपने कुटुंब कबीले से बिछड़ गए हैं ? पर एक समस्या और है , इस तरह हम उनके प्रेम को तो समझ सकते हैं , पर विरोधी गुट से उनकी नफरत को कैसे समझें जिसमें वे दिन रात उबल रहे हैं ?

एक मनोवैज्ञानिक ने बताया है - कभी कभी नफरत भी इंसान को जीने का मकसद देती है। खास तौर पर जब वह किसी समूह से हो। निरर्थक बेमकसद जीवन को किसी सागर में भटकी नाव की तरह नफरत का किनारा मिल जाता है। जीने का मकसद मिल जाता है।

बताते हैं जब इंसान कबीलों में रहता था तब अपने परिचय में नाम, पिता, कबीले और दीगर जानकारी के अलावा अपने दुश्मन का नाम भी बताता था। मतलब आपकी पहचान में आपका दुश्मन भी शामिल था। संभव है यह आदिम प्रवृत्ति हमारे भीतर अब भी हो । हम अब भी अपनी पहचान के लिए दुश्मन और उससे नफरत पर निर्भर करते हों । संभव है अपनी पहचान के संकट से जूझता इंसान नफरत में अपने होने को तलाश रहा है । इस नफरत से एक फायदा और होता है । जब आप एक समूह से नफरत करते हैं तो नफरत करने वालों का भी एक समूह बन जाता है और उनमें आपस में भाईचारा हो जाता है ।

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा । मैं अचानक अपने आप को अपराधी महसूस करने लगा हूं।

# विश्वविद्यालयों की स्थिति एवं प्रशासनिक कार्य प्रणाली


ए.के. जैतली
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, बरेली

> एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा की गई है। परंतु विश्वविद्यालय सामाजिक भ्रष्टाचार का केंद्र बनकर रह गए हैं। कुलपति अपने गलत कामों को सही ठहरने के लिए शिक्षकों का प्रयोग करने लगे हैं। सवाल है क्या इस तरह हमारे विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता दे पाएंगे। इन दिनों एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति और कुल सचिव के बीच चल रही अधिकारों और दायित्वों की जंग चर्चा में है। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 में स्पष्ट है कि कुलपति को राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धाराओं एवं परिनियम में वर्णित प्रावधानों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय का संचालन करना होगा। किन्तु देखने में आया है कि कुलपति जब नियम विरुद्ध कार्य करते हैं तो वह राजभवन को शामिल करने की चेष्टा करते हैं।

कुलपतियों की नियुक्ति में भी अपनाया जा रहा रवैया अजब है। कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति में किसी दूसरे विश्वविद्यालय के कुलपति को ही एक सदस्य बना कर अध्यक्ष बनाया जाता है। पांच साल का इतिहास देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक कुलपति की नियुक्ति में दूसरे विश्वविद्यालय का कुलपति अहम भूमिका निभाता है। फिर वही नियुक्त कुलपति दूसरे विश्वविद्यालय में नियुक्ति हेतु उसी के कुलपति हेतु चयन में मदद करता है जिसने उसे पूर्व में कुलपति हेतु चयनित किया था। 2020 में एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति की चयन समिति में यूपीटीयू के कुलपति अध्यक्ष थे, और उनके द्वारा ही एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम का चयन किया गया था । तत्पश्चात जब कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन का नंबर आया, तो वहीं एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, चयन समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने उन्हीं यूपीटीयू के कुलपति का नाम कानपुर में चयनित किया, जिन्होंने उन्हें पूर्व एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय हेतु चयनित किया था । इस तरह की चयन प्रणाली एक जांच का विषय है। इस तरह से विश्वविद्यालय के चयनित कुलपति विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुरूप कैसे खरे उतर सकते हैं?

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी। उस सूचना के आधार पर तो एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चयनित शिक्षकों का वेतन निर्धारण यूजीसी एवं शासन के मानकों के अनुरूप नहीं होगा। कुल सचिव व वित्त अधिकारी शासन का प्रतिनिधित्व करते हैं, और उनसे राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परनियमों के अनुसार यह अपेक्षा की जाती है कि वह विश्वविद्यालय में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों से शासन को अवगत कराएंगे । यही कारण था कि पूर्व वित्त अधिकारी ने विश्वविद्यालय में की जा रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमित्ताओं से राजभवन व शासन को अवगत कराया था। जिस पर जांच प्रस्तावित है। हाल में ही एमजेपी विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे। यह भयावक स्थिति है इस विषय में गंभीरता से सोचना होगा। विश्वविद्यालय के अधिनियम व परिनियम में कुलसचिव, उप कुलसचिव व सहायक कुलसचिव शासन के अंतर्गत सेंट्रलाइज्ड सर्विस से गवर्न होते हैं। शासन के अनुसार ये विश्वविद्यालय में सेंट्रलाइज्ड सर्विस से इसलिए नियुक्त किए जाते हैं ताकि वह अपने दायित्वों से पूर्ण नियम व कानून को कुलपति के समक्ष रखें और कुलपति को उसी के अनुसार कार्य करने की सलाह दें, चाहे वह वित्तीय या प्रशासनिक। जब तक कुलपति व शासन के द्वारा नियुक्त अधिकारियों के बीच टकराव नहीं होता, तब तक सब सही चलता रहता है और जब अहम के टकराव होते हैं, तो वही होता है जो विश्वविद्यालय में हो रहा है।

शिक्षा के उत्थान के लिए सरकार चाहे जितने कार्य कर ले, जब तक विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के आचरण और कर्तव्यों में नियम कानून का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक देश, प्रदेश की शिक्षा का उत्थान नहीं हो सकता। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, समाज का उत्थान, समाज को दिशा देने का कार्य विश्वविद्यालय कैसे कर सकते हैं विश्वविद्यालय की प्रथम प्राथमिकता नियम संगत कार्य करने की होनी चाहिए तभी विद्यार्थियों और समाज का कल्याण हो सकता है।

## सोशल फोरम

# फर्ज के कर्ज में जिंदगी


प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

मतदान कर के आया तो एक ज्ञानी बुजुर्ग महोदय से मैंने पूछ लिया किस का स्कोर कितना होगा। वह बोले, यह तो नहीं बतला सकता पर आज मुझ पर, आप पर, हर एक पर 1.46 लाख रूपया कर्ज है।

हर जन्मा बच्चा इस बेरहम समाज का कर्जदार हो कर आता है। आज हम पर 20.5 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। खरबपति, खगपति बढ़ते जा रहे हैं। कंगाली बढ़ रही है और मॉल है कि कह रहे हैं, लूट लो। कर्ज तो देश के विकास के लिए है पर खरबपति आगे बढ़ रहे हैं। यानी कि पर्दा हमारे नाम से उड्डा ईद मनाई लोगों ने।

आमदनी अठन्नी खर्चा रूपया के हिसाब में जब रोजगार नहीं है, मतदाता को रिझाने में सब मुफ्त होईगा तो यही होएगा। मानव संसाधन का प्रयोग नहीं है, 23 करोड़ गरीबी रेखा से नीचे हो गए हैं। पंचतत्व आदमी के भोगी प्रवृत्ति के कारण असंतुलन में हैं।

याद आई एक किताब लैरी इलियट और डॉन एटकिंसन की द गाड्स दैट फेल्ड। कारण एक खास के लिए करोड़ों को समर्पित किए जाने का जलवा। आर्थिक असंतुलन इस विश्व का कृत्रिम नेचर बन गया है। विश्व बाजार सूदखोर है। ब्रिटेन ने तो बैंक, सूदखोरी अर्थशास्त्र के सहारे दुनिया में राज किया। यह अर्थ, अनर्थ है।

हम भारतीय तो अपनी संस्कृति के द्वारा ही कर्जदार कर दिए जाते हैं। मातृऋण, पितृ ऋण, देव ऋण... जिंदगी न हुई सूदखोरी हो गई। सारी जिंदगी ऋण उतारने में चली जाती है, जिएंगे कब।

माता-पिता के लिए बच्चे कर्जदार क्यों। आज के बाजार में तो बच्चे हो लिए पैकेजेज। कैसा अर्थशास्त्र। एहसान तले दाब दो जन्म जन्मान्तर तक, उसका सूद खाते रहो। माता-पिता बच्चे का संबंध हो या प्यार कभी कर्ज नहीं होता, सहज जीने का एहसास है। ऋण तो भाषाई तिलिस्म है।

बच्चों को पालने में माता-पिता का आनंद है तो मां-बाप को पालने में बच्चों को भी आनंद ही आना चाहिए। दोस्ती है असल संबंध। चाहे बच्चों माता-पिता के बीच हो, पति-पत्नी के बीच। सारे संबंध कृत्रिम । और अब कृत्रिम बुद्धि।

**-फेसबुक वॉल से**

# पुराण में सांप और जीवाश्म विज्ञान


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दुनिया में पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के 'बॉडी-साइज़' अर्थात इनके शरीर की आकृति, आमाप और आकार में फर्क क्यों है? क्या ये एव्ल्युशन की प्रक्रिया के दौरान स्थिर हो गए हैं। कुदरत ने सभी जीवधारियों के शरीर के सम्बन्ध में कुछ घटकों को कैसे निश्चित किया? क्या फार्मूला रहा होगा?

कुछ दिन पहले पुराविदों को सरीसर्प का एक जीवाश्म जमीन में दबा मिला कहा गया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सांप हुआ करता। इस बारे में हमारे यहां तो पुराण कथाओं में किसी और तरीके से कहानियां गढ़ी गई है जो सिर्फ एंटरटेन करती हैं, विज्ञान की बात नहीं बताती। आप चाहें तो इसे वासुकी नाग से जोड़ सकते हैं जिसके फन पर पृथ्वी टिकी हुई है। कोई कहता है यह वाराह के थूथन पर टिकी है। इस मामले में सबसे बढ़िया विवरण डेविड कोप का दिया हुआ है, जिसे हमें पढ़ना चाहिए।

कोप के विवरण जीवाश्म विज्ञान (पेलियंटोलॉजी) से संबंधित हैं। इस विषय पर हमारे यहां एक विशिष्ट टाइप का इंस्टिट्यूट लखनऊ में सन 1946 से कार्यरत है जिसका नाम है बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेलियोसाइंसेज। इसके काम काज के बारे में आमजन या अधिकांश फेस-बुकिये तो क्या जानेंगे विज्ञान लेखक भी कभी इस तरफ ध्यान नहीं देते। अधिकांश काम नर्मदा घाटी और हिमालय के जीवाश्मों की तरफ है और बेसिक रिसर्च से कोई खास लेना-देना नहीं। इंडियन सोसाइटी ऑफ़ पेलियोलॉजी भी है जो एक जर्नल का प्रकाशन करती है। डेविड कोप ने इनवरटीब्रेट्स (अरीढ़धारियों) के बारे में सूचना एकत्र कर इसे पचास खंडों में प्रकाशित किया और यह सब करते हुए एव्ल्युशन के बारे में खूब लिखा। पृथ्वी के जीवधारियों के विकासक्रम के बारे में रिसर्च का काम चलता रहता है और नयी थ्योरीज सामने आती रहती हैं। पॉपुलर साइंस पत्रिकाएं भी इस विषय पर कम कवरेज देती हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोध प्रकाशित करने वाली कुछेक पत्रिकाओं में इस बाबत जानकारी का प्रकाशन नियमित होता है, खासतौर से 'नेचर इकोलॉजी एंड एव्ल्युशन' जर्नल में।

सांप का जो नया जीवाश्म मिला है और इस खबर को भारत में भी अधिकांश अखबारों ने प्रकाशित किया है उसमें डिटेल्स तो हैं ही नहीं! रिसर्च से मालूम होता है कि विकास क्रम की प्रक्रिया में कुदरती हालात के बदलते रहने का जीवधारियों के बॉडी साइज़ को तय करने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ता रहा है। इसमें डेविड कोप की 'आईलैंड थ्योरी' का अध्ययन भी जरूरी है। कुल मिलाकर यह बड़ा रोचक विषय है।

निर्भर करता है कि जीवधारियों के बारे में जानकारी लेने के हमारे नज़रिए को पौराणिक आख्यान प्रभावित करते हैं या आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति? और अगर, दोनों के कारण मौजूद हैं तो फिर तुलनात्मक बात कहनी और समझनी चाहिए।

# हमारे लाला जी का फ़िल्मी शौक


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमें फ़िल्मी शौक यों ही नहीं है। ये हमें विरासत में मिला है। बल्कि कहिए कि डीएनए में है। हमारे पिता जी भी खूब फ़िल्में देखते थे। हमारे दादा जी को ये शौक जुनून की हद तक था। पार्टीशन से पहले वो अपने शहर मियांवाली में बजाजे का काम करते थे। उन्हें लाला जी कहा जाता था, लाला लक्ष्मण दास बजाजे आले। उन दिनों शहर में कोई सिनेमा हाल नहीं था। सिनेमा देखने वो कई बार लाहौर और रावलपिंडी गए।

लाला जी की तरह के कई फ़िल्मी कीड़े थे। उन्हीं में एक थे - टिंबर मर्चेंट लाला गद्दी राम मानकताला। उन्होंने सिनेमाहाल बनाने की शुरुआत की। हमारे लाला जी और एक अन्य लाल चंद चुग भी उसमें पार्टनर बन गए। सिनेमाहाल का नाम रखा गया - दिलरुबा टॉकीज़। ये बात 1933 की है। शहर में तहलका मच गया। लोगों की लाईफ स्टाईल ही बदल गई। मनोरंजन का एक नया ज़रिया मिल गया। छोटा-बड़ा, जवान-बूढ़ा, हिंदू-मुसलमान, अमीर-फ़कीर, जिसे देखो सिनेमा की बात कर रहा है।

उन दिनों मियांवाली शहर में बिजली नहीं होती थी। दिलरुबा टॉकीज़ डीज़ल के जनरेटर से चलाया गया। शुरुआत के दिनों में प्रोजेक्टर भी एक था। लिहाज़ा रील ख़तम हुई नहीं कि दस मिनट का इंटरवल होता था। टॉकीज़ में भीड़ बहुत होती थी। पीछे की दो पंक्तियां लेडीज़ के लिए रिज़र्व होती थीं। जब कोई धार्मिक फ़िल्म लगती थी तो दोपहर का एक शो लेडीज़ स्पेशल रखा जाता था। कुछ साल बाद टॉकीज़ बंद हो गया। पार्टनर्स में आपसी मन-मुटाव ख़ास वज़ह थी। तब इसे बहादुर शाह अधलखा ने खरीद लिया और नया नाम दिया - बहादुर टॉकीज़।

लाला जी पार्टीशन के बाद दिल्ली में सेटल हो गए। यहां भी उन्होंने बजाजे का धंधा शुरू किया। लेकिन क़िस्मत ने साथ नहीं दिया। फिर उन्होंने चाबी के छल्ले और चेन के धंधे में हाथ डाला। काम जम गया। पहले रिटेल और फिर थोक व्यापारी हो गए। सदर बाजार में एक छोटी सी दुकान रख ली। सदर के पास बारह टूटी में वेस्टएंड सिनेमा हॉल था। लाला जी दुकान से उठकर चुपके से उठ कर फिल्म देख आते थे।

हम लोगों का गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली जाना होता था। लाला जी जेब खर्च के लिए रोज़ाना चवन्नी देते थे। जो आगे चल कर पांच रूपए हो गया। सिनेमा देखने के पैसे अलग से मिलते थे।



# छत्तीसगढ़ के रण में जीत का प्रण


दिग्विजय सिंह

- भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाले इस राज्य में दोनों दलों ने जीत के लिए बिछाई है बिसात
- तीसरे चरण में सात सीटों पर जबर्दस्त घमासान, भाजपा और कांग्रेस के सितारे उतरेंगे जमीन पर
- विधानसभा चुनाव में जीत से उत्साहित भाजपा क्लीन स्वीप की तैयारी में, तो कांग्रेस लेना चाहती हार का बदला

**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटें हैं। इनमें चार सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 11 में से नौ सीटें जीतकर शानदार सफलता पाई थी। कांग्रेस केवल दो सीटों पर सिमट कर रह गई थी। भाजपा को 50.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 40.9 प्रतिशत था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में राज्य में चार माह पहले विधानसभा चुनाव जीतने वाली भाजपा के सामने पार्टी की सांसद टैली को डबल डिजिट में पहुंचाने की चुनौती है, जबकि कांग्रेस विधान सभा चुनाव की हार के गम से उबरकर खुद को मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित करने की हर संभव कोशिश में लगी है। राज्य में दो चरणों में मतदान हो चुका है अब तीसरे चरण में सात मई को सात सीटों रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, दुर्ग और जांजगीर-चांपा सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण को भाजपा-कांग्रेस के बीच असली लड़ाई माना जा रहा है। इसमें कांग्रेस के प्रण और भाजपा के रण की परीक्षा होगी।

## बीते तीन चुनावों में भाजपा का वोट छह तो कांग्रेस का चार फीसदी बढ़ा

- छत्तीसगढ़ में नौ लोकसभा सीटों पर काबिज भाजपा पार्टी के मिशन-400 पार को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान की तरह इस बार राज्य में भी क्लीन स्वीप करके सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना चाहती है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद पार्टी का यह उत्साह बेवजह भी नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में हर बार कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा का वोट शेयर 2009 से 2019 तक जहां छह फीसदी बढ़ा है, वहीं वोट तो कांग्रेस का भी चार प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन उसे सीटों का खास फायदा नहीं हुआ।
- 2009 में भाजपा ने 10 सीटें और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। 2014 में फिर भाजपा के खाते में 10 सीटें आईं और कांग्रेस के हाथ एक ही सीट लगी। 2019 में जरूर भाजपा नौ सीटें ही जीत पायी थीं और कांग्रेस ने 2 सीटों पर कब्जा जमा लिया था। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले साल दिसंबर में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा का वोट शेयर पिछले चुनाव के 33 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी से ज्यादा हो गया था। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट शेयर थोड़ा घटा था। 2018 में पार्टी का वोट प्रतिशत 43 फीसदी था, लेकिन 2023 में कांग्रेस को 42 .23 फीसदी वोट ही मिले थे।
- राजनीतिक जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दलित, आदिवासी और ओबीसी वोट कांग्रेस के साथ जा रहा था। लेकिन भाजपा की दो घोषणा धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और महतारी बंधन योजना ने उसके नाराज समर्थकों के साथ फ्लोटिंग वोटरों को भाजपा के पक्ष में खड़ा कर दिया। अब लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार के साथ मोदी की गारंटी और चेहरा है, जो भाजपा को आगे खड़ा दिखा रहा है।



**2019 में मत प्रतिशत**

50.7% भाजपा | 40.9% कांग्रेस

**2014 में मत प्रतिशत**

48.7% भाजपा | 38.4 % कांग्रेस

**2019 का दलीय परिणाम**

| दल | सीट | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 09 | 69,02,477 |
| कांग्रेस | 02 | 55,69,183 |

**2014 का दलीय परिणाम**

| दल | सीट | प्राप्त वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 10 | 59,73,904 |
| कांग्रेस | 01 | 47,02,813 |

### विस चुनाव में आठ लोस सीटों पर आगे रही थी भाजपा

विधान सभा परिणामों के मुताबिक राज्य में आठ लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस तीन सीटों पर आगे रही है। कांग्रेस जिन सीटों पर आगे रही थी, वह तीसरे चरण में आती हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट चुनावी अभियान का जायजा ले गए हैं। सोमवार को राहुल गांधी और 30 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बाद दो मई को प्रियंका गांधी आने का कार्यक्रम है। भाजपा के भी स्टार प्रचारकों इस चरण में चुनाव प्रचार में ताकत लगाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले दो दिनों में कोरबा में सभा का कार्यक्रम बन रहा है। मोदी इससे पहले भी राज्य में चार सभाएं कर चुके हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों के दौरे के कार्यक्रम बनाए हैं।



### रायपुर में दिग्गज नेता और युवा चेहरे के बीच रोचक हुई लड़ाई

रायपुर लोकसभा सीट पर बीते 28 साल से भाजपा काबिज है। यहां से 1991 में अंतिम बार कांग्रेस नेता विद्या चरण शुक्ल जीते थे। भाजपा से मैदान में उतरे कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से रायपुर दक्षिण विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं। इनके मुकाबले कांग्रेस ने रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को उतारा है। वह युवा चेहरा हैं। वह स्थानीय समस्याएं उठाकर भाजपा को घेरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

### बिलासपुर में हो सकता कांटे का मुकाबला

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा सात बार से जीत रही है। 2019 में यहां से अरुण साव बड़े अंतर से जीते थे। यहां भाजपा के तोखन साहू के सामने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं। यहां यादव और साहू वोटरों का बाहुल्य है, इस कारण मुकाबला करीबी माना जा रहा है। 2019 में भाजपा को 52 और कांग्रेस को 41 प्रतिशत मत मिले थे।

जाजगीर-चांपा लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह कमलेश जांगड़ को उतारा है। उनके सामने कांग्रेस के डा .शिवकुमार डहरिया चुनौती पेश कर रहे हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के गुआरम अजगले ने करीब 82 हजार मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था। इस बार यहां कांग्रेस जोर लगा रही है।

### रायगढ़ में ढाई दशक से भाजपा का कब्जा

- रायगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के राधेश्याम राठिया के सामने कांग्रेस से सारंगढ़ राज परिवार की डॉ . मेनका देवी सिंह मुकाबले में हैं। इस सीट पर 1999 से भाजपा का कब्जा है। यहां की भाजपा सांसद गोमती साय ने इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव जीती थीं। भाजपा उनके आदिवासी होने पर सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस में भी उनकी प्रत्याशिता पर नाराजगी के स्वर हैं।

### कोरबा में कांग्रेस को फिर जीत की आस

- कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस का प्रभाव रहा है। यहां से भाजपा की पूर्व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के सामने कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत हैं। यहां बागेश्वर बाबा की कथा में आए श्रद्धालुओं को भाजपा का पटका पहनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। पिछली बार कांग्रेस यह सीट करीब 27 हजार मतों से जीती थी।

### राजनांदगांव में भूपेश बघेल की जीत ओबीसी वोटरों पर निर्भर

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट पर इस बार के सबसे मुकाबला दिलचस्प में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय से हुआ। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कांग्रेस के पास 5 और भाजपा के पास 3 सीटें हैं। पिछली बार संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। कांग्रेस ने लोकसभा क्षेत्र में पिछड़े वर्ग की बहुलता को देखते हुए भूपेश बघेल को उतारा था।

### महाराज के आगे भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाएंगी शशि सिंह

सरगुजा आरक्षित लोकसभा सीट आदिवासी बेल्ट मानी जाती है। 2019 में यहां से भाजपा की रेणुका सिंह बड़े अंतर से जीती थीं। यहां कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज जो राज्य के संत गहिरा गुरु के परिवार से हैं, को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। उनका मुकाबले में कांग्रेस की शशि सिंह चुनाव लड़ रही हैं। यहां जानकार भाजपा को मजबूत मान रहे हैं।

### दुर्ग में भाजपा-कांग्रेस के बीच मानी जा रही कड़ी टक्कर

दुर्ग लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा जीती थी। भाजपा के विजय बघेल ने कांग्रेस की प्रतिमा चंद्राकर को बड़े अंतर से हराया था। हालांकि 2014 में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने भाजपा की सरोज पांडेय को यहां शिकस्त दी थी। भाजपा ने एक बार फिर विजय बघेल पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने अपने जमीनी कार्यकर्ता राजेंद्र साहू को उतारा है। यहां इस बार करीबी मुकाबला माना जा रहा है।

### बस्तर दे चुका बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की विजय का संदेश

संवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर सीट पर 68 .29 प्रतिशत मतदान करके लोग बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की जीत का संदेश दे चुके हैं। कांकेर में 78, राजनांदगांव में 77 और महासमुंद में 77 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े थे, जो पिछली बार से ज्यादा थे। दूसरे राज्यों में कम मतदान की जगह छत्तीसगढ़ में ज्यादा वोट पड़ना सकरात्मक संदेश है।

### बिरनपुर हिंसा व पीएससी घोटाला फिर बना कांग्रेस के गले की फांस

- भूपेश बघेल सरकार में हुई बिरनपुर हिंसा और पीएससी घोटाला का मुद्दा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर भारी पड़ा था, अब लोकसभा चुनाव में भी ये दोनों मुद्दे कांग्रेस के लिए गले की फांस बनते दिख रहे हैं। केंद्र सरकार की अनुमति के बाद दोनों मामलों में सीबीआई जांच शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी अभियान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। वह कह रहे हैं कि पीएससी के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि बिरनपुर हिंसा में शामिल आरोपितों को जेल भेजा जाएगा। बिरनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में भुवनेश्वर साहू की हत्या हुई थी। इसके बाद भाजपा ने भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को विधानसभा में टिकट दिया था। वह चुनाव जीतकर विधायक बने थे।

# नासिक में दौड़ी अघाड़ी की गाड़ी, महायुति में गतिरोध का पेच

चुनाव डेस्क



छगन भुजबल



एकनाथ शिंदे



अजित पवार अमृत विचार

- शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी सोमवार को करेंगे नामांकन दाखिल
- शिवसेना शिंदे के साथ राकांपा अजित अड़े हैं चुनाव लड़ने को लेकर

**नासिक।** महाविकास अघाड़ी से शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी राजाभाऊ वाजे नासिक लोकसभा सीट पर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। लेकिन महायुति में प्रत्याशी चयन को लेकर दरार अभी भी बनी हुई है। बीते 45 दिनों से नासिक लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवारी को लेकर फंसा पेंच नहीं सुलझ सका है। उधर, महाविकास अघाड़ी ने अपना उम्मीदवार तय करके प्रचार में बढ़त बना ली है।

छगन भुजबल द्वारा नासिक सीट पर चुनाव लड़ने से इंकार करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सत्तारूढ़ शिवसेना गुट का सीट पर दावा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इस सीट से दो बार के सांसद हेमंत गोडसे शिंदे गुट के साथहैं। वह तीसरी बार चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। 2019 में शिवसेना के टिकट पर हेमंत गोडसे ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,63,599 वोट मिले थे, जबकि एनसीपी के समीर भुजबल ने 2,71,395 वोट पाए थे।

भाजपा से इस सीट पर पूर्व विधायक राहुल ढिकले का नाम सबसे आगे है। लेकिन नासिक सीट पर राकांपा (अजित पवार गुट) और शिवसेना (शिंदे गुट) दोनों प्रत्याशिता के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। शिंदे गुट आसानी से नासिक सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उधर, छगन भुजबल के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद भी राकांपा ने नासिक सीट पर अपनी जिद नहीं छोड़ी है। इसलिए नासिक सीट पर महायुति में गतिरोध नहीं दूर हो पा रहा है। इससे महायुति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता असमंजस में हैं।

**तीसरे चरण में तय होगा शिवसेना राकांपा टूट में कौन ताकतवर :** महाराष्ट्र में तीसरे चरण में सात मई को रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सातारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले सीट पर मतदान होना है। सबसे रोचक मुकाबला बारामती में सुप्रिया सुले (एनसीपी शरद पवार गुट) का सुनेत्रा पवार (एनसीपी अजित गुट) से है।

माधा सीट पर रणजीत सिंह नाइक (भाजपा) का मुकाबला धैर्यशील मोहिते पाटिल (एनसीपी पवार) से है। उस्मानाबाद सीट पर अर्चना पाटिल (भाजपा) के सामने ओमप्रकाश राजे निंबालकर (शिवसेना उद्धव) हैं। लातूर में सुधाकर श्रंगारे (भाजपा) का मुकाबला शिवाजीराव कालगे (कांग्रेस) से है। हातकणंगले में राजू शेट्टी (स्वाभिमानी पक्ष), सत्यजीत पाटिल (शिवसेना शिंदे) और धैर्यशील माने (शिवसेना उद्धव) में त्रिकोणीय मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से छत्रपति शाहू महाराज (कांग्रेस) का सीधा मुकाबला संजय मांडलिक (शिवसेना शिंदे) से है। शोलापुर में मुकाबला प्रणीति शिंदे (कांग्रेस) और राम सातपुते (भाजपा) के बीच हो रहा है।



**मतदाताओं को रिझाया**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। इस दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए उन्होंने वाद्य यंत्र भी बजाया।



**मांगे वोट**

नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

# 35 सालों से कांग्रेस का चक्रव्यूह भेदती आ रही भाजपा

**भिंड संसदीय सीट**


चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की भिंड लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ा हुआ है। 35 सालों में नौ चुनाव हुए और सभी में भाजपा को यहां जीत मिली। अब पार्टी 10 वीं बार जीत दर्ज करने के लिए वर्तमान सांसद संध्या राय के साथ मैदान में है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए कांग्रेस भी आतुर दिख रही है और इस बार उसने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

अब के चुनावों में मुख्य मुकाबले में रही कांग्रेस के लिए उसके बागी देवाशीष जरारिया मुसीबत बन गए हैं। देवाशीष को बसपा ने हाथी का महावत बना लिया है। देवाशीष इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं पिछले चुनाव में उन्हें भाजपा की संध्या राय ने हराया था।

2019 में चुनाव में देवाशीष जरारिया कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे तब उनके मुकाबले भाजपा ने नया चेहरा संध्या राय के रूप में उतारा था। संध्या ने उन्हें पटखनी दी तो इस बार कांग्रेस ने जरारिया से किनारा कर लिया। पार्टी को उम्मीद थी कि फूल सिंह बरैया को जीत दिलाने में जरारिया शिद्दत के साथ लगेंगे लेकिन उन्होंने तो हाथ का साथ छोड़कर हाथी की सवारी कर ली। इसे कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं माना जा रहा है। यहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इससे पहले 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड में सभा करेंगे।

इस सीट से 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी सांसद रह चुकी हैं। यहां से ज्यादातर दूसरे जिलों के उम्मीदवार ही सांसद बनते रहे हैं। यहां तक कि वर्तमान सांसद संध्या राय भी मुरैना जिले की निवासी हैं। वह दिमनी से विधायक रह चुकी हैं।



| | |
|---|---|
| 10, 19 ,722 पुरुष मतदाता | 37 ट्रांसजेण्डर मतदाता हैं |
| 8,73 ,872 महिला मतदाता | 18, 93, 631 कुल मतदाता |

- 10 वीं बार जीत के लिए पार्टी ने वर्तमान सांसद संध्या पर जताया विश्वास
- कांगेस ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है
- कांग्रेस के बागी देवाशीष बने हाथी के महावत, लड़ाई में आने को आतुर

### इस बार कांटे का मुकाबला

इस चुनाव में मुकाबला कांटे का हो सकता है। क्योंकि प्रदेश की सत्ता पर भाजपा भले ही काबिज है लगातार 35 सालों से इस संसदीय सीट को जीतती आ रही है लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उसे जबरदस्त टक्कर दी थी। यहां की आठ विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस और चार पर भाजपा काबिज है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है।

### भाजपा के रामलखन सिंह लगातार चार बार जीते

- भाजपा ने पहली बार 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब नरसिंह राव दीक्षित सांसद बने थे। इसके बाद भाजपा के 1991 में योगानंद सरस्वती को सांसद बनने का मौका मिला। 1996 के चुनाव में राम लखन सिंह सांसद बने और वे 2004 तक जीते। इस तरह चार बार सांसद बनने का मौका उन्हें मिला। पार्टी ने इसके बाद अशोक अर्गल पर दांव लगाया और वे भी 2009 में सांसद बनने में कामयाब हुए। 2014 में भागीरथ प्रसाद को जीत मिली तो 2019 में संध्या राय सांसद बनीं।

### नरोत्तम मिश्रा भी यहां से हारे

- शिवराज सिंह सरकार में गृह मंत्री रहते हुए नरोत्तम मिश्रा को यहां की दतिया विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार ने ही पटखनी दी। नरोत्तम मिश्रा की हार भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं थी। इससे भी कांग्रेस का मनोबल भिंड लोकसभा के चुनाव में बढ़ा हुआ है।

# छठे चरण के लिए नामांकन आज से

## लोकसभा की 14 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया के लिए आयोग तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए भी होगा नामांकन

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भी नामांकन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटों के लिए चुनाव होंगे। इस चरण की कुल लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी व भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच नामांकन किये जा सकेंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जायेगी। नौ मई को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता व 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17,113 मतदान केन्द्र व 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.62 लाख मतदाता हैं, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता व 1.69 लाख महिला मतदाता हैं।

### सुरक्षा के व्यापक प्रबंध


मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## राजनाथ और कौशल आज करेंगे नामांकन


राजनाथ सिंह


कौशल किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन करेंगे। दोनों प्रत्याशी भाजपा के हजरतगंज स्थित प्रदेश कार्यालय से सुबह 10 बजे रथ पर सवार होकर जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। उनके साथ रथ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे।


पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

## सपा-बसपा को झटका, कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के कई नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं में सपा नेता पूर्व विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण 'जय चौबे', सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष संत कबीरनगर बलराम यादव व सपा से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जगत जायसवाल समेत कई नेता शामिल हैं। इसके अलावा सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर नीतू सिंह, सपा से विधानसभा पुवांया के पूर्व प्रत्याशी उपेन्द्र पाल सिंह, सपा संतकबीरनगर के नेताओं में सपा से जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, जिला अध्यक्ष (प्रधान संघ) जगदीश चैधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह 'मन्नू', पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रम्हशंकर भारती (गोस्वामी) और बसपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिरपत यादव शामिल हैं।

### एक नजर

#### 32,747 लाख की शराब ड्रग व धातुएं जब्त

**अमृत विचार , लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पहली मार्च से 27 अप्रैल तक कुल 32747 .03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 3207 .95 लाख रुपये नकद, 4532 .16 लाख की शराब, 21688 .95 लाख की ड्रग, 2161 .59 लाख रुकी बहुमूल्य धातुएं एवं 1156 .39 लाख रुकी अन्य सामग्री जब्त की गई। 27 अप्रैल को कुल 169 .95 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 5 .86 लाख रुपये नकद, 51 .17 लाख की 19392 .95 लीटर शराब, 112 .93 लाख की 20101 .50 ग्राम ड्रग जब्त की गई।

#### हरदोई व सीतापुर की सड़कों के लिए धनराशि अवमुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या 58 के अंतर्गत नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत हरदोई की एक और सीतापुर की एक सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने धनराशि अवमुक्त कर दी है। हरदोई में प्रताप नगर-माधोगंज मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0 .00 से चैनेज 20 .400 तक चौड़ीकरण एवं सुदढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये अवमुक्त किये गये हैं। जबकि सीतापुर में चंद्रा पिसांवा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 46 .50 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं। ये सड़कें बहुत जर्जर थीं और लंबे समय से इसके चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी।

# कंप्यूटर हैक कर कराते थे नकल

## रिमोर्ट एक्सेस सॉफ्टवेयर से हल कराते थे इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वेल्लूर यूनिवर्सिटी तमिलनाडु का मामला

▸▸ देहरादून में हुई गिरफ्तारी, दोनों आरोपी बिहार के

**अमृत विचार :** उप्र., मध्य प्रदेश और बिहार की परीक्षाओं में शिक्षा माफियाओं की दखलंदाजी के बाद अब तमिलनाडु की परीक्षाओं में भी एक नये गैंग की सक्रियता सामने आई है। इस बार जो अभियुक्त पकड़े गए हैं, वह प्रतिष्ठित संस्थान वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी प्राइवेट यूनिवर्सटी इन वेल्लूर, तमिलनाडु की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा-2024 में प्रश्नपत्र हल कराने में सक्रिय थे। आरोपियों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्नपत्र हल कराकर मोटी रकम वसूल ली।

उप्र. एसटीएफ की मेरठ इकाई ने सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून से राहुल कुमार निवासी अघोरिया बाजार मुजफ्फरपुर बिहार एवं जितेश कुमार निवासी रूनी शैदपुर सीतामढ़ी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार एडमिट कार्ड एवं चार अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा के डिसप्ले की छाया प्रति बरामद की है। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा धांधली को लेकर सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त जितेश ने रायपुर देहरादून में ईडीयू च्वाइस कंसलटेंसी का कार्यालय खोला था। वहीं जितेश कुमार की मुलाकात दूसरे अभियुक्त राहुल कुमार से हुई। जितेश कुमार ने राहुल कुमार को भी अपने कार्यालय में पार्टनर बना लिया। दोनों के द्वारा सोशल मीडिया के जरिए विभिन्न कॉलेजों में एडमिशन कराने के लिए विज्ञापन जारी कराया गया। एडमिशन के विज्ञापन जारी होने पर कुलबीर निवासी हरियाणा, देहरादून स्थित आईटी पार्क के निकट सेंट जेवियरर्स स्कूल कनाल रोड धोरन्फ्ड के नाम से ऑनलाइन परीक्षा की लैब है, ने जितेश कुमार व राहुल कुमार से संपर्क कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कहा कि सभी लोग मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में कंप्यूटर सिस्टम हैक कर नकल कराने का काम किया जायेगा। इस दौरान कुलबीर के साथ इनकी मुलाकात गौरव निवासी बिजनौर से हुई, जिसकी जान पहचान अन्य लैब में भी थी, जिसके जरिये ये लोग अन्य लैब में भी परीक्षा के दौरान हैकिंग कर नकल कराने का काम करते थे।

## आजमगढ़ में सबीहा अंसारी होंगी बसपा प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा ने दो मुस्लिम प्रत्याशी समेत तीन लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। रविवार को घोषित प्रत्याशियों में आजमगढ़ से मुस्लिम प्रत्याशी सबीहा अंसारी और संत कबीर नगर सीट पर सैय्यद दानिश को उतारा है। बहुप्रतीक्षित अमेठी सीट पर रवि प्रकाश मौर्या को उम्मीदवार बनाया है।

राजधानी स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने 9वीं सूची जारी की है। सूची में आजमगढ़ सीट पर बसपा ने रणनीति के तहत अपने प्रत्याशी भीम राजभर की जगह सबीहा अंसारी को टिकट दिया है। प्रत्याशी बदलने के पीछे विशेषज्ञों का कहना है कि मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए मायावती ने कदम उठाया है, क्योंकि सपा द्वारा धर्मेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाया है और सपा में गए गुड्डू जमाली उनके समर्थन में प्रचार करेंगे।

## 50 वर्ष पूरे कर चुके अक्षम कर्मियों को रिटायर करने का आदेश वापस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बिजली कर्मियों के विरोध के बाद आदेश किया गया निरस्त

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में 50 वर्ष पूरे कर चुके अक्षम बिजली कर्मियों को रिटायर करने संबंधी आदेश वापस ले लिया गया है। बिजली कर्मियों के विरोध के बाद कॉरपोरेशन ने आदेश निरस्त कर दिया।

पावर कॉर्पोरेशन ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर अक्षम कर्मियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया था। कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चंद्र अग्रवाल ने निगम के सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र जारी कर स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया था। जारी निर्देशों में कहा गया था कि 30 सितंबर 2023 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके समूह ग व घ के कर्मियों को चिन्हित किया जाए। ऐसे कर्मियों की कार्य कुशलता का अध्ययन किया जाए और कार्य कुशलता कम होने की स्थिति में उन्हें 60 साल की सेवा के पहले रिटायर किया जाए। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी बब्बू ने इस आदेश का विरोध करते हुए शासन से शिकायत की थी। उनका कहना था कि समय से पूर्व रिटायर करने का फैसले से कर्मियों का मनोबल तोड़ा जा रहा है।


प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुस्तक का विमोचन करते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

## 'डॉ आंबेडकर का भारत चाहते थे राजीव गांधी' पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में 'डॉ आंबेडकर का भारत चाहते थे राजीव गांधी' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को राजेश गौतम ने लिखा है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने तौर पर पुस्तक का विमोचन किया।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में 15 हजार करोड़ रुपये की आरडीएसएस और 25 हजार करोड़ रुपये से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना में कई अनियमितताओं का आरोप लगाया है। परिषद ने योजनाओं की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि जनहित में इसका खुलासा होना चाहिए। दोनों योजनाएं सीधे बिजली उपभोक्ताओं से जुड़ी हैं। उन्होंने सवाल किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चीन निर्मित उपकरण लगे होने के बाद भी मीटर को अनुमोदित करने वाले अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? ये अभियंता अब भी मीटर निर्माता कंपनियों से मिलकर 'खेल' कर रहे हैं।

### वर्ग पहेली-54

**बाएं से दाएं**

1. प्राकृतिक रूप में भूगर्भ से प्राप्त होने वाला तेल; (पेट्रोलियम)।
3. पहनने के कपड़ों की घुंडी फँसाने का फंदा; पाशक।
7. समुद्र में ज्वार के बाद लहरों की वह स्थिति जब वे उतार पर होती हैं।
8. स्वर्ग में निवास करने वाला।
9. 1. तड़क-भड़क 2. वैभव; सुख-समृद्धि 3. ऐश्वर्य का प्रदर्शन; आडंबर।

**ऊपर से नीचे**

2. दूसरों की संपत्ति अनुचित रूप से हड़पने वाला।
4. 1. कसने
5. अपनी सहायता से किसी को लेटने की स्थिति में लाना।
6. दे. हंबा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 | 4 | | ■ | 5 | ■ |
| 6 | ■ | 7 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 8 | |
| ■ | 9 | | | | ■ | ■ |

### वर्ग पहेली -53 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 झि | ■ | ■ | 2 फि | ■ | ■ |
| ■ | 3 मि | क | दा | र | ■ | 4 जु |
| 5 फ़ि | ट | ■ | ■ | 6 क | पू | त |
| ■ | 7 ना | 8 ग | फ | नी | ■ | वा |
| 9 बा | ■ | वे | ■ | ■ | ■ | ना |
| ति | ■ | ष | ■ | ■ | 10 फॉं | ■ |
| नी | ■ | 11 क | च | वाँ | सी | ■ |

# यूट्यूबर अनुराग को बनाया स्वीप आइकन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** 20 मई को लखनऊ में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिये रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जिला प्रशासन और एकत्व वेलफेयर की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिये वोटर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अभियान में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, 1090 महिला पावरलाइन की एसएसपी रुचिता चौधरी और एकत्व वेलफेयर के अध्यक्ष आयुष कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूट्यूबर अनुराग डोभाल और आरजे आलोक भी शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनुराग डोभाल को आईडी कार्ड पहनाकर जनपद का स्वीप आकइन बनाया।

कार्यक्रम में युवाओं को मतदान करने की जागरूकता को समझने के साथ-साथ 20 मई को छुट्टी नहीं मनाना है, बल्कि मतदान करने जाना है, का संदेश दिया। दृष्टि सामाजिक संस्थान से विशेष बच्चे भी उपस्थित रहे। जिनके माध्यम से भी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

# योगी के गुण गा रहे पूर्व क्रिकेटर पीटरसन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एक्स पर साझा की एयरपोर्ट की तस्वीर

▸▸ कहा- आज तक नहीं देखा इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल

**अमृत विचार :** दक्षिण अफ्रीकी मूल के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन योगी के विकास कार्यों के गुण गा रहे हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर सबसे बड़े एयरपोर्ट तक देख चुके केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लखनऊ एयरपोर्ट की तस्वीर वायरल की। आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के बारे में कहा कि उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा।


लखनऊ एयरपोर्ट पर केविन पीटरसन।

पीटरसन ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले केविन पीटरसन तकरीबन पूरी दुनिया घूम चुके हैं। लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन ने पोस्ट में लिखा- लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### सुडोकू -133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | |
| | 1 | | | 4 | 8 | | | |
| 9 | | | 3 | | 8 | | | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 7 | 2 | | | | | 3 | | |

### सुडोकू -132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07 .57 तक तत्पश्चात पष्ठी।

**मेष** – आज नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग तो मिलेगा लेकिन यह पर्याप्त नहीं होगा। काम को लेकर शंका रहेगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे। किसी रिश्तेदार के द्वारा भी आपकी सहायता की जाएगी।

**वृष** – आज मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा और आप पहले से ज्यादा तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने का विचार मन में आएगा। किसी अपने के द्वारा आपको खुशी मिलेगी।

**मिथुन** – आज परीक्षा को लेकर चिंता रह सकती है और ज्यादातर समय पढ़ाई में ही व्यतीत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ लोगों का साथ मिलेगा और उनके द्वारा मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

**कर्क** – आज यदि आप सिंगल हैं तो किसी के साथ सकारात्मक बातचीत शुरू होगी। ऐसे में शुरू में ही उत्तेजित होने से बचें अन्यथा बात बिगड़ सकती है। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। अपनी कार्य क्षमता का कुशल उपयोग करेंगे। आपकी प्रतिभा को विस्तार मिलेगा।

**सिंह** – आज शारीरिक रूप से एकदम स्वस्थ रहेंगे और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। पुरानी बीमारी से आराम मिलेगा लेकिन घरवालों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। मन में नये काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या** – आज यदि किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो उनके साथ कुछ बातों को लेकर अनबन होगी लेकिन यदि आपने धैर्य से काम लिया और उन्हें समझने का प्रयास किया तो स्थिति संभल जाएगी। प्रेम संबंधों का आनन्द उठायेंगे। धार्मिक स्थलों पर जाने का अवसर बनेगा।

**तुला** – आज दिन शुभ तो रहेगा लेकिन किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा लेकिन उनकी भी आपसे किसी बात को लेकर अपेक्षा रहेगी। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज मानसिक रूप से कोई समस्या रह सकती है। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे। उल्टी होने की समस्या हो सकती है। नव-दम्पति को सन्तान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं।


**धनु** – आज विवाह को कुछ समय हो गया है तो आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है। आप दोनों के बीच कुछ ऐसा होगा जो मीठी याद बनकर रह जाएगा। साझेदारी में किये जा रहे व्यापार से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

**मकर** – आज राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं तो आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहें क्योंकि वे आपकी गलतियों को पकड़ कर उन्हें बड़ा बनाने का प्रयास कर सकते हैं। आपकी महत्वाकांक्षायें बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** – आज निजी नौकरी करते हैं और किसी प्रोजेक्ट पर कुछ महीनों से काम कर रहे थे तो आज के दिन उसमे असफलता हाथ लग सकती है। बॉस भी आपको लेकर आशंकित रहेंगे और काम से खुश नहीं होंगे।

**मीन** – आज विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे हैं तो किसी का रिश्ता तो आएगा लेकिन किसी कारणवश बात आगे नही बढ़ पाएगी। ऐसे में उदास होने की बजाए सकारात्मक रवैया अपनाएंगे तो बेहतर रहेगा। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 30 अप्रैल 04 .42 तक तत्पश्चात उत्तरषाढ़ा।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम – सुबह : 11.16
खेल – रात : 08 .45

SONY PIX
द मास्क – सुबह : 10 .56
2012 – शाम : 06 .19

SONY MAX
स्टाइल – सुबह : 08 .00
शेफ – शाम : 06 .00

ZEE CINEMA
सिर्फ तुम – सुबह : 10 .50
कमांडो – रात : 08 .30

colors CINEPLEX
अचानक – सुबह : 07 .49
चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम :06 .00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

## एक नजर

### खूंखार गौंडर ग्रुप का सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित अपराध पर कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को गौंडर ग्रुप के खूंखार गैंगस्टर को हथियारों और हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गैंगस्टर के खिलाफ पहले से ही 14 मामले लंबित थे और वह हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अन्य जैसे संगठित अपराध में शामिल था। उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विक्की गौंडर गिरोह से जुड़ा एक गैंगस्टर शहर में सक्रिय है और जालंधर और अन्य शहरों में अवैध हथियारों की आपूर्ति सहित कई अपराधों में शामिल है। उन्होने कहा कि मुखबिर द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, स्पेशल सेल टीम ने सुरिंदर कुमार पुत्र सोम नाथ निवासी जालंधर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

### मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुनर्मतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें भी सामने आयी थीं।

### नाकाबंदी में वाहन की जांच कराने से मना करने पर भाजपा का निलंबित नेता गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर जिले की पुलिस ने भाजपा से निलंबित नेता उस्मान गनी को पुलिस नाकाबंदी के दौरान अपने वाहन की जांच कराने से इनकार करने पर एतियातन गिरफ्तार किया है। राजस्थान में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई टिप्पणी पर गनी ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद पिछले सप्ताह भाजपा ने उन्हें बीकानेर के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया था। बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजवानी गौतम ने बताया कि गनी को शनिवार को हिरासत में लिया गया और रिहाई के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीएम) के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि गनी को मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थाने के बाहर नाकाबंदी के दौरान वाहन की जांच के लिए रोका गया था।

### नवी मुंबई में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी और पीड़िता उलवे इलाके में एक ही इमारत के रहते हैं। एनआरआई सागरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शनिवार की शाम जब पीड़िता आरोपी के घर खेलने के लिए गई थी तब उसने कथित तौर पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले भी बच्ची का यौन उत्पीड़न कर चुका है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को बच्ची ने इस संबंध में परिजनों को बताया। उन्होंने बताया कि माता-पिता की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में रविवार को एक ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी करने के लिए सुपौल जा रही थी। पुलिस ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी, तभी एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार पुलिस के दो कांस्टेबल अशोक कुमार उरांव (पूर्णिया निवासी) और पवन महतो (बेतिया निवासी) के रूप में की गई है।

# शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया पर नवाबों के अत्याचारों पर चुप हैं : मोदी

## कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कानून और व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर भी किए प्रहार

**बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों के किए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर के मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा।

मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा और उनकी बहन दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इसे होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस



● पीएम ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे

को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा...। जनसभा में मोदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। उन्होंने राजाओं और महाराजाओं पर गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया... शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी शख्सियतों का अपमान किया है जिनकी देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया। शहजादे मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते। औरंगजेब ने कई मंदिरों को अपवित्र किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस उन दलों के साथ खुशी-खुशी गठबंधन कर रही है, जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थानों को नष्ट किया, हत्याओं, गौ हत्या में शामिल रहे।

### जिन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें मतदाता खारिज कर देंगे

**सिरसी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया, उन्हें मौजूदा लोकसभा चुनाव में जनता खारिज कर देगी। मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर फैसला देश की आजादी के अगले दिन ही ले लिया जाना चाहिए था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हीं ताकतों ने अंतिम क्षण तक यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राम मंदिर न बने और आखिरी दिन भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उत्तर कन्नड जिले के इस तालुका मुख्यालय शहर की जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके दरबारियों ने 70 वर्षों तक कोशिश की है कि राम मंदिर नहीं बनाया जाना चाहिए।

# अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल गांधी

**कटक, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।



● कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में बीजद और भाजपा पर साझेदारी का लगाया आरोप

गांधी ने कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में दावा किया कि भले ही बीजद और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को पीएएनएन दिया है, अर्थात् पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ का था। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि तेलंगाना में बीआरएस भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

# धनशोधन मामला: केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका पर आज सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार यानी 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस मामले पर सुनवाई कर सकती है।

केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि इस मामले में उनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक अभूतपूर्व हमला है। गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर दायर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का तरीका और समय एजेंसी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय हुई जब आदर्श आचार संहिता लागू थी। केजरीवाल ने दावा किया कि यह एक प्रमुख मामला है कि कैसे केंद्र ने आप और उसके नेताओं को कुचलने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी और इसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इसमें दावा किया गया है कि चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के पांच दिन



● केंद्र सरकार ने आप नेताओं को कुचलने के लिए ईडी और उसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया

### आप के चुनाव प्रचार गीत पर निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगाया: आतिशी

**नई दिल्ली।** आप ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पार्टी के चुनाव प्रचार गीत 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि यह सत्तारूढ़ भाजपा और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। आप के इस दावे पर निर्वाचन आयोग ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। आप नेता आतिशी ने कहा कि यह संभवत: पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है। इस गीत में भाजपा का जिक्र नहीं है और यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करता। इसमें तथ्यात्मक वीडियो और घटनाएं शामिल हैं।

बाद ईडी ने मौजूदा मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय विपक्षी दलों में से एक के राष्ट्रीय संयोजक को अवैध रूप से पकड़ लिया। केजरीवाल ने कहा कि समान अवसर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की पूर्ववर्ती जरूरत है, लेकिन उनकी अवैध गिरफ्तारी से इसका उल्लंघन हुआ है। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

### भाजपा के कार्यक्रमों के बहिष्कार का सर्वखाप ने लिया निर्णय

**भिवानी।** हरियाणा के चरखी दादरी में सर्वखाप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंगलवार को होने वाली रैली समेत भाजपा व जजपा के नेताओं के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। सर्वखाप के मुताबिक रविवार को हुई बैठक में कहा गया कि चुनाव के दौरान नेताओं के चक्कर में आपसी भाईचारा खराब नहीं होने देंगे। दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में सर्वखाप की बैठक हुई, जिसमें सांगवान, श्योराण, फोगाट सहित आधा दर्जन खापों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सांसद प्रज्वल की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एसआईटी गठित

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए रविवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया। कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया।

रेवन्ना हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद(एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की एसपी सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में प्रसार किया गया है।

# प्रियंका को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नकली गांधी बताया

**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर प्रहार करते हुए दावा किया कि वह नकली गांधी हैं और वोट पाने के लिए इस उपनाम का इस्तेमाल कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुना क्षेत्र के म्याना कस्बे में शनिवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को राजस्थान की रैली में कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमाई और मूल्यवान चीजों को घुसपैठियों और उन लोगों को देने की है, जिनकी अधिक संतान हैं। यह पार्टी सत्ता में आने पर माताओं और बहनों का सोना चुरा लेगी। बाद में, प्रियंका ने सोना और मंगलसूत्र संबंधी मोदी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र कुर्बान किया। कांग्रेस महासचिव पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि अपनी प्रपौत्री के मंगलसूत्र नहीं पहनने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आत्मा आंसू बहा रही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां, बेटी के विदा होते ही ससुराल का सरनेम लगा देते हैं लेकिन ये वोट के भूखे लोग अपना सरनेम भूल कर गांधी उपनाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### धार्मिक पोस्टर पर तस्वीर को लेकर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस

**कोरबा/रायगढ़।** निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टर और बैनर पर उनकी तस्वीर को लेकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की शिकायत के बाद कोरबा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे को नोटिस जारी कर उनसे 29 अप्रैल तक जवाब मांगा। शिकायत अनुसार भाजपा ने शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के चिरमिरी में धीरेंद्र गिरि शास्त्री के कार्यक्रम के लिए पांडे और राज्य के मंत्रियों की तस्वीरों वाले बैनर और पोस्टर लगाए थे।

## कारोबार/कृषि

### हिंदुजा की शाखा से समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहें : आरकैप

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के ऋणदाताओं ने समाधान योजना की धीमी प्रगति पर चिंता जताई है। उन्होंने हिंदुजा समूह की शाखा इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड से जरूरी नियामक मंजूरियां लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने और 27 मई की समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहने को कहा है। इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में आरकैप के ऋणदाताओं ने कहा कि कंपनी को उक्त तिथि तक उन्हें 9,650 करोड़ का भुगतान करना है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मुंबई ने 27 फरवरी को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए आईआईएचएल को 90 दिनों में यानी 27 मई तक समाधान योजना को लागू करने का निर्देश दिया था।

### हिमाद्री स्पेशलिटी पश्चिम बंगाल में 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की विशेष रसायन कंपनी हिमाद्री स्पेशियलिटी 220 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ पश्चिम बंगाल में एक विस्तार परियोजना में अपनी विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता का विस्तार करेगी। कंपनी के अधिकारी ने रविवार को कहा कि यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के बीच यूरोप से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विस्तार की परिकल्पना की गई है। हुगली जिले के सिंगूर में स्थित इस विस्तार का परिचालन अगले 18 महीनों में करने का लक्ष्य है। इसका वित्त पोषण आंतरिक स्रोतों से किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि 70,000 टन प्रति वर्ष की यह अतिरिक्त क्षमता कंपनी की विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता को 1.3 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाएगी, जिससे संचयी क्षमता मौजूदा 1.8 लाख टन से बढ़कर 2.5 लाख टन हो जाएगी। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुराग चौधरी ने कहा कि हम विशिष्ट कार्बन ब्लैक की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद करते हैं, खासकर यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के साथ।

# मौद्रिक नीति से ज्यादा प्रभावित हो सकता है शेयर बाजार

## इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव, लक्ष्य और पथ दोनों कारकों से होता है प्रभावित

**मुंबई, एजेंसी**

भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक की नीति घोषणा के दिन नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में शेयर बाजार मौद्रिक नीति की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे। आरबीआई के अधिकारियों के शोध पत्र के अनुसार मौद्रिक नीति के साथ ही घोषित किए जाने वाले विनियामक और विकास उपाय भी शेयर बाजारों को प्रभावित करते हैं। शोध पत्र में कहा गया कि भविष्य में इक्विटी बाजार नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में मौद्रिक नीति को लेकर बाजार की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे।

इसमें कहा गया कि नीतिगत घोषणा के दिन इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव ''लक्ष्य



और पथ' दोनों कारकों से प्रभावित होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार नीतिगत घोषणाओं को पचा लेते हैं और व्यापारी पूरे दिन अपने पोर्टफोलियो को समायोजित करते हैं। 'इक्विटी बाजार और मौद्रिक नीति के आश्चर्य' शीर्षक वाले इस शोध पत्र को भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के मयंक गुप्ता, अमित पवार, सत्यम कुमार, अभिनंदन बोरड और सुब्रत कुमार सीट ने तैयार किया गया है।

### अमेरिका में ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे।

### एफआईयू ने जारी की पूंजी बाजारों के लिए धन शोधन और आतंकी वित्तपोषण पर चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने पूंजी बाजारों, बीमा कंपनियों, ऑनलाइन भुगतान गेटवे मध्यवर्तियों और क्रिप्टो मुद्रा सेवा प्रदाताओं के लिए ताजा चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी धन शोधन रोधी और आतंकवाद विरोधी वित्तपोषण व्यवस्था के तहत इनके चैनलों में संदिग्ध लेनदेन की प्रभावी जांच के लिए जारी की गई है। ये नए दिशानिर्देश 2022-23 वित्त वर्ष के दौरान धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत जारी किए गए हैं। इन्हें हाल ही में जारी रिपोर्ट में प्रकाशित किया गया है। ये दिशानिर्देश धन शोधन विरोधी और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने व्यवस्था का हिस्सा है।

वित्तीय संस्थानों और बिचौलियों को संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट को एफआईयू के साथ साझा करना अनिवार्य है। एफआईयू बाद में इनका विश्लेषण करती है और उन्हें विभिन्न जांच तथा खुफिया एजेंसियों के साथ कार्रवाई के लिए साझा किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन पूरक दिशानिर्देशों ने प्रतिभूति बाजार लेनदेन के संबंध में एफआईयू को जानकारी हासिल करने के तरीके में एक रणनीतिक बदलाव किया है। ये चेतावनी संकेतक बाजार अवसंरचना संस्थानों - शेयर बाजार और डिपॉजिटरी - में उभरते जोखिमों का समाधान करेंगे।

# अधिकांश खाद्य तेलों में आई तेजी, दालें महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपये, सोया रिफाइंड 659 रुपये और वनस्पति तेल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293



रुपये और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

वहीं, पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि, नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया।

● पहले के आदेश को किया संशोधित ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा

शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा कि सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो। सेबी ने जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

### एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि, 3 फर्मों ने सेबी को मसौदा पत्र भेजा

**नई दिल्ली।** परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों एएमसी व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको ने मार्च-अप्रैल के दौरान इस थीम पर मसौदा पत्र सेबी को भेजा हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं।

# इस्पात आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत : नरेन्द्रन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टीवी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है।

नरेन्द्रन ने कहा कि यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है। मांग पर एक

● भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंचा

अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस्पात उत्पादक चीन सहित कुछ देशों से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां भी आयात पर अंकुश लगाने और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग कर रही हैं। नरेन्द्रन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एफटीए की समीक्षा करना आसान होगा।

### अडाणी कॉनेक्स आठ वैश्विक बैंकों से जुटा रही 1.44 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** अडाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम के लिए अडाणी कॉनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने बताया कि उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड तीन साल में नए डेटा सेंटर कारोबार पर 1.5 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। एजकॉनेक्स के साथ इसका संयुक्त उद्यम बढ़ती डिजिटल सेवाओं की मांग के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 2030 तक एक गीगावाट की कुल क्षमता वाले नौ डेटा सेंटर बनाने की तैयारी कर रहा है।

# उत्तर भारत में लू से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी



आने वाले कुछ दिन उत्तर भारत में लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चली हैं। हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान में कुछ जगह ओले गिरे हैं। तूफानी गतिविधियां भी दर्ज की गई हैं। इन सबके चलते उत्तर भारत के राज्यों में लू की आशंका कम है।

ऐसे में दिन के तापमान में 4-5 डिग्री की कमी हो सकती है। हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की आशंका है। इस बीच, ओडिशा के भुवनेश्वर में रविवार को दिन का तापमान 44.6 डिग्री रहा। जम्मू-कश्मीर के कई क्षेत्रों में बारिश हुई। अगले कुछ दिन यह जारी रहेगी। वहीं पंजाब और हरियाणा के लिए ऑरेंज अलर्ट है। यहां धूलभरी तेज हवाएं चल रही हैं। मैदानी इलाकों में सोमवार को गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं पूर्वी भारत, पश्चिम बंगाल के गंगा के किनारे के इलाके और ओडिशा में कुछ दिन और हीटवेव की आशंका है। इन क्षेत्रों में तापमान 45-47 डिग्री से ऊपर पहुंच सकता है। बिहार, झारखंड जैसे पूर्वी राज्यों और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कोंकण जैसे दक्षिणी क्षेत्रों में भी अगले 2-5 दिन तक हीटवेव की आशंका है। हिमाचल के 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश रविवार को भी जारी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, मई में प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ेंगी और जून के पहले पखवाड़े तक जारी रहेंगी।

### गर्मियों में अतिरिक्त उड़ानों का शेड्यूल तैयार

गर्मी की छुट्टियों और आम चुनाव के चलते हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अप्रैल से जून के बीच 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा। उड़ानों के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने समर शेड्यूल बनया है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, चुनाव के साथ ही नए हवाई अड्डों से यात्रियों की डिमांड बढ़ी है। इसलिए 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का शेड्यूल तय किया गया है। 13 विमानन कंपनियां नियमित उड़ान के अलावा अतिरिक्त उड़ानें चलाएंगी। इनमें विस्तारा, स्पाइस जेट, इंडिगो की, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अन्य विमानन कंपनियों की उड़ानें हैं।

## चीनी दमन से विश्व को अवगत कराना चाहती है तिब्बती लड़की

**धर्मशाला।** महज 15 साल की उम्र में स्वतंत्र तिब्बत की मांग को लेकर चीन में जेल जा चुकी एक तिब्बती लड़की ने कहा है कि वह 'चीनी दमन' से दुनिया को अवगत कराना चाहती है।

दलाई लामा के चित्रों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और तिब्बत को 'स्वतंत्र' करने की मांग के कारण तिब्बती लड़की नामकी और उसकी बहन को चीनी अधिकारियों ने तिब्बती काउंटी नगाबा में 21 अक्टूबर, 2015 को पकड़ लिया और उन्हें तीन साल के लिए जेल में बंद कर दिया। तब नामकी की उम्र महज 15 साल थी। नामकी ने बताया कि तिब्बत में 'चीनी दमन' के बारे में दुनिया भर के लोगों को जागरूक करने के अपने 'दृढ़' संकल्प के साथ 10 दिनों की कठिन पैदल यात्रा के बाद नेपाल में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद पिछले साल जून में वह भारत पहुंचीं है।

# कार हादसे में मौत की वजह कहीं सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम तो नहीं... आइए जानें

*सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम सुरक्षा के लिए एक आम फीचर बन गया है। ड्राइवर का दरवाजा लॉक करते हैं, तो यह सभी दरवाजों को लॉक कर देता है। कई हादसे आए-दिन होते हैं, जब कार का सेंट्रल लॉक न खुलने से जान पर बन आती है। ऐसे में आज जरूरत की खबर में कार में सेंट्रल लॉक न खुलने की सिचुएशन में जान बचाने के लिए क्या करना चाहिए। साथ ही जानेंगे कि कार से जुड़ी सेफ्टी टिप्स के बारे में।*

### कैसे काम करता है सिस्टम

प्रत्येक कार की चाबी में एक यूनिक कोड शामिल होता है जो वाहन के अलार्म सिस्टम से इंटरैक्ट करता है। जब कार को चाबी से लॉक किया जाता है तो इंजन इम्मोबिलाइजर एक्टिव हो जाता है। गाड़ी का सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम इंजन के इम्मोबिलाइजर को एक्टिव करके इसे स्टार्ट होने से रोकता है।

### हादसे के समय क्या करें

सबसे पहले एक्सीडेंट होने पर आप आत्मविश्वास न खोएं। कार में आगे की सीट पर लगे हेडरेस्ट को आसानी से निकालें। हेडरेस्ट के मेटल वाले हिस्से को खिड़की के अंदर जाने वाली जगह पर फंसा कर कांच तोड़ सकते हैं। गहरी सांस लेकर हिम्ममत रखना बहुत जरूरी है



### क्यों फेल होता है यह सिस्टम

गाड़ी में टक्कर के बाद उसमें लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और वायरिंग को भी क्षति पहुंचती है, जिस कारण यह सिस्टम काम करना बंद कर देता है, और दरवाजे न खुलने के कारण यात्री अंदर ही फंसे रह जाते हैं।

### कार में सेंट्रल लॉक को लेकर बरतें ये सावधानी

- कार में सेंट्रल लॉक लगवाते समय बजर जरूर लगवाएं। ताकि अंदर हलचल होने पर बजने लगे और आप अलर्ट हो सकें।
- कार से उतरते समय उसे पूरी तरह अंदर चेक कर लें। कई बार बच्चे बंद कार के अंदर ही रह जाते हैं।
- कार से उतरने के बाद तुरंत ही लॉक कर दें ताकि अनदेखी में कोई अंदर घुसकर न बैठ सके।
- घर के अंदर कार पार्क करते समय विंडो ग्लास बहुत हल्का सा खुला रहने दें ताकि क्रॉस वेंटिलेशन बना रहे। इससे अंदर ऑक्सीजन भी जाती रहेगी और अंदर की आवाज भी बाहर आएगी।
- अगर कार में बच्चों के साथ सफर करके वापस आए हैं तो उतरने के बाद लॉक करने से पहले एक बार कार के अंदर डिग्गी चेक कर लें कि कोई बच्चा छिपकर तो नहीं बैठा है।
- कार के सेंट्रल लॉक सिस्टम का डुप्लीकेट रिमोट घर में ऐसी जगह पर रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी और आसानी से मिल सके।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में राजदान दर्रे पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा संगठन (बीआरओ) ने रविवार को दर्जनों यात्रियों को निकाल लिया, जिनके वाहन जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा-गुरेज रोड पर बर्फबारी के कारण फंस गए थे। अधिकारियों ने बताया कि तूफान प्रभावित राजदान दर्रे पर फंसे 35 वाहनों के बारे में जानकारी मिलते ही बीआरओ कर्मी कार्रवाई में जुट गए। उन्होंने कहा कि बीआरओ टीम ने वाहनों को सुरक्षित निकालने से पहले यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की। गुरेज घाटी और बांदीपुरा जिले के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण सड़क अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है।

### हिमाचलः 150 फीट गहरी खाई में गिरी कार, दो की मौत, दो घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आने वाले उपमंडल ठियोग के क्यारटू में सड़क हादस हो गया है। कार अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। धर्मपुर क्षेत्र की प्रधान वनिता वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात क्यारटू के पास एक कार दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया है कि, मृतक युवक अभिषेक (23) पुत्र राजू गांव कंडी पोस्ट ऑफिस दूसरा मृतक युवक अंकुश (25) पुत्र योगेंद्र गांव शोशना पोस्ट ऑफिस धर्मपुर का रहने वाला था। दो घायल युवक दिलीप वर्मा (25) पुत्र हीरा गांव पनियाली दूसरा युवक ललित पुत्र मनोहर लाल गांव मनोग को आईजीएमसी लाया गया है। जिनका इलाज चल रहा है।

### नवलनी समूह के लिए काम करने के वाले दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

**लंदन।** रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर किया है। रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा।

### पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को एक आतंकवादी मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। सेना के बयान के अनुसार, मुठभेड़ तब हुई जब आतंकवादियों ने जिले के संजावी रोड पर चलने वाले यात्री वाहनों को रोकने की कोशिश की। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षा बलों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और आतंकवादियों से प्रभावी ढंग से मुकाबला किया। गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारा गया जबकि एक अन्य घायल हो गया। आईएसपीआर के अनुसार, आतंकवादियों की किसी भी संभावित उपस्थिति को खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा था।

# गुजरात में पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 14 गिरफ्तार

## अरब सागर में सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में 86 किग्रा मदक पदार्थ बरामद

अहमदाबाद, एजेंसी

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को कहा कि एक पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने कहा कि अरब सागर में रातभर संयुक्त ऑपरेशन चलाकर आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है।




पाकिस्तानी नाव से पकड़े गए चालक दल के 14 सदस्यों के साथ मौजूद भारतीय तटरक्षक बल।

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने कहा, "रातभर के एक रोमांचक ऑपरेशन में भारतीय तटरक्षक बल ने 28 अप्रैल 24 को समुद्र में खुफिया-आधारित मादक द्रव्य-रोधी अभियान चलाया। पाकिस्तानी नाव से 14 चालक दल के साथ 600 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ पकड़ा गया है। तटरक्षक बल ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि पाकिस्तानी नाव से किस तरह के नशीले पदार्थ बरामद हुए थे। ऑपरेशन के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था, इसमें कहा गया है कि आईसीजी जहाज राजरतन का इस्तेमाल एनसीबी और एटीएस अधिकारियों की मदद से संदिग्ध नाव की पहचान करने के लिए किया गया था।

तटरक्षक बल ने कहा, ड्रग से लदी नाव द्वारा अपनाई गई कोई भी टालमटोल की रणनीति इसे तेज और मजबूत आईसीजी जहाज राजरतन से नहीं बचा सकी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध नाव पर चढ़ गई और पूरी जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की।

समुद्री सुरक्षा एजेंसी की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है।

### संदेशखालिःसीबीआई जांच के विरुद्ध आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के इस मामले की सुनवाई करने की संभावना है। याचिका में, राज्य सरकार ने कहा है कि हाईकोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशानिर्देश के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री होंगे विदेश मंत्री इशाक डार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार को अब नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें देश का उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, डार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आदेश से उप प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।

बता दें, डार कश्मीरी मूल के नागरिक हैं। वे पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता हैं। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं।



चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार शरीफ परिवार के करीबी सहयोगी हैं और पिछली दो सरकारों में वित्त मंत्री रह चुके हैं।

## इराक में समलैंगिक संबंध अपराध, कानून पारित

काहिरा, एजेंसी

- कानून तोड़ने पर 15 साल की सजा का किया गया प्रावधान

इराक की संसद ने शनिवार को देह व्यापार व समलैंगिक विवाह को अपराध घोषित करते हुए कानून पारित कर दिया। कानून तोड़ने पर 15 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

इराक ने इस कदम को धार्मिक मूल्यों को कायम रखने के लिए जरूरी बताया तो अमेरिका ने कानून को मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खतरा करार दिया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से इराक के लोगों को सबसे अधिक खतरा है। इसका उपयोग इराक में स्वतंत्र भाषण-अभिव्यक्ति एवं एनजीओ के कार्यक्रमों में बाधा डालने के लिए किया जा सकता है। यह कानून समाज में कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित कर देगा। अमेरिका ने कहा कि यह इराक की अर्थव्यवस्था की विविधता और विदेश निवेश को आकर्षित करने की क्षमता को कमजोर करेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार गठबंधन ने पहले ही संकेत दिया है कि इराक में इस तरह के भेदभाव से देश में व्यापार और आर्थिक विकास को नुकसान होगा।

### अतरंगी वेश-भूषा में प्रतिभा



**बेंगलुरु:** बेंगलुरु में रविवार को हर साल की तरह टीसीएस वर्ल्ड 10के मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें 28 हजार से अधिक एथलीट ने भाग लिया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज वर्ल्ड (टीसीएस) 10के बेंगलुरु के 16वें संस्करण को देश और दुनिया भर के नए रूट परीक्षण धावकों के साथ रवाना किया गया। तरह-तरह के वेश-भूषा धारण करके प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ● एजेंसी



## भारत की यात्रा टालकर चीन पहुंचे टेस्ला के सीईओ मस्क

**बीजिंग।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क रविवार को चीन के दौरे पर पहुंचे हैं। मस्क की भारत यात्रा के स्थगित होने के एक सप्ताह बाद उनकी चीन की यह यात्रा है। भारत में उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना की घोषणा करने का कार्यक्रम था।

एलन मस्क चीन में फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर के रोलआउट पर चर्चा करने और अपनी ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेक्नोलॉजी के लिए एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए देश में एकत्र किए गए डेटा को विदेशों में स्थानांतरित करने की मंजूरी प्राप्त करने के लिए बीजिंग में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मिलना चाह रहे हैं।

## चीन के साथ बातचीत जारी भारत अपनी शर्तों पर अडिग

अहमदाबाद, एजेंसी

- एलएसी विवाद पर राजनाथ की पड़ोसी देश को दो टूक

भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही है।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।



## इजराइल ने हमास के 12 ठिकानों को किया नष्ट, 22 की मौत

**गाजा।** इजराइली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। जबकि मध्य और दक्षिणी गाजा पर में शनिवार को हवाई हमले में लगभग 22 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए हैं।

आईडीएफ ने रविवार को कहा- लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

**अध्ययन** शोधकर्ताओं ने कहा-यातायात से संबंधी बीमारियों का 3 .2 प्रतिशत बढ़ जाता है जोखिम

# यातायात शोर हृदय रोग के लिए खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

यातायात के बढ़ते शोर से दिल का दौरा पड़ने समेत हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है। शोधकर्ताओं को यातायात के शोर और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे के बीच संबंध स्थापित करने वाले साक्ष्य मिले हैं और उन्होंने इस प्रकार के ध्वनि प्रदूषण को हृदय रोगों के लिए जोखिम के कारक के रूप में मान्यता दिए जाने का अनुरोध किया है।

शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने अध्ययन में साबित किया और महामारी विज्ञान डेटा की समीक्षा की, जो किसी निश्चित बीमारी के जोखिम कारकों की पहचान करने के लिए सबूत मुहैया कराते हैं। शोधकर्ताओं ने अपनी समीक्षा में पाया कि सड़क यातायात से होने वाले शोर में हर 10 डेसिबल की वृद्धि के साथ मधुमेह और दिल का दौरा सहित हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम 3.2 प्रतिशत बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि खासकर रात के समय नींद को बाधित करने वाला यातायात का शोर रक्त वाहिकाओं में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप और नाड़ी संबंधी रोग हो सकते हैं।

जर्मनी स्थित 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर मेंज' में वरिष्ठ प्रोफेसर और 'सर्कुलेशन रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुख्य लेखक थॉमस मुन्जेल ने कहा, ''हमारे लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि अब ठोस साक्ष्यों के कारण वाहनों के शोर को हृदय रोग का जोखिम बढ़ाने वाले कारक के रूप में पहचाना जा रहा है।

शोधकर्ताओं ने सड़क, रेल और हवाई यातायात से होने वाले शोर को कम करने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों को कुछ रणनीतियां अपनाने के सुझाव भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले इलाकों में व्यस्त सड़कों पर शोर अवरोधक लगाने से शोर के स्तर को 10 डेसिबल तक कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि शोर कम करने वाले डामर का उपयोग करके सड़कें बनाने से शोर के स्तर को तीन से छह डेसिबल तक कम किया जा सकता है।

### ऐसा क्यों होता है, रिसर्च में शामिल लोगों पर किया शोध



रिसर्च में शामिल लोगों पर शोर का क्या असर पड़ रहा है, इसे समझने के लिए उनकी ब्रेन स्कैनिंग की गई। रिपोर्ट में सामने आया कि शोर बढ़ने पर उनके ब्रेन के उस हिस्से पर बुरा असर पड़ा है जो तनाव, बेचैनी और डर को कंट्रोल करने के लिए जिम्मेदार होता है। जब तनाव और बेचैनी बढ़ती है तो शरीर इनसे लड़ने के लिए एड्रिनेलिन और कॉर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है। तनाव और बेचैनी की स्थिति में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, पाचन क्षमता कम हो जाती है। शरीर में फैट और शुगर का सर्कुलेशन तेज हो जाता है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है।

## बॉलीवुड हलचल

### बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी। 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुई थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। बैड न्यूज में तृप्ति डिमरी कॉमेडी करती नजर आएंगी। इस फिल्म में तृप्ति ऐसी ही महिला की भूमिका में होंगी, जिसकी पेट में विक्की और एमी अभिनीत पात्रों के जुड़वा बच्चे पल रहे होते हैं। फिर कहानी में इसी के इर्द-गिर्द कुछ ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जिससे हास्य की स्थिति उत्पन्न होती है। यह फिल्म 19 जुलाई को प्रदर्शित होगी।



### जॉली एलएलबी3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं अरशद

**मुंबई।** बॉलीवड में अपने कॉमिक अभिनय के लिए मशहूर अरशद वारसी जल्द ही राजस्थान में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।

### 27 जून को रिलीज होगी 'कल्कि'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। मेकर्स ने नया पोस्टर जारी किया है, इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं। 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी।